CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28° C
न्यूनतम : 23° C

मुरादाबाद, मंगलवार 12 अगस्त 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 363 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 17 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अखिलेश यादव के एजेंडे में नहीं है विकास: योगी

पेज 2



ओलंपियन अनु रानी ने जीता जैवलिन खिताब

खेल टाइम्स



शार्क हमलों से एक द्वीप बन गया 'अनुसंधान केंद्र'

सम्पादकीय



फलस्तीन को आजाद देश की मान्यता देगा ऑस्ट्रेलिया

पेज 12

## एयर इंडिया विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, बाल-बाल बचे कई सांसद

**नई दिल्ली।** केरल के तिरुवनंतपुरम से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की एक उड़ान को तकनीकी खराबी के बाद में चेन्नई में आपातकालीन लैंडिंग कराई गई और विमान में सवार कई सांसदों की जान बाल-बाल बच गई। विमान से यात्रा कर रहे कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस हवाई सफर को अत्यंत डरावना बताते हुए सोशल मीडिया एक्स पर अनुभव साझा करते हुए एक पोस्ट में उड़ान संख्या एआई 2455 की यात्रा को अत्यंत कष्टप्रद बताया और कहा कि इस यात्रा में वे 'त्रासदी के बेहद करीब' पहुंच गए थे। उन्होंने लिखा कि उड़ान पहले से ही विलंब थी। एयर इंडिया के इस विमान में कई सांसद और सैकड़ों यात्री थे। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हमें अभूतपूर्व स्थिति का सामना करना पड़ा। लगभग एक घंटे बाद कैप्टन ने उड़ान सिग्नल में खराबी की घोषणा की और विमान को चेन्नई की ओर मोड़ दिया।

# वोट चोरी मुद्दा: 300 विपक्षी सांसदों ने किया चुनाव आयोग पर प्रदर्शन

## राहुल-प्रियंका व अखिलेश को हिरासत में लिया, दो घंटे बाद छोड़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मतदाता सूची संशोधन और चुनाव में वोट चोरी के आरोप पर विपक्ष के 300 सांसदों ने सोमवार को संसद से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला।

इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया। पुलिस उन्हें संसद मार्ग पुलिस स्टेशन ले गई, जहां से 2 घंटे बाद रिहा कर दिया गया। हिरासत में लिए जाने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान बचाने की लड़ाई है। ये एक व्यक्ति-एक वोट की लड़ाई है, इसलिए हमें साफ वोटर लिस्ट चाहिए। वहीं प्रियंका गांधी ने कहा कि यह सरकार डरी हुई है और कायर है। मार्च के दौरान अखिलेश ने बैरिकेडिंग फांदकर आगे बढ़ने की कोशिश की। जब सांसदों को आगे नहीं जाने दिया गया, तो वे जमीन पर बैठ गए। प्रियंका, डिंपल समेत कई सांसद 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारे लगाते दिखे। प्रदर्शन के दौरान टीएमसी सांसद मिताली बाग और महुआ मोइत्रा की तबीयत बिगड़ गई। बेहोश हो गईं। राहुल गांधी और अन्य सांसदों ने उनकी मदद की। इससे पहले दोनों सदनों में इस मुद्दे पर भारी हंगामा हुआ। मार्च संसद के मकर द्वार से शुरू हुआ। सांसदों के हाथों में 'वोट बचाओ' के बैनर थे। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने कहा था कि इंडिया ब्लॉक ने मार्च के लिए कोई अनुमति नहीं मांगी है, इसलिए इलेक्शन कमीशन जाने से पहले ही मार्च को परिवहन भवन के पास बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया गया।




- प्रदर्शन में दो महिला सांसद हुईं बेहोश
- अखिलेश यादव ने बैरिकेडिंग फांदी

### दिल्ली-NCR के नागरिक प्रशासन व स्थानीय निकाय को सख्त निर्देश जारी

# आवारा कुत्तों की नसबंदी करें: SC

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर के नागरिक प्रशासन और स्थानीय निकाय को सख्त निर्देश जारी किए हैं, जिनमें आवारा कुत्तों को पकड़ने, उनकी नसबंदी करने और उन्हें आश्रय गृह में रखने के निर्देश शामिल हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में अड़ंगा डालता है, तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करें। लोगों पर आवारा कुत्तों के हमलों और रेबीज संक्रमण के कई मामले सामने आने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर इस मामले पर सुनवाई शुरू की थी। पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि एनसीटी-दिल्ली, एमसीडी, एनडीएमसी तुरंत आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू करें और खासकर उन इलाकों में जहां आवारा कुत्तों का खतरा ज्यादा है। पीठ ने स्थानीय निकायों को निर्देश दिया कि 8 हफ्तों में वे आवारा कुत्तों को रखने के लिए आश्रय स्थल बनाने की जानकारी दें। आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। अगर कोई व्यक्ति या संगठन इस काम में आड़े आए, तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करें।



- अड़ंगा डालने वालों पर कार्रवाई करें: सुप्रीम कोर्ट

## कबूतरों को दाना डालने वालों पर होगी एफआईआर

**नई दिल्ली।** पशु प्रेमियों के बाद पक्षी प्रेमियों को भी सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई के कबूतरखानों के मामले में सोमवार को सुनवाई की। अदालत ने बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेशों में दखल देने से इन्कार किया। अदालत ने कहा कि इस अदालत का समानांतर हस्तक्षेप उचित नहीं है। याचिकाकर्ता आदेश में संशोधन के लिए हाईकोर्ट जा सकता है। दरअसल हाईकोर्ट ने कबूतरों को दाना डालने के स्थान यानी कबूतरखाना से संबंधित आदेश में नगर निगम के आदेशों की अवहेलना करते हुए कबूतरों को दाना डालने वालों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। हाईकोर्ट के इन आदेशों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी।






## मानव संपदा पोर्टल पर लापरवाही

# केएम इंटर कॉलेज के दो बाबू सस्पेंड

**अभिषेक गुप्ता**

**धामपुर।** शिक्षा विभाग के भीतर भ्रष्टाचार और लापरवाही का एक बड़ा मामला धामपुर में उजागर हुआ है। केएम इंटर कॉलेज में शिक्षकों की नियुक्ति में गड़बड़ी, गलत जानकारी अपलोड करना और नियमों को ताक पर रखने का खेल सामने आया है। इस सनसनीखेज मामले में कॉलेज के वरिष्ठ बाबू हिरदेश कुमार सहित दो बाबुओं को निलंबित कर दिया गया है।




मामला मानव संपदा पोर्टल पर गलत जानकारी डालने से शुरू हुआ खेल पूर्व में तैनात जिलाधिकारी की बैठक में अनुमति लेकर ऑफलाइन प्रक्रिया से चार शिक्षकों की नियुक्ति को हरी झंडी दी गई थी। विगत नवंबर 2024 में तत्कालीन जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल की अध्यक्षता में कॉलेज कार्य समिति की बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक के दौरान अकाल ना स्थानांतरण के लिए चार पदों पर एनओसी ऑफलाइन दी गई थी। ऑफलाइन प्रक्रिया अभी चल ही रही थी कि विगत जून माह में मानव संपदा पोर्टल खुलने पर कॉलेज के बाबुओं ने पोर्टल पर इन सीटों को खाली दिखा दिया, जिससे माध्यमिक शिक्षा निदेशालय प्रयागराज ने उसी विषय में चार और शिक्षकों का ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया।

जब जुलाई के पहले सप्ताह में ऑनलाइन शिक्षक जॉइनिंग के लिए कॉलेज पहुंचे तो हड़कंप मच गया। पता चला कि एक ही विषय में आठ-आठ शिक्षक हो गए। चार ऑफलाइन से और चार ऑनलाइन से।

यह गड़बड़ी न केवल नियमों के खिलाफ थी, बल्कि शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में खुलेआम हेराफेरी का उदाहरण भी है। ऑफलाइन तथा ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत जब जुलाई के प्रथम सप्ताह में चार विषयों के लिए आठ शिक्षक कॉलेज पहुंचे तो प्रकरण उजागर होने पर हड़कंप मच गया।

### एसडीएम ने तलब किया जवाब दोषी पाए जाने पर गिरी गाज

मामले की शिकायत एसडीएम धामपुर रितु रानी तक पहुंची। उन्होंने तुरंत कॉलेज के बाबुओं से स्पष्टीकरण मांगा। जवाब संतोषजनक न मिलने और जांच में दोषी पाए जाने पर अब दोनों बाबुओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। एसडीएम रितु रानी ने बताया कि यह मामला बेहद गंभीर था। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि जानबूझकर गलत जानकारी अपलोड की गई, जिससे नियुक्ति प्रक्रिया में अव्यवस्था फैली। ऐसे मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### प्रधानाचार्य पर भी लटक रही कार्रवाई की तलवार!

इस मामले में कॉलेज के प्रधानाचार्य सुभाष कुमार की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। डीआईओएस बिजनौर ने प्रधानाचार्य से स्पष्टीकरण मांगा है। नियमों के अनुसार, पोर्टल पर अपलोड की जाने वाली किसी भी जानकारी की जिम्मेदारी प्रधानाचार्य की होती है, लेकिन उन्होंने इस प्रक्रिया में न तो निगरानी की और न ही मार्गदर्शन दिया। गौरतलब है कि प्रधानाचार्य पर पहले से ही कई भ्रष्टाचार के आरोप हैं। अब इस नए मामले में लापरवाही के कारण उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई होने की संभावना है।

# बरसात के मौसम में बीमारियों से बचें रखे खास ख्याल: डा. एनडी हाशमी

### लापरवाही स्वास्थ्य के लिए हो सकती है खतरनाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** बरसात का मौसम राहत के साथ-साथ कई बीमारियों को भी अपने साथ लेकर आता है, जिसको गंभीरता से लेते हुए नगर के मोहल्ला मिल्कियान स्थित हाशमी नर्सिंग होम के संचालक वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एन.डी. हाशमी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस मौसम में लापरवाही बरतना स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।



डा. हाशमी ने कहा कि बारिश के दिनों में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, टायफाइड, हैजा, वायरल बुखार और स्किन इंफेक्शन जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। डॉ. हाशमी ने कहा कि बारिश के कारण जगह-जगह पानी भर जाता है जो मच्छरों के प्रजनन का मुख्य कारण है। मच्छरों से डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां फैलती हैं। वहीं गंदे पानी और नमी के कारण वैक्टीरिया व वायरस तेजी से पनपते हैं, जिससे पेट से जुड़ी बीमारियां और संक्रमण फैलने लगते हैं। डॉ. एनडी हाशमी ने कहा कि लक्षण जिन पर ध्यान दें तेज बुखार, शरीर में दर्द, सिर दर्द और आंखों के पीछे दर्द, डेंगू, चिकनगुनिया के संकेत, बार बार ठंड लगना और पसीना आना मलेरिया का लक्षण, दस्त, उल्टी, पेट दर्द, हैजा, टायफाइड का संकेत लगातार थकान, खांसी, जुकाम, गले में खराश, वायरल बुखार के लक्षण हैं। डॉ. हाशमी ने कहा कि बरसात में घर और आसपास पानी जमा न होने दें, पानी की टंकियों को ढककर रखें, मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी, कॉइल या रिपेलेंट का प्रयोग करें, पीने का पानी उबालकर या फिल्टर करके ही पिएं, बरसात में कच्चे सलाद या खुले में बिकने वाला खाना न खाएं, गीले कपड़े तुरंत बदलें और शरीर को सूखा रखें, बाहर जाते समय छाता या रेनकोट का इस्तेमाल करें ताकि भीगने से बचें, बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें क्योंकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। डॉ. एनडी हाशमी ने कहा कि बरसात का मौसम सुंदर तो है लेकिन स्वास्थ्य के लिए चुनौतीपूर्ण भी। थोड़ी-सी सावधानी आपको गंभीर बीमारियों से बचा सकती है। यदि कोई भी लक्षण नजर आए तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें, इलाज में देरी न करें।

# बकैना में किसान यूनियन एकता उगराहा की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहा इकाई बिजनौर की एक बैठक बकैना गांव मे आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता महेंद्र सिंह ने व संचालन इमरान मंसूरी ने किया।

बैठक में मण्डल अध्यक्ष रवि चौधरी ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर अमेरिका व अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता को रद्द करवाने की मांग को लेकर पूरे भारत में मोदी व ट्रम्प के पुतले दहन, प्रदर्शन व मोर्चे निकाले जायेंगे। भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहा के पदाधिकारी 13

### 13 अगस्त को तहसील मुख्यालय पर करेंगे प्रदर्शन

अगस्त को चांदपुर तहसील पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। जिसमें सभी पदाधिकारी व किसानों से पहुंचने की अपील की है।

बैठक में योगेंद्र सिंह, कुंदन सिंह, अतुल चौधरी, तरुण त्यागी, अमन खान, हारून, महिपाल सिंह, नरेश सिंह, राकेश सिंह, नरदेव सिंह, मोखा, सुबोध पाल, संजीव, मेहर सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

### प्राचार्या कक्ष का किया घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू महाविद्यालय के शिक्षकगणों ने आज अपराह्न क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय बरेली की गैर-जिम्मेदाराना, दमनकारी और शोषणकारी नीतियों के विरोध में एकजुट होकर प्राचार्या कक्ष का घेराव किया तथा अपने आक्रोश को काली पट्टी बाँधकर कार्य करते हुए प्रकट किया।



इस सामूहिक विरोध की मुख्य वजह है कि महाविद्यालय के शिक्षकों का एन.पी.एस. अंशदान अगस्त 2024 से जुलाई 2025 तक के पूरे बारह महीने का आज तक संबंधित खाते में स्थानांतरित नहीं किया गया है। यह न केवल शिक्षकों की आर्थिक सुरक्षा से खिलवाड़ है, बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य और विश्वास को भी गहरा आघात पहुँचा रहा है। शिक्षकों ने बताया कि बार-बार बरेली स्थित क्षेत्रीय कार्यालय से संपर्क करने पर मात्र आश्वासन और बहानेबाजी ही मिलती है, कोई ठोस कार्यवाही नहीं होती। इसी प्रकार महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डॉ. जैनुल आबिदीन जिनकी पदोन्नति वर्ष 2023 में हो चुकी थी, अब तक अपने एरियर भुगतान से वंचित हैं। जबकि उनके साथ पदोन्नत शिक्षकों को भुगतान मिल चुका है। अन्य शिक्षक साथियों का एरियर भी एक वर्ष से लंबित है। प्राचार्या डॉ. साधना को सौंपे गए ज्ञापन में शिक्षक संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि आगामी दिनों में एन.पी.एस. कटौती की राशि तथा लंबित एरियर को शीघ्र संबंधित खातों में हस्तांतरित नहीं किया गया तो शिक्षकगण क्षेत्रीय कार्यालय बरेली में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे तथा अगस्त 2025 से 10 प्रतिशत एनपीएस कटौती को नहीं कटवाएंगे।

विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रोफेसर दिनेश सिंह, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, सचिव मोहम्मद सुलेमान, उपसचिव डॉ. अमित पुंडीर, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार, प्रो. महिपाल सिंह, प्रो. अशोक कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार तालान, डॉ. जैनुल आबिदीन, डॉ. कुलदीप, डॉ. अखिलेश देवी, डॉ. सनी कुमार, डॉ. आस मोहम्मद, डॉ. आरिफ, डॉ. साजिद, डॉ. देवेश, मोहम्मद सलीम, अमित मलिक सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण शामिल रहे। शिक्षकों ने इस आंदोलन को न्याय के लिए अंतिम चेतावनी बताते हुए उम्मीद जताई कि शासन और प्रशासन इस विषय को गंभीरता से लेकर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करेगा।

# सनातन समाज में मनाया जाने वाला जन्माष्टमी महोत्सव शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** सनातन समाज के तत्वाधान में 16 अगस्त को मनाया जाने वाला जन्माष्टमी महोत्सव शुरू हो गया है। इसके सापेक्ष में सोमवार को नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। इस अवसर पर एक सप्ताह तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सोमवार को सकल सनातन समाज के तत्वाधान में पंचायती मंदिर से प्रभात फेरी का शुभारंभ हुआ। प्रभात फेरी पंचायती मंदिर, होली चौक, सराय जोखा, पूर्वी चौधरियान, सब्जी मंडी, हलवाईयान, कालू की आढत, एजेंसी चौराहा, ईदगाह मोड़, जो. शियान, जामा मस्जिद, सुनारो वाली गली से होती हुई मंदिर परिसर में जाकर संपन्न हुई। प्रभात फेरी में श्रद्धालु भजन कीर्तन करते चल रहे थे। प्रभात फेरी के आगे एक युवक झंडा लिए अगवानी करता चल रहा था। सकल सनातन समाज के अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंघल ने बताया कि प्रभात फेरी 16 अगस्त की प्रातः निकाली जाएगी। 15

### एक सप्ताह तक आयोजित होंगे कार्यक्रम

अगस्त को भगवान श्री कृष्ण सहित अन्य प्रतिमाओ को वस्त्रधारण कराए जाएंगे। 16 अगस्त को मंदिर में झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा पूर्वी चौधरियान शिव मंदिर में 15 अगस्त को प्रतिमा को वस्त्र धारण कराए जाएंगे। 21 अगस्त को छठी महोत्सव का कार्यक्रम मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा तथा 22 को पंचायती मंदिर में छठी महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित होगा। नगर में अलग-अलग मंदिरों में वस्त्र धारण, छठी महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित होंगे। जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम के साथ मनाना प्रारंभ हो गया है। नरेंद्र अग्रवाल, विनीत गोयल, अनुज गोयल, हरिओम अग्रवाल, रमन गोयल आदि श्रद्धालु प्रभात फेरी में शामिल रहे।

# एसकेएम कॉलेज में पीस एजुकेशन कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** प्रेम रावत फाउंडेशन ने एसकेएम इंटर कॉलेज शिव नगर चौराहा मंझोला गुज्जर में पीस एजुक. शन प्रोग्राम कार्यशाला का आयोजन किया। कॉलेज के कॉमन हॉल में पीस एजुकेशन प्रोग्राम कार्यशाला में 18 प्राध्यापकों और 22 वरिष्ठ छात्राओं सहित कुल 40 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यशाला की थीम 'शांति और सराहना' थी।




कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रेम रावत का वीडियो संदेश था जिन्हें गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा तीन बार सम्मानित किया जा चुका है। अपने संदेश में श्री रावत ने प्रतिभागियों को बताया कि शांति हमारे भीतर ही मौजूद है, जिसे हम अक्सर बाहर खोजने की कोशिश करते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जो देश शांति के मार्ग पर चलते हैं वे अधिक शक्तिशाली होते हैं। श्री रावत ने शांति को मनुष्य की सबसे मूलभूत आवश्यकता बताया और कहा कि जो लोग शांति का अभ्यास करते हैं, उनका जीवन खुशियों से भर जाता है। उनके इस संदेश को छात्रों ने काफी सराहा।

इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य शिव कुमार ने कहा कि आज के समय में छात्रों के लिए यह विषय बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रेम रावत फाउंडेशन की टीम के स्वयंसेवकों विश्वामित्र पाठक और तकनीकी सहायक अनुज कुमार गर्ग को धन्यवाद दिया। यह कार्यशाला शांति और सराहना के महत्व पर प्रकाश डालती है जो कि प्रेम रावत के पीस एजुकेशन प्रोग्राम का एक प्रमुख हिस्सा है।

फाउंडेशन का लक्ष्य लोगों को आंतरिक शांति का अनुभव करने और सराहना के माध्यम से एक अधिक सामंजस्यपूर्ण समाज बनाने में मदद करना है। प्रेम रावत फाउंडेशन के बारे में उन्होंने बताते हुए कहा कि प्रेम रावत फाउंडेशन दुनिया भर में लोगों को पीस एजुकेशन प्रोग्राम के माध्यम से अपनी आंतरिक शांति की शक्ति खोजने में मदद करता है। इस कार्यशाला में वीएम पाठक ने कहा कि यह लोगों को जीवन के प्रति एक नया दृष्टिकोण विकसित करने में सहायता करता है, जिससे वे अपने भीतर की शांति को महसूस कर सकें।

# पहाड़ा नदी का जलस्तर बढ़ने से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** पहाड़ा नदी का जलस्तर बढ़ने से ग्रामीणों की मुश्किल कम नहीं हो रही है। ग्राम चकउदय चंद छायली निवासी ओमराज सिंह (50 वर्ष) की उपचार को ले जाते समय पहाड़ा नदी पार करते ही मौत हो गई। घटना के बाद सैकड़ों ग्रामीणों ने नदी किनारे इकट्ठा होकर पुल बनवाने की मांग की है।

### समय पर उपचार न मिलने से ग्रामीण की मौत

क्षेत्र के ग्राम चकउदय चंद छायली निवासी ओमराज सिंह उर्फ मुन्नू काफी समय से बीमार चल रहे थे। सोमवार की सुबह उन्हें घबराहट होने पर स्वजन उपचार के लिए ले जा रहे थे। बीच रास्ते में बहने वाली पहाड़ा नदी भारी बरसात के चलते उफान पर बह रही है। स्वजन ओमराज सिंह को बैल-बुग्गी से नदी पार कराने लगे। नदी पार करते ही उनकी मौत हो गई। स्वजन में कोहराम मच गया और स्वजन मृतक को वापस घर ले आए। गांव पहुंचते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण नदी के पास इकट्ठा हो गये और नदी पर पुल बनवाने की मांग करने लगे। ग्रामीणों का कहना है कि नदी पर पुल नहीं होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नदी का जलस्तर बढ़ने पर समय पर कार्य नहीं हो पा रहे है। मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल रहा है। ग्रामीण जान जोखिम में डालकर बैल-बुग्गीयों से नदी पार कर रहे है। वहीं कुछ समय बाद सभी ग्रामीण गांव वापस लौट गए।

# नगीना में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा



**नगीना।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा नगर में मोटरसाइकिल द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान डीजे पर भारत माता के गानों की धुन पर थिरकते हुए सैकड़ों लोग हाथ में तिरंगे लेकर भारत माता की जय घोष करते हुए बिश्नोई सराय से पहाड़ी दरवाजा होते हुए थाना नगीना, जामा मस्जिद, बड़ा मंदिर, बाजार मझलेटा, नगर पालिका, तहसील एवं कचहरी होते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क पहुंचे जहां तिरंगा यात्रा का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सतीश गौतम रहे। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम के संयोजक रोहित कुमार रवि व सहसंयोजक सरदार हरमीत सिंह एवं अरुण शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंजलि सौरभ मित्तल ने की। यात्रा को पूर्व विधायक सतीश गौतम, क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने संयुक्त रूप से झंडी दिखा कर रवाना किया। तिरंगा यात्रा में अनूप वाल्मीकि, विधायक सतीश गौतम, अजीत अग्रवाल, प्रमोद चौहान, इंदु ठुकराल, सरिता विश्नोई, नीरज विश्नोई, अंजलि सौरव मित्तल, पंडित सचिन शर्मा, सौरभ मित्तल, अरुण शर्मा, लवी मित्तल, सभासद बृजमोहन, जितेंद्र राठी, संजय शर्मा, शिव शंकर सक्सेना, प्रहलाद कुशवाहा, चंद्रशेखर पाल, सोहन सैनी, डॉक्टर भूपेश चौहान, तिलक राज मुथरेजा, अतुल भारती, ओम प्रकाश सैनी, राजकुमार शेट्टी, अमित चंद रवि, अश्वनी, राजकुमार सिंह, अमन कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धार्मिक स्थल को लेकर हिन्दू मुस्लिम आमने सामने

**फतेहपुर।** यूपी के फतेहपुर जिले में धार्मिक स्थल पर दावे को लेकर हिंदू और मुस्लिम संगठन सोमवार को आमने-सामने आ गए। एक हफ्ते पूर्व से हिंदू संगठन मकबरे को शिव मंदिर बता कर धार्मिक अनुष्ठान करने की बात कह रहे हैं। विवाद की आशंका को लेकर जिला प्रशासन ने विवादित क्षेत्र को बैरीकेडिंग से कवर कर दिया था मगर आज दोनों पक्ष के हजारों लोग वहां पहुंच गए। भीड़ में प्रशासन द्वारा लगाई गई बैरिकेड को तोड़ दिया। मौके पर भारी फोर्स के साथ प्रशासन के अधिकारी मौजूद हैं। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को यहां बताया कि शहर के अबू नगर मोहल्ले में मकबरा और प्राचीन शिव मंदिर को लेकर हिंदू संगठनों और मुस्लिम संगठनों ने अपना-अपना दावा किया है एक हफ्ते पूर्व भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल ने मकबरे को प्राचीन शिव मंदिर बात कर धार्मिक अनुष्ठान करने की बात कही थी, उनके आह्वान पर प्रशासन ने मकबरे के पास से दूर से बैरिकेडिंग कर रखी थी और एक दर्जन थाने की फोर्स को तैनात कर दिया था।

# मानहानि मामले में मेधा पाटकर को नहीं मिली राहत

**नई दिल्ली, वार्ता**

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से 25 साल पहले दायर किए गए मानहानि मामले में सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को राहत नहीं दी है।

कोर्ट ने उनकी दोषसिद्धि और सजा को बरकरार रखते हुए दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप से इन्कार कर दिया है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि हम इस मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने के लिए इच्छुक नहीं है। हाईकोर्ट ने पाटकर को अच्छे आचरण की परिवीक्षा पर रिहा किया था, लेकिन उन्हें हर तीन साल में एक बार निचली अदालत में पेश होने की आवश्यकता थी। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता के वकील की दलील को ध्यान में रखते हुए लगाया गया जुर्माना रद्द कर दिया गया है। दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर के खिलाफ 24 नवम्बर 2000 को मानहानि का मुकदमा दायर किया था। तब सक्सेना गुजरात में एनजीओ के प्रमुख थे। मामले में मजिस्ट्रेट न्यायालय ने एक जुलाई 2024 को पाटकर को आईपीसी की धारा 500 के तहत दोषी पाते हुए पांच महीने के कारावास की सजा सुनाई। और 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। मजिस्ट्रेट अदालत ने माना था कि पाटकर के बयान न केवल मानहानिकारक थे, बल्कि उनके बारे में नकारात्मक धारणाओं को भड़काने के लिए तैयार किए गए थे। मेधा पाटकर की ओर से लगाया गया आरोप कि शिकायतकर्ता गुजरात के लोगों और उनके संसाधनों को विदेशी हितों के लिए गिरवी रख रहा है, उसकी ईमानदारी और सार्वजनिक सेवा पर सीधा हमला है।

# सोने और चांदी की कीमतों में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में सोमवार को गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोमवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 741 रुपए घटकर 1,00,201 रुपए पर आ गया है। एक किलो चांदी भी 424 रुपए गिरकर 1,14,308 रुपए प्रति किलो हो गई है। देश के चार महानगरों दिल्ली में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 93,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,430 रुपए है, जबकि मुंबई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 93,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,280 रुपए है। वहीं कोलकाता में 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 93,750 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 1,02,280 रुपए है। चेन्नई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 93,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,280 रुपए है, तो भोपाल में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,800 रुपए है।

# अखिलेश यादव के एजेंडे में विकास नहीं: योगी

## सीएम योगी ने सदन की कार्यवाही में भाग लेने आए सदस्यों का स्वागत किया

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि ए लोग हमेशा से ही विकास के खिलाफ रहे हैं।



■ पिछले आठ साल के अंदर यूपी विधान मंडल ने अनेक उपलब्धियां हासिल की :सीएम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए यह बात कही। इसके बाद सदन के भीतर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सदन की कार्रवाई में भाग लेने आए सभी सदस्यों का स्वागत करता हूं। यहां पर जनता विकास से जुड़े जिन मुद्दों पर जनप्रतिनिधि चर्चा करते हैं देश के अंदर वो एक नजीर के रूप में देखी जाती है। योगी ने कहा कि पिछले 8 साल के अंदर यूपी विधानमंडल ने अनेक उपलब्धियां हासिल की है। इस बार का सत्र जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के उद्देश्य से विधायिका किस प्रकार आगे बढ्ती है। हम सब उपस्थित हुए। उन्होने कहा कि आज सत्र शुरू होगा और सदस्यों द्वारा प्रश्न पूछे जाएंगे। सरकार की ओर से सार्थक जवाब उपलब्ध कराया जाएगा। बाढ़ से जुड़े मुद्दे और जलजमाव से जुड़े मुद्दे उठेंगे स्वस्थ्यशिक्षा के मुद्दों पर सरकार ने जो भी किया है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवा. सियों के साथ विकसित भारत के साथ जुड़ने का आह्वान किया ।विकसित भारत विकसित यूपी के लिए सरकार का विजन क्या है पहली बार इस पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि और 14 अगस्त को 24 घण्टे इस पर चर्चा होगी। इस विजन डाक्यूमेट को हर किसी की सहभागिता हो इस पर चर्चा करेगी। मेरी अपील है कि आठ साल के भीतर समाज के हर तबके को लेकर बेहतरीन प्रयास किया। उसकी चर्चा देश के भीतर हुई। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के परशेप्शन में अंतर आया है। हम सभी प्रस्तावों का जो युवाओं और यूपी के विकास से जुड़े होंगे चर्चा हो। सार्थक चर्चा हो। मेरी अपील सभी प्रतिपक्षियों से होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर वो अनावश्यक न्यूजसेन्स क्रिएट करेंगे, तो जनता की अदालत में न्याय होगा। स्वाधीनता दिवस के पूर्व यूपी के विजन डॉक्यूमेंट को लेकर संदेश देने का काम करेंगे। जब भारत 2047 में विकसित होगा, तो यूपी भी इसमें शामिल होगा। विकास के प्रति भाजपा और सरकार की प्रतिबद्धता है। उनकी नहीं है। विकास इनके एजेंडे में नहीं है, इसलिए ऐसे असंसदीय शब्दो का प्रयोग करते है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बैराज मार्ग बंद होने से करोड़ों का नुकसान

## अधिकारी गंभीरता से नहीं कर रहे कार्य, आम जनता भुगत रही सजा





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पांच दिन हो गए है, लेकिन बैराज मार्ग को अभी तक यातायात के लिए नहीं खोला गया है। जिससे प्रतिदिन करोड़ों का नुकसान हो रहा है। बैराज में आए गैप की जांच अधिकारी नहीं कर पाए हैं। प्रशासन के द्वारा इस कार्य को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। जिसकी सजा नागरिक भुगत रहे है।

गौरतलब है कि मालन नदी में आई बाढ़ के बाद बैराज मार्ग पर पानी उतरने लगा था। जिसकी वजह से इसे यातायात के लिए बंद कर दिया गया था। आज पांचवें दिन भी बैराज मार्ग चौपहिया वाहनों के लिए पूरी तरह से बंद रहा। जिससे नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सिर्फ जैसे तैसे बाइकें यहां से निकल रही है। लेकिन कई बार बाइक चालकों को भी पुलिस हड़काते हुए अभद्र व्यवहार करती है। अफसरों के आदेश पर पुलिस ने आज मध्य गंगा नदी के बैराज पुल पर बैरीकेडिंग कर दी है। जिससे कारों का भी पुल से गुजरना पूर्ण रूप से बंद हो गया है। भारी वाहनों के लिए तो बैराज मार्ग पांच दिन पूर्व से ही बंद है। जिसकी वजह से मेरठ व मुजफ्फरनगर से बसें व अन्य यात्री वाहन नहीं आ पा रहे है। छोटे वाहन उन्हें बैराज पार मुजफ्फरनगर की सीमा में छोड़ देते है। वहां से पैदल ही बैराज पार करना पड़ता है। दिन में तो जैसे-तैसे बैराज पैदल पार कर लिया जाता है। लेकिन रात में वाहन नहीं मिलते है। पैदल चलने की वजह से महिलाओं और बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महिलाएं सिर पर सामान रख कर काफी दूर पैदल चल रही है। वह व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाते हुए इसे सरकार व प्रशासन का नाकाम होना बताती है। सभी का कहना है कि अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्य करा कर मार्ग को यातायात के लिए खोल देना चाहिए था। लेकिन वह गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। जहां मंत्रियों के लिए रातों-रात हैलीपेड तैयार हो जाता है, वहीं नागरिकों के लिए एक मार्ग भी सही नहीं किया जा रहा है।

अधिकारियों का कहना है कि आईआईटी टीम के द्वारा पुल का निरीक्षण करने के बाद बैराज रोड हल्के चार पहिया वाहनों के लिए खोल दिया जायेगा। सर्वे टीम आज बैराज पर पहुंची। टीम के एक सदस्य ने बताया कि बैराज पुल में कोई ऐसी बड़ी खराबी नहीं आई है कि बड़े वाहनों को रोका जाये। एक-दो दिन में हल्के वाहन तो बैराज पुल से होकर गुजर सकते है।

दूसरी तरफ आवागमन पूर्ण रूप से बंद करने के लिए पुलिस ने पुल के बिल्कुल करीब बैरिकेडिंग कर दी है। पुलिस किसी भी वाहन को पुल पार नहीं करने दे रही है। लेकिन बैरिकेडिंग के बावजूद कुछ चौपहिया वाहनों को पुल पार करते देखा गया। सूत्रों का कहना है कि पुलिसकर्मी फीलगुड कर वाहनों को निकलवा रहे है। आरोप है कि बैरिकेडिंग पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने भेदभाव करते हुए अपने परिचितों के चौपहिया वाहनों को बैरिकेडिंग हटाकर पुल पार कराया। जिससे भाजपा सरकार की बदनामी हो रही है। नागरिकों का कहना है कि अधिकारी ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे है। अगर अधिकारी और उनके बच्चे इतनी दूर पैदल चले, तो उन्हें परेशानी का अहसास हो जाएगा।

इधर बैराज मार्ग बंद होने से जनपद के व्यापारियों व नागरिकों को करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है। कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। मेरठ व मुजफ्फरनगर की तरफ से सब्जियां, फल व अन्य सामान नहीं आ पा रहा है। गढ़ व गजरौला से घूम कर मेरठ व मुजफ्फरनगर के वाहन आ रहे है। ट्रक और ट्राले जहां-तहां फंसे पड़े है। उनके चालक व परिचालक परेशान है। पूर्व में कांवड़ यात्रा और अब पानी की वजह से भारी वाहनों को जहां-तहां रोक दिया गया है। ट्रक आपरेटरों को भारी नुकसान हो रहा है।

### रातों-रात हैलीपेड बनाने वाले अभियंता गैर जिम्मेदार



**बिजनौर। अगर किसी बड़े मंत्री का हैलीकाप्टर से आने का कार्यक्रम तय हो जाए, तो अभियंता रातों-रात हैलीपेड बना देते है। लेकिन जनपद की जनता बैराज मार्ग बंद होने की वजह से परेशान है। फिर भी लोक निर्माण विभाग व सिंचाई विभाग के अभियंताओं को उनकी परेशानी का अहसास नहीं है। अगर अभियंता चाहते, तो प्राथमिकता के आधार पर मार्ग व बैराज पुल की मरम्मत करा कर उसे यातायात के लिए खोल सकते थे। लेकिन वह ऐसा नहीं कर रहे है। इन विभागों के पास तत्काल कार्य के लिए मोटा बजट होता है। यह वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों से कार्य की अनुमति भी ले सकते थे। प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक विकास के लम्बे चौड़े दावे करते है, लेकिन न तो पुल में आई मामूली कमी को दूर कर पा रहे है और न ही सड़कों के गड्ढे भरवा पा रहे है। आखिरकार यह कैसा विकास है, जिसकी सजा आम जनता को भुगतनी पड़ रही है।**

## एक नजर

### बढ़ापुर में दिवेश गिरफ्तार

**बिजनौर।** बढ़ापुर पुलिस ने चैकिंग के दौरान ग्राम शाहअलीपुर कोटरा निवासी दिवेश कुमार पुत्र प्रताप सिंह को हथियार व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

### मंदिर से लौटने के दौरान हादसा



**बिजनौर।** नहटौर थाना क्षेत्र के ग्राम गारोपुर निवासी अभय पुत्र अशोक कुमार आज सुबह अपनी कार से बढ़ापुर थाना क्षेत्र में स्थित कलवा वीर मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के लिए आया था। प्रसाद चढ़ाने के बाद वह वापस लौट रहा था। इस बीच बरसाती गुला नदी पार करने के दौरान अधिक पानी व तेज बहाव के कारण उसकी कार बह गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शीशा तोड़ कर अभय को जैसे-तैसे कार से बाहर निकाला। जेसीबी व अन्य लोगों की मदद से कार को भी बाहर निकाला गया। बरसाती नदियों में तेज बहाव के बावजूद लोग अपनी जान खतरे में डाल कर नहर पार करने की कोशिश करते है। जिसकी वजह से वह अक्सर हादसे के शिकार हो जाते है।

### केलनपुर में मंडलीय शूटिंग प्रतियोगिता



**चांदपुर।** लोकप्रिय इंटर कॉलेज केलनपुर में 69 वीं मंडलीय 10 मीटर राइफल पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने कहा कि खेल को खेल की भावना की तरह खेलना चाहिए। पढ़ाई के साथ साथ खेल खेलना भी जरूरी है। उन्होंने खिलाड़ियों को सलाह दी कि खिलाड़ियों को नशे से दूर रहना चाहिए। किसी प्रकार का नशा करना भी शरीर के लिए हानिकारक है। जो खिलाड़ी नशा करेगा, वो खेल नहीं खेल सकता, क्योंकि नशा और खेल आपस में दुश्मन है। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स कोटे से काफी बच्चे सरकारी व प्राइवेट नौकरियों कर रहे हैं। उन्होंने लोकप्रिय इंटर कॉलेज के प्रबंधक हरवीर सिंह की सराहना की।

### खिलाड़ियों को दी प्रोत्साहन राशि



**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर द्वारा आज जनपद की प्रतिभाशाली खिलाड़ी वैष्णवी शर्मा पुत्री गोपाल शर्मा, श्रेया पुत्री शीषपाल सिंह तथा आकृति सोरियान पुत्री सतेन्द्र कुमार को सम्मानित किया गया। इन तीनों खिलाड़ियों ने 20वीं एशियन रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप-2025 के रोलर डर्बी इवेंट में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम गौरवान्वित किया है। खिलाड़ियों के खेल स्तर में और सुधार हेतु जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की ओर से प्रत्येक खिलाड़ी को 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। डीएम ने कहा कि जनपद की बेटियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नाम रोशन किया है। यह न केवल खेल जगत, बल्कि सभी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। जिला प्रशासन हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। राजकुमार जिला क्रीड़ाधिकारी ने कहा कि इन खिलाड़ियों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से यह उपलब्धि हासिल की है।

### रोडवेज बस में लूट का प्रयास



**नहटौर।** आज सायं को नगीना से वाया नहटौर होते हुए बिजनौर डिपो की बस बिजनौर जा रही थी। कोतवाली देहात रोड पर डिग्री कालेज के पास अचानक आए दो बाइक सवार रोडवेज बस की चपेट में आने से बाल बाल बच गए। आरोप है कि सड़क पर आए बाइक सवारों से साइड लेने के लिए रोडवेज चालक अर्जुन सिंह ने हॉर्न बजाया था। जिससे गुस्साए युवकों ने बाइक तेज चलाकर बस के आगे लगा दी और बस के रुकते ही शीशा तोड़ दिया। इसके अलावा डंडा उठाकर बस के अन्य शीशे भी तोड़ दिये। आरोपी युवकों ने चालक व परिचालक के साथ मारपीट करते हुए मशीन और कैश से भरा हुआ थैला छिनने का प्रयास किया। बीच बचाव करने आए यात्रियों के साथ भी आरोपियों द्वारा मारपीट की गई। बस के अचानक तोड़े गए शीशे की घटना से बस में बैठे 50 से अधिक यात्रियों में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस के मौके पर पहुंचते ही आरोपी भाग खड़े हुए। पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। अन्य को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस द्वारा दबिश दी जा रही है। थाना अध्यक्ष धीरज नगर ने बताया परिचालक हरिओम की ओर से तहरीर दी गई है।कार्रवाई की जा रही है।

## अवाम की तकलीफों को दूर करने के लिए चेयरपर्सन तबस्सुम व जावेद विकार गंभीर





### जल भराव के दौरान आगे बढ़कर की पीड़ितों की मदद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अफजलगढ़ नगर पालिका की चेयरपर्सन तबस्सुम व पूर्व चेयरमैन एवं क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी जावेद विकार ने साबित कर दिया है कि अगर अवाम का दर्द और उनकी मदद करने का जज्बा दिल में हो तो सभी मुश्किलों को पार कर उनकी मदद की जा सकती है। चेयरमैन तबस्सुम व पूर्व चेयरमैन जावेद विकार सहित उनके पूरे परिवार ने पिछले दिनों अफजलगढ़ की नचना नदी में आए पानी के विभिन्न मौहल्लों व दुकानों में घुस जाने के दौरान पीड़ित परिवारों की पूरी मदद की। हालांकि यह प्राकृतिक आपदा थी और इस पर इंसानों का बस नहीं चलता है। लेकिन उन्होंने फिर भी खराब मौसम में बाहर निकल कर पीड़ितों की मदद की। उनकी नागरिक तारीफ कर रहे है।

# दलित मुस्लिमों को आरक्षण की मांग

## पीस पार्टी ने जोरदार ढंग से उठाई आवाज, सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पीस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दलित मुस्लिमों को आरक्षण देने की मांग करते हुए राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है। पार्टी के जिला अध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन ने कहा कि मजहब के आधार पर मुस्लिमों के साथ भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए।

प्राप्त समाचार के अनुसार पीस पार्टी के जिला अध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन के नेतृत्व में आज कार्यकर्ता बड़ी संख्या में खराब मौसम के बावजूद जिला मुख्यालय पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि ब्रिटिश शासन काल में 1936 तक एवं आजादी के प्रश्चात अनुसूचित जातियों में सभी धर्म के लोगों को शिक्षा व सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ दिया जा रहा था। लेकिन दस अगस्त 1950 के संवैधानिक आदेश में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण को जारी रखते हुए इसमें हिन्दू शब्द जोड़ दिया गया। जो ब्रिटिश शासन काल में नहीं था। यह मुस्लिम समुदाय के साथ एक बड़ा अन्याय था। बाद में 1956 में सिख धर्म एवं 1990 में बौध धर्म की अनुसूचित जातियों को एससी आरक्षण के लाभ के लिए शामिल कर दिया गया। जस्टिस सच्चर कमेटी एवं जस्टिस रंगनाथ मिश्रा की कमेटी की रिपोर्ट में मुस्लिम समुदाय की सामाजिक व आर्थिक स्थिति को अनुसूचित जातियों से भी बदत्तर बताया गया था। इन कमेटियों ने मुस्लिमों की अनुसूचित जातियों को आरक्षण की श्रेणी में शामिल करने और उन्हें तत्काल सरकारी सहायता प्रदान करने की सिफारिश की थी। लेकिन आज तक उन सिफारिशों पर ठोस कार्यवाही नहीं की गई। सन् 2023 में भाजपा सरकार द्वारा गठित केजी बाला कृष्णन आयोग ने भी इस मुद्दे को नजर अंदाज कर दिया। सामाजिक न्याय की बात करने वाली राजनीतिक पार्टियां मुस्लिम समुदाय को केवल वोट बैंक के रूप में देखती है। उनके कल्याण के लिए इन्हें कोई चिंता नहीं है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन, युवा जिलाध्यक्ष शाहिर मलिक, इकबाल सैफी, नूरपुर विधानसभा अध्यक्ष अमजद मलिक, मौहम्मद शहजाद, यामीन प्रधान, हाजी लियाकत, तसलीम मंसूरी, जाहिद अंसारी, डॉ. रईस उर्फ माशूक, सय्यद अनवर अहमद आदि शामिल थे।

# इंसानों की जान के दुश्मन बने जानवर

## गुलदार, कुत्तों व आवारा गोवंश से नहीं मिल पा रहा छुटकारा







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** जंगल में मौजूद गुलदार एवं सड़कों पर मौजूद खूंखार आवारा कुत्ते व गौवंश इंसानों की जान के दुश्मन बने हुए है। आज फिर कुत्तों ने बुजुर्ग नमाजी पर हमला बोल कर उन्हें बुरी तरह जख्मी कर दिया। इससे पहले गुलदार दो महिलाओं को हाल ही में शिकार बना चुके है। आवारा गौवंश की वजह से लगातार हादसे हो रहे है। अफसोस इस बात का है कि वन विभाग व पशुपालन विभाग इन्हें पकड़ने के लिए कोई अभियान नहीं चला रहा है।

ब्लॉक क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर आवारा कुत्तों का आतंक कहर बनकर टूटा। नगर की पूर्वी सीमा से सटे ग्राम मेघपुर निवासी बुजुर्ग फरीद अहमद पुत्र मुख्तार अहमद को आधा दर्जन खूंखार आवारा कुत्तों के झुंड ने घेर कर उस समय हमला कर घायल कर दिया, जब वह मस्जिद से फज्र की नमाज पढ़ कर घर वापस जा रहे थे। कुत्तों के हमले से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है। उनकी नाजुक हालत देखते हुए चिकित्सक द्वारा हायर सेंटर रैफर कर दिया।

दूसरी तरफ नगर के मौहल्ला मियांजी मौखा निवासी शादाब पुत्र शहाबुद्दीन घर के काम के लिए बाजार जा रहा था, तभी आवारा कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम आलमपुर गांवड़ी के हुकुम सिंह पुत्र राम सिंह को भी ग्राम में ही आवारा कुत्ते ने घायल कर दिया। आवारा कुत्तों व गुलदार के हमलों की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। ग्राम भागीजोत में आवारा कुत्तों की शिकार बनी महिला की मौत के बाद ग्रामीणों के विरोध के चलते एसडीएम धामपुर के निर्देश पर आवारा कुत्तों को पकड़ने का के लिए अभियान चलाया गया था। लेकिन क्षेत्र में हजारों की संख्या में आवारा कुत्ते मौजूद है। इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। इन्हें खाने के लिए पर्याप्त भोजन नहीं मिल पाता है। जिसकी वजह से यह इंसानों को शिकार बना रहे है। बच्चों व महिलाओं को देख कर यह काफी हमलावर हो जाते है। भूखे खूंखार आवारा कुत्तों के झुंड दुपहिया वाहन चालकों पर भी हमलावर होते हैं। यदि सीएचसी अफजलगढ़ और पीएचसी कासमपुर गढ़ी के रिकार्ड उठाकर देखा जाए, तो प्रति माह कुत्तों का शिकार हुए लोगों की संख्या सैकड़ा पार कर जाती है। इतनी घटनाएं होने के अधिकारी आंख बंद किए हुए बैठे हैं। उनका तो लक्ष्य मात्र अपनी तिजोरियों को भरना है। परेशान ए हाल नागरिकों की सुरक्षा से उनको कोई सरोकार नहीं है। आवारा कुत्तों, आवारा गौवंश व गुलदार की तेजी से बढ़ती संख्या के कारण आम नागरिकों के जन-जीवन पर व्यापक प्रभाव पड़ रहा है। यह समस्या एक संकट बनती जा रही है। गुलदार का शिकार बच नहीं पाता है। आवारा गौवंश से टकराने वालों की भी मौत हो जाती है और कुत्तों के काटने से रेबीज की बीमारी को बढ़ावा मिल रहा हैं। अगर वन विभाग व पशुपालन विभाग के द्वारा अभियान चला कर इन तीनों जानवरों से इंसान की जान की सुरक्षा नहीं की गई, तो हालात खराब हो सकते है। आवारा गौवंश को गौशालाओं में नहीं भेजा जा रहा है।

## सहसपुर को जल भराव की समस्या से निजात दिलाएंगे अमजद व ईओ दीपक





### बरसात में आसपास के ग्रामों का पानी बह कर आ रहा कस्बे में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आसपास के ग्रामों के जंगल का पानी बरसात में बह कर सहसपुर कस्बे में आ रहा है। जिसकी वजह से नगर पंचायत कार्यालय सहित अन्य मौहल्लों में जल भराव की समस्या पैदा हो गई है।

इस समस्या को देखते हुए चेयरपर्सन पति व वरिष्ठ समाजसेवी अमजद अली एवं अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार ने गंभीरता के साथ इसके समाधान की दिशा में प्रयास शुरू कर दिए है।

गौरतलब है कि सहसपुर कस्बा जनपद का सबसे अच्छा व विकसित कस्बा माना जाता है। यहां का अवाम शांतिप्रिय है। नगर पंचायत के द्वारा नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता के साथ प्रयास किए जाते है। जिला स्तर पर भी सहसपुर नगर पंचायत की व्यवस्था की तारीफ की जाती है। लेकिन बरसात के मौसम में खुद नगर पंचायत कार्यालय परिसर में पानी भर रहा है। कार्यालय के बाहर तालाब है। इस तालाब में आसपास के ग्रामों के खेतों का पानी बह कर आ रहा है। सहसपुर देहात क्षेत्र में काटी गई कॉलोनियों की वजह से पानी जाने के रास्ते बंद हो गए है। जिसकी वजह से जल भराव की समस्या खड़ी हो गई है। चेयरपर्सन पति व वरिष्ठ समाजसेवी अमजद अली व ईओ दीपक कुमार इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए गंभीर है और उन्होंने संकेत दिए है कि इस दिशा में प्रयास किए जाएंगे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# देशभक्ति के तरानों के साथ निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** देश के अमर शहीदों की याद में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, व्यापारियों, विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों के साथ ही ज्ञान भारती इंटर कालेज के छात्रों ने भी सहभागिता की। इस दौरान डीजे पर देशभक्ति गीत गूंजते रहे।

सोमवार की दोपहर बस्ती में अवंतिका पार्क से भाजपा के मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता के नेतृत्व में इंदिरा चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें शामिल लोग देशभक्ति के गीतों पर झूमते-गाते और देश के लिए अपने प्राणों की आहुतियां देने वाले

**सम्मान**

- **देश के शहीदों के प्रति सम्मान के भाव किए व्यक्त**

अमर शहीदों की शान में नारे लगाते हुए चल रहे थे। भारत माता के जयकारे भी गूंज रहे थे। रास्ते में कई स्थानों पर अतिथियों का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य पवनीत दिवाकर एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक नगर स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह, पालिकाध्यक्ष राजेंद्री उर्फ उमा देवी के पुत्र प्रमोद सागर, पालिका के अधिशासी



अधिकारी ललित कुमार आर्य, लेखाकार आदेश अग्रवाल के साथ ही मंडल मंत्री अंकुर नागर, डा.राजीव शुक्ल एडवोकेट, महेंद्र सिंह प्रजा. पति, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष रामरतन सिंह जाटव , नवीन गर्ग चंद्रपाल पाल, सौरभ जैन, सुरेश प्रजा. पति, सरदार मंजीत सिंह, गौरव कुमार, विनोद गुर्जर, उधम सिंह सिरोही, सूरजपाल पाल, रामपाल व्यास, पूर्व सभासद तेजपाल सिंह, शशि चौहान, सपना प्रजापति, नरेंद्र चौधरी, दिनेश अग्रवाल, युद्धवीर सिंह, राजीव राजपूत, जगतपाल सिंह, सभासद बृजेश अग्रवाल, तेजपाल सिंह, महिपाल चौहान, रवि चौधरी, राजेंद्र सिंह, नितिन कुमार, कपिल बंसल आदि शामिल रहे। शोभायात्रा में सुरक्षा के भी कड़े बंदोबस्त रहे। गजरौला प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान एवं कस्बा चौकी इंचार्ज एसआई अतवीर सिंह भी फोर्स के साथ चल रहे थे।

# नौ प्रतिशत ब्याज से करें क्लेम का भुगतान

## उपभोक्ता फोरम ने बीमा कम्पनी के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सड़क दुर्घटना में मरे किसान के परिजनों को दो लाख रूपये का भुगतान नौ प्रतिशत ब्याज की दर सके साथ करने के निर्देश उपभोक्ता फोरम द्वारा बीमा कम्पनी को दिये गये हैं।

मंडी धनौरा क्षेत्र के गांव भानपुर खालसा में किसान पतराम सिंह का परिवार रहता है। गजरौला स्थित एक बैंक की शाखा में उनका खाता था। उन्होंने अपने बचत खाते में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत एक पॉलिसी भी ले रखी थी। 20 अगस्त 2019 को पतराम सिंह की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। मामले में परिजनों ने दिल्ली नंबर की एक गाड़ी के चालक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया था।मृतक के बेटे योगेश व बेटी दुर्गेश ने क्लेम के लिए आवेदन किया लेकिन बैंक के साथ ही बीमा कंपनी ने कोई सुनवाई नहीं की। बाद में 14 जुलाई 2020 को क्लेम देने से साफ इनकार कर दिया। मृतक की पत्नी सावित्री देवी, उनके बेटे योगेश कुमार व बेटी दुर्गेश ने मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की शरण ली थी। फोरम के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह व महिला सदस्य अंजू रानी दीक्षित ने केस की सुनवाई करते हुए बैंक और बीमा कंपनी के अधिकारियों को तलब किया। फोरम ने कहा कि एफआईआर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट व पंचनामा एक दस्तावेज है। बैंक द्वारा प्रमाणित नहीं किए जाने पर भी वह साक्ष्य माने जाएंगे। बैंक और बीमा कंपनी ने जिन दस्तावेजों की मांग की है उन्हें उपलब्ध कराया गया है। इस आधार पर आयोग के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह ने बीमा कंपनी को कुल धनराशि दो लाख रुपये का भुगतान नौ प्रतिशत ब्याज के साथ करने का आदेश दिया।

# विरोध देखकर रास्ता बंद करने पहुंची यूपीसीडा की टीम बैरंग लौटी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने नगर के धनौरा रोड दिशा में स्थित औद्योगिक क्षेत्र फैज टू में एक नई इकाई को आवंटित भूखंड में स्थित एक रास्ते को बंद करने पहुंचे यूपीसीडा के अधिकारियों को स्थानीय लोगों व किसानों का विरोध झेलना पड़ा। किसानों ने कहा कि यहां पर किसानों के लिये यह रास्ता है और अभिलेखों में भी दर्ज है, जबकि यूपीसीडा के अधिकारियों के मुता. बिक रास्ता अवैध है। फिलहाल टीम वापस लौट गई। अब अभिलेखों की पड़ताल के बाद ही अग्रिम कार्रवाई होगी।

बता दें कि यूपीसीडा ने दिल्ली



की एक इकाई को नया प्लांट लगाने के लिये पांच हजार वर्ग मीटर का भूखंड आवंटित किया है। मगर, इस प्लॉट से निकल रहे रास्ते पर किसानों का आवागमन है। सोमवार को यूपीसीडा के अधिकारी रास्ते को अवैध बताते हुए उसे बंद कराने के लिए पहुंचे तो किसानों ने विरोध करना शुरू कर दिया। नोकझोंक होने पर हंगामा हुआ। फिर टीम बैकफुट पर आ गई। यहां पर मौहल्ला तिगरिया भूड़ के मौजूदा सभासद चंद्रपाल सिंह, पूर्व सभासद पति वीरेंद्र उर्फ लाला, रामवीर सिंह गुर्जर, धर्मवीर सिंह, महकार सिंह आदि समेत अनेकों किसान मौजूद थे। यूपीसीडा के जेई धर्मेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि आवंटित भूखंड में रास्ते का कोई जिक्र नहीं है, न ही नक्शे में यह रास्ता दर्ज है। वहीं मौहल्लेवासियों का कहना है कि यहां पर रास्ता है और किसान यहां पर आवाजाही करते हैं। इस रास्ते को किसी भी कीमत पर बंद नहीं होने दिया जाएगा। ग्रामीणों के विरोध के बाद फिलहाल टीम वापस लौट गई है।

# त्यौहारों पर साम्प्रदायिक सौहार्द को न बिगड़नें दे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि लोगों को साम्प्रदायिक सौहार्द को ध्यान में रखकर त्यौहार मनाने है। कोई समस्या है तो जिला प्रशासन को तुरंत अवगत कराये।

कलक्ट्रेट सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनंद ने कृष्ण जन्माष्टमी, रामडोल शोभायात्रा, गणेश चतुर्थी व चेहल्लुम आदि त्यौहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक ली। डीएम ने कहा कि यदि त्यौहार पर किसी को कोई दिक्कत या परेशानी है तो तुरंत प्रशासन को इसकी सूचना दे। नगर पालिका, पंचायतों के अधिशासी अधिकारी त्यौहार पर सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें। चेहल्लुम पर निकलने वाले अलम निर्धारित मार्गो से ही निकाले जाये। जिन मार्गो पर कमियां है उन्हें समय रहते दूर किया जाये। एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि शोभायात्रा व जुलूस निर्धारित मार्गो से निकाला जाये। किसी नई परम्परा को जन्म न दिया जाये। उन्होंने कहा कि सभी थानाध्यक्ष अपने क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पर्याप्त पुलिस बल को तैनात करें। पहले से ही संबंधित मार्गो का भ्रमण कर लिया जाये ताकि समय रहते दिक्कतों को दूर किया जा सके। इस मौके पर सभी एसडीएम, सीओ व शांति समिति की सदस्य मौजूद रहे।

# जिंदगी बचाने को 12 दिन मौत से लड़ता रहा युवक

## आग में झुलसने से हुआ था घायल, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** गांव से मजदूरी करने मुंबई गये युवक की फैक्ट्री में आग लगने से झुलस जाने के कारण उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मचा है। मृतक युवक 12 दिन तक जिंदगी और मौत से जूझता रहा। परिजन पोस्टमार्टम के बाद शव घर ला रहे हैं।



रहरा थाना क्षेत्र के गांव भोगपुरा निवासी परसोत्तम पुत्र सीताराम 18 वर्षीय मुंबई के कुफरी बाड़ा जिला पालघर स्थित एक पेट्रोलियम फैक्ट्री में दो अगस्त को आग लगने से गंभीर रूप से झुलस गया था। जिसकी रविवार देर रात उपचार के दौरान मुम्बई के अस्पताल में 12 दिन तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद मौत हो गई। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच है।परसोत्तम फैक्ट्री में आग लगने की घटना से 15 दिन पूर्व ही मुंबई की जीत पेट्रोलियम प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में काम करने गया था। दो अगस्त को फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। जिसकी चपेट में आकर कोतवाली क्षेत्र के गांव बाई खेड़ा निवासी अंकित की उपचार के दौरान बुधवार को मौत हो गई थी। परसोत्तम बुरी तरह झुलस गया था। परसोत्तम का उपचार भी मुंबई के एक अस्पताल में चल रहा था। लेकिन तमाम कोशिशों के बाद भी युवक की मौत हो गई उसे बचाया नहीं जा सका। परसोत्तम की मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में चीख-पुकार मच गई। उसकी मां लीलावती और चार बहन-भाइयों का रो-रो कर बुरा हाल है। चार बहन-भाइयों में सबसे छोटा था और अविवाहित था। पोस्टमार्टम के बाद अंकित के शव को गांव लाया जा रहा है।

# बारिश के चलते मकान की दीवार गिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बारिश के चलते

**नुकसान**

- **गृहस्वामी ने बताया पचास हजार के नुकसान का अनुमान**

गरीब के मकान की बाहरी दीवार गिर गई। गनीमत रही कि हादसे में किसी को चोट नहीं आई। दीवार गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी बाहर निकल आए। गृहस्वामी के मुताबिक उसे पचास हजार रूपये की क्षति हुई है। जानक. ारी के अनुसार नगर के मौहल्ला फाजलपुर में चामुण्डा मंदिर वाली गली में ओमप्रकाश पुत्र प्रकाश का



मकान है। रविवार की रात को परिवार के लोग सोए हुए थे कि रात को करीब तीन चार बजे के बीच में अचानक मकान की बाहरी दीवार गिर गई। गनीमत रही कि हादसे में किसी को चोट नहीं आई। लेखपाल ने भी घटनास्थल का मुआयना करके रिपोर्ट तैयार करके अधिकारियों को भेजने के प्रति आश्वस्त किया है।

# साइबर अपराधों से बचाव के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना गजरौला पुलिस द्वारा 'साइबर अपराध जागरूकता अभियान' के तहत ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों के साथ साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। प्रभारी निरीक्षक

**सीख**

- **किसी को भी अपना ओटीपी न बताएं, जागरूक रहें**

अखिलेश प्रधान ने कहा कि हमारी सतर्कता ही, साइबर अपराध से बचने में सबसे बड़ा उपाय है। किसी को भी कॉल पर




ओटीपी नहीं बताएं और न ही किसी फोन कॉल पर रकम दोगुना करने के लालच में आएं। ऑनलाइन खातों के लिए मजबूत पासवर्ड बनाएं। पैसे ट्रांसफर करने के लिये थर्ड पार्टी एप के प्रयोग से भी बचें। कहा कि यदि किसी के साथ साइबर फ्राड है तो तुरंत हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करके सूचना दर्ज कराएं। कॉलेज के प्रधानाचार्य पीजी गोस्वामी व प्रबंधक/ नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रोहताश कुमार शर्मा ने भी विद्यार्थियों को जागरूक किया।

# आसपा ने सीमा विस्तार का किया विरोध

## प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** आजाद समाज पार्टी कांशीराम द्वारा नगर पालिका सीमा विस्तार प्रस्ताव की निंदा करते हुए पहले से मौजूद अनेकों समस्याओं का समाधान किये जाने की मांग की है। सोमवार को आजाद समाज पार्टी कांशीराम के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पर पहुंच गये तथा उपजिलाधिकारी पुष्कर नाथ चौधरी को ज्ञापन सौंप दिया। उन्होंने कहा कि पालिका द्वारा जो सीमा विस्तार प्रस्ताव भेजा गया है वह ठीक नहीं है। क्योंकि नगर में पहले से ही काफी अनेकों समस्याएं मौजूद है। सफाई व्यवस्था मुकम्मल नहीं है। नगर की गोकुलधाम कॉलोनी में अभी कच्चे रास्ते हैं। पहले नगर की समस्याओं का समाधान किया जाये उसके बाद सीमा विस्तार किया जाये। उन्होंने कहा कि नगर की कॉलोनियों में अब तक सड़कों का निर्माण नहीं हुआ है। जिससे कठिनाई होती है। सफाई कर्मचारी नियमित रूप से नहीं आते हैं जिससे संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा भी बना रहता है। जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है। बरसात के दिनों में पानी जमा हो जाता है। उन्होंने कहा कि जब तक नगर की समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता तब तक सीमा विस्तार नहीं किया जाये। ज्ञापन देने वालों में कौर कमेटी सदस्य देवेंद्र बैंसला, अथर अहसान, हाफिज नूर मोहम्मद, बोबा प्रधान, अतीक अहमद, राजू खेवान, प्रीतम सिंह, इमरान ठेकेदार, उस्मान चौधरी, मरदान अली, जोगिंदर सिंह, नीरज कुमार, राशिद खान, इंद्रेश, मोनू सागर आदि मौजूद थे।

# गन्ने का मूल्य पांच सौ रुपये करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** सोमवार को ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन (असली) की मासिक पंचायत में किसानों के मुद्दों पर जमकर मंथन हुआ और कई सख्त चेतावनियां दी गईं। पंचायत की शुरुआत पूर्व राज्यपाल व किसानों के मसीहा कहे जाने वाले सतपाल मलिक को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करके हुई।

पंचायत में गन्ना पेराई सत्र 2025-26 के लिए गन्ने का भाव 500 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करने की मांग गूंजी। किसानों ने अंश निर्धारण के नाम पर राजस्व विभाग, खासकर लेखपालों पर किसानों को परेशान करने का आरोप लगाया और

## किसानों ने सत्यपाल मलिक को दी श्रद्धांजलि



कहा कि फर्द में हुई त्रुटियों को 8 सितंबर तक हर हाल में सुधारा जाए, वरना तहसील मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना होगा। इसके अलावा, भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए मध्य गंगा नहर और संबंधित नहरों में पानी छोड़े जाने की मांग रखी गई। जिला प्रवक्ता नरेश कुमार ने कहा, गन्ने का भाव 500 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करना किसानों का हक है, इसमें देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला सचिव कपिल प्रधान बोले, अंश निर्धारण में हो रही गड़बड़ी और बिजली आपूर्ति की समस्या से किसान त्रस्त हैं, समय रहते समाधान जरूरी है। तहसील अध्यक्ष कलुआ खां ने कहा, आठ सितंबर की डेडलाइन के बाद किसान चुप नहीं बैठेंगे, धरना और आंदोलन ही आखिरी रास्ता होगा। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष जसपाल गिल, भूरे सिंह, जन्म सिंह, शाकिर, प्रदीप, राजवीर सिंह, लाखन सिंह, राजेन्द्र सिंह, नन्हे सिंह, प्रदीप कुमार, उधम सिंह, सोमवली, समरपाल सिंह आदि मौजूद रहे। संगठन ने बार एशोसिएशन द्वारा समर्थन दिए जाने पर अधिवक्ताओं का भी आभार जताया

# हैण्डबाल प्रतियोगिता में एएसएम खाता चैम्पियन



## मंडल स्तरीय टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिला स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता में एएसएम बाल विद्या मन्दिर इंटर कालेज खाता चैम्पियन बना। मंडल स्तरीय प्रतियोगिता अंडर-19 व 17 के लिए सात-सात खिलाड़ियों का चयन भी किया गया।

आठ अगस्त को मिनी स्टेडियम में जिला स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें एएसएम बाल विद्या मन्दिर इंटर कालेज खाता चैम्पियन रहा। प्रबंधक विरेन्द्र कुमार गुप्ता ने विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जबकि मंडल स्तरीय प्रतियोगिता जो कि 12 अगस्त को रामपुर में होनी है उसके लिए अंडर-19 में पारस दीप, अनिकेत, दीपांकर, वैभव, लवी चंदेल, विदिश व निर्भय का चयन किया गया। अंडर-17 में अर्श, कोशल चौधरी, निशांत, मोहम्मद उजैर, मोहम्मद अर्श, मुजस्सिम, निर्भय चौधरी का चयन हुआ है। इस मोके पर कोच जितेन्द्र कुमार शर्मा भी मौजूद रहे।

# मृत खाते का बहाना बना कैश जमा करने से इंकार

## बैंक में किसान नेता का अपमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** किसानों के हक की लड़ाई लड़ने वाले प्रदेश स्तरीय नेता के साथ बैंक में हुई कथित अभद्रता ने पूरे इलाके का माहौल गरमा दिया है। भारत भूषण सैनी का आरोप है कि उन्होंने पहले अपने खाते में दो लाख रुपये जमा कर दिए, लेकिन लंच टाइम होने से बाकी दो खातों में रकम जमा नहीं हो पाई। लंच के बाद जब वे कैशियर के पास पहुंचे, तो विनीत त्यागी ने रकम लेने से इनकार कर दिया और दोनों खातों को मृत बता दिया। सैनी का आरोप है कि शाखा के फील्ड ऑफिसर ने तुरंत खाते सक्रिय कर दिए, फिर भी कैशियर ने फील्ड ऑफिसर के निर्देशों को धता बताते हुए रकम जमा नहीं की और अभद्रता पर उतर आया। प्रदेश महासचिव का कहना है कि यह सिर्फ एक ग्राहक नहीं, बल्कि किसान समाज का अपमान है। अगर मेरी शिकायत का निस्तारण नहीं हुआ, तो मुरादाबाद और क्षेत्रीय कार्यालय पर किसान यूनियन का धरना तय है। कार्यवाही की मांग करते हुए सैनी ने चेताया। किसान यूनियन कार्यकर्ताओं का कहना है कि अब मामला सिर्फ एक बैंक कर्मी का नहीं, बल्कि किसानों की इज्जत का है। और इज्जत पर चोट की कीमत आंदोलन से ही चुकाई जाएगी। इस संबंध में संबंधित बैंक कर्मी का पक्ष मिलने पर उसको भी प्रकाशित किया जाएगा।

# जाम के कारण स्कूली बच्चे व लोग रहे परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** रक्षाबंधन से लौटने वालों की भीड़ और बिजनौर बैराज पर यातायात बंद होने के कारण गजरौला से होकर यातायात निकाले जाने के कारण चौपला पर सोमवार की सुबह यातायात का दबाब बढ़ गया। इस कारण स्कूल जा रहे बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ा। बस चालकों ने दूसरी साइड से स्कूली वाहनों को निकालकर बच्चों को स्कूल पहुंचाया। बता दें कि रक्षाबंधन से एक दिन पहले से ही जाम के हालातों से चौपला चौकी क्षेत्र जूझ रहा है। रविवार को भी जाम के हालात बने रहे तो वहीं सोमवार की सुबह को भी जाम रहा। जाम के चलते स्कूली वाहनों समेत अन्य वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्कूल वाहनों के चालकों ने तो दूसरी साइड में करके अपने वाहन निकाले, बच्चों के साथ साथ अन्य लोग भी जाम के कारण परेशान रहे। पुलिस ने हालांकि जाम खुलवाने के लिये काफी मशक्कत की, मगर वाहनों का दबाब इतना था कि जाम खुलने में काफी समय लग गया।



# छात्राओं में जगाई देशभक्ति की भावना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** स्वतंत्रता के 79वें अमृत महोत्सव के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत हाशमी गर्ल्स पी. जी. महाविद्यालय में देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने हेतु एक भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रप्रेम, एकता और संविधान के प्रति सम्मान की भावना को जागृत करना था। प्राचार्या डॉ. रिजवाना कुलसूम ने स्वतंत्रता दिवस के ऐतिहा. सिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह दिन केवल उत्सव और आनंद का ही नहीं, बल्कि उन अमर शहीदों को स्मरण करने का अवसर है, जिन्होंने अपनी मातृभूमि के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। इसके उपरांत शिक्षकों ने भारतीय संविधान, उसके मूल्यों, मूल अधिकारों और कर्तव्यों पर विस्तृत चर्चा की। भाषण प्रतियोगिता में 'भारत की एकता और अखंडता' विषय पर छात्राओं ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# तटबंध की पीचिंग का कार्य शुरू

## तटबंध टूटने से बिगड़ गए थे हालात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांगन नदी के तटबंध को सिंचाई विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद ठीक करा दिया है। तटबंध की और मजबूती के लिए तटबंध की पीचिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया है। अब तक तटबंध पर 400 मिट्टी के भरे कट्टे लग चुके हैं।

गौरतलब है कि नहटौर धामपुर मार्ग पर गांगन नदी पुल के निकट स्थित तटबंध चार दिन पूर्व शाम के समय पेड़ गिर जाने से टूट गया था। तटबंध टूटने पर आसपास की कॉलोनी व मोहल्ले में पानी घुस गया था। प्रशासन ने गांगन नदी के किनारे बसे गांव की ओर जलस्तर बढ़ने पर अलर्ट जारी कर दिया था। नहटौर धामपुर मार्ग पर आवागमन बंद कर दिया गया था। सिंचाई विभाग ने तटबंध को सही कराने के लिए कार्य शुरू कर दिया था। इसी दौरान जिलाधिकारी जसजीत कौर, एडीएम प्रशासन विनय कुमार, उप जिलाधिकारी धामपुर रितु रानी, सिंचाई विभाग के एसडीओ पुनीत कुमार चौधरी ने तटबंध का दौरा करके पालिका व सिंचाई विभाग के कर्मचारियों को तटबंध ठीक करने के दिशा निर्देश दिए थे। चार दिन से पालिका की टीम व सिंचाई विभाग की टीम ने युद्ध स्तर पर तटबंध को सही कराने के लिए कार्य किया।

शनिवार को तटबंध का कार्यपूर्ण होने पर सिंचाई विभाग ने वर्षा के चलते तटबंध को अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए तटबंध पर पीचिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

एसडीओ पुनीत कुमार चौधरी ने बताया कि तटबंध को सही करा दिया गया है। तटबंध की अधिक मजबूती के लिए मिट्टी के भरे कट्टों से पीचिंग कराई जा रही है। अब तक 400 कट्टे के माध्यम से पीचिंग का कार्य पूर्ण हो गया है। पीचिंग होने से तटबंध पर अधिक मजबूती होगी।

# गांगन नदी का जलस्तर कम होने पर सफाई अभियान शुरू

## प्रभावित गांवों में लगेंगे स्वास्थ्य शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांगन नदी का जलस्तर कम होने पर कई मोहल्लो में गंदगी से होने वाली बीमारियों को दृष्टिगत रखते हुए पालिका प्रशासन ने उन मोहल्लों में युद्ध स्तर पर सफाई अभियान चलाकर एंटी लार्वा का छिड़काव प्रारंभ कर दिया है।

एक सप्ताह से लगातार हो रही वर्षा के चलते गांगन नदी का जलस्तर बढ़ गया था। जलस्तर बढ़ने पर गंगान नदी के निकट नहटौर नूरपुर बाईपास सड़क के माध्यम से मौहल्ला छापेग्रांन, नेजो सराय, नौधा, गांगन नदी के आसपास की कॉलोनी में जल भराव हो गया था। गांगन नदी का जलस्तर कम होने पर उक्त मोहल्ले में पानी कम होने पर नालियों व सड़कों पर गंदगी का साम्राज्य हो गया। गंदगी को दृष्टिगत रखते हुए मोहल्ले में फैलने वाली बीमारियों को रोकने के लिए नगर पालिका प्रशासन नहटौर ने कार्य योजना बनाकर मोहल्लों में सफाई कर्मियों की टीम भेज कर सफाई अभियान प्रारंभ कराया तथा एंटी लार्वा का छिड़काव भी प्रारंभ कराया। अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने बताया कि जिन मोहल्ले में जल भराव से गंदगी हुई है। उन मोहल्लों की सफाई कराने हेतु तथा बीमारियों को रोकने के लिए एंटी लार्वा का छिड़काव प्रारंभ कर दिया गया है। इसके अलावा नगर के सभी वार्डों में वर्षा ऋतु को देखते हुए बीमा. रियों को रोकने के लिए एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाएगा। नागरिकों से बीमारियों को रोकने के लिए अपने मोहल्ले में जल भराव ना होने दे। जल भराव होने पर इसकी सूचना पालिका प्रशासन को दें ताकि समय से जल भराव की समस्या से निजात दिलाई जा सके। इसके अलावा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष आर्य ने बताया कि विकास खंड क्षेत्र में जिन गांवों में जल भराव की समस्या उत्पन्न हुई है। बीमारियों को दृष्टिगत रखते हुए सीएचसी पर जिला मुख्यालय से संपूर्ण दवाइयां मंगवा ली गई है। ग्राम प्रधान द्वारा जल भराव की सूचना मिलने पर उन गांव में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करके दवाइयां वितरित की जाएगी।

## एक नजर

### महात्मा टिकैत के संगठन का विस्तार



**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के संगठन विस्तार को लेकर ग्राम कल्हेड़ी में चौधरी रामपाल सिंह के प्रतिष्ठान पर एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें तहसील प्रभारी सुनील चौधरी की संस्तुति पर चौधरी अखिलेश निवासी ग्राम आलोपुर को ब्लॉक अध्यक्ष नजीबाबाद तथा शहजाद पुत्र मौहम्मद हनीफ निवासी ग्राम शाहजहांपुर रोशन उर्फ गढ़ीकपुरा को ब्लॉक अध्यक्ष युवा मनोनीत किया गया। सभा की अध्यक्षता चौधरी रामपाल सिंह ने की तथा संचालन जितेंद्र हुड्डा ने किया। जिला अध्यक्ष चौधरी सुखविंदर सिंह ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत एक ईमानदार और सर्व समाज का संगठन है। हमारे संगठन में लीडर पैदा किए जाते हैं, डीलर नहीं। भ्रष्टाचार के खिलाफ इस लड़ाई में भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत से जुड़े और संगठन को मजबूत करें। जिला महामंत्री जितेंद्र हुड्डा ने कहा कि यह घोर कलयुग का समय है। एक छोटे किसान को अपना आत्मसम्मान बचाना मुश्किल हो रहा है। वह जैसे-तैसे अपनी जीविका चला रहा है। हालात इतने खराब है कि स्वास्थ्य विभाग, तहसील, थाना तथा बिजली विभाग में छोटे से छोटे काम के लिए रिश्वत देनी पड़ती है। इस अवसर पर चौधरी जगबीर सिंह, अतुल चौधरी, कुलदीप मोर, जकी मलिक, शहजाद मलिक, कपिल चौधरी, गजेंद्र चौधरी, बहार आलम, आदेश शर्मा, सोहेल अंसारी, आसिफ, शादाब, सुनील चौधरी, सजाउद्दीन आदि लोग उपस्थित रहे।

### एटीएम का सुरक्षाकर्मी लापरवाह



**नजीबाबाद।** रेलवे स्टेशन पर स्थित एसबीआई के एटीएम पर तैनात सुरक्षा कर्मी ड्यूटी के समय स्टेशन परिसर में बने शुलभ शौचालय पर अक्सर बैठे हुए दिखाई देता है। वायरल वीडियो में एसबीआई का सिक्योरिटी गार्ड शौचालय पर बैठा हुआ दिखाई दे रहा है। नजीबाबाद रेलवे स्टेशन एक बड़ा जंक्शन है। जहां से हजारों की तादाद में लोग यात्रा करते हैं और स्टेशन पर बने एटीएम का लाभ अर्जित करते हैं। साथ ही साथ स्थानीय लोग भी एटीएम का लाभ उठाते हैं, लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से तैनात सिक्योरिटी गार्ड अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं कर रहा है। आएदिन एटीएम पर आए व्यक्तियों द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के बारे में जीआरपी एवं पास में ही बनी बुकिंग काउंटर पर जानकारी प्राप्त करने पहुंचते हैं। बैंक अधिकारियों द्वारा भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जीआरपी द्वारा भी बैंक अधिकारियों को सूचित किया गया था कि सुरक्षा की दृष्टि से एटीएम पर गार्ड की व्यवस्था सुनिश्चित करें। लेकिन बैंक अधिकारियों द्वारा इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### ग्राम प्रधान के वालिद का इंतकाल



**किरतपुर।** किरतपुर के गांव चाण्डक तुर्क (चिड़ियापुर) के प्रधान एवं किसान नेता मौहम्मद अजमईन के वालिद मोहतरम जनाब गुलाम अहमद का इंतकाल हो गया है। वह काफी अर्से से बीमार चल रहे थे। उनके इंतकाल पर क्षेत्र के हजारों लोगों ने दिली रंजोगम का इजहार किया है। गांव चाण्डक तुर्क के मौजूदा ग्राम प्रधान मौ. अजमईन के वालिद गुलाम अहमद काफी अर्से से बीमार चल रहे थे। वह मिलनसार व्यक्ति थे, नेक शख्सियत के मालिक थे। शनिवार की रात्रि ने उन्होंने आखिरी सांस ली और दुनिया से फानी हो गये। उनकी जनाजे की नमाज बाद नमाज ए जौहर मदरसे में अदा की गई। जनाजे में बहुत बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। शहर किरतपुर और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने गांव पहुंच कर शोकाकुल परिवार से शोक संवेदना व्यक्त की। किसान नेता चौधरी दिगम्बर सिंह, अरविन्द राजपूत, यशवंत सिंह, मौ. रजी, रालोद नेता काजी तारिक अली, चौधरी शूऐब, गुलसिताब, वाजिद प्रधान, किसान नेता आदिल जैदी, ग्राम प्रधान मौ. आबिद, प्रधान शराफत, प्रधान अकील, तौफीक अहमद प्रधान, शेख मौहम्मद जाहिद, नवाब मंसूरी, मौ. आजाद, नौशाद अहमद, नवाब खां, फहीम सराय इम्मा एवं युवा पत्रकार मुसैब सिद्दीकी, मौ. परवेज एवं वरिष्ठ पत्रकार मौ. याकूब आदि रहे।

### बी.काम. प्रथम वर्ष में सलोनी प्रथम



**बिजनौर।** एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा बी.कॉम. प्रथम वर्ष के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर डिग्री कॉलेज, बिजनौर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बी.कॉम. प्रथम वर्ष की छात्रा सलोनी कश्यप ने 64.30 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, मौहम्मद अमन ने 60.07 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय एवं खुशी ने 57.20 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, प्राचार्य एवं विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### बसेड़ा कुंवर में स्वास्थ्य शिविर



**धामपुर।** ग्राम बसेड़ा कुंवर में स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को नि:शुल्क जांच शिविर लगाया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। टीम ने 38 लोगों में ब्लड प्रेशर, 22 में शुगर और 20 में बुखार की पुष्टि की। शिविर शिवा मंदिर परिसर में पूर्व ग्राम प्रधान विपिन कुमार के सहयोग से आयोजित हुआ। उद्घाटन पूर्व ग्राम प्रधान संध्या देवी और डॉ. सुशील कुमार ने किया। धामपुर पीएचसी से आई टीम में डॉ. सुशील कुमार, लैब टेक्नीशियन बृजेश चौहान, सुपरवाइजर राहुल कुमार, स्टाफ नर्स निधि रानी और सीएचओ जयश्री शामिल रहे। टीम ने लोगों को साफ-सफाई, पानी जमा न होने देने और पीने के पानी को उबाल कर पीने की सलाह दी। शिविर के संचालन में एकांत कुमार, दीपू कुमार, अरविंद कुमार, ओम नारायण सिंह, सत्येंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार, विजयपाल सिंह, महिपाल सिंह, सुरेश कुमार, मान सिंह, महेश कुमार, हिरदेश कुमार और सुनील कुमार का योगदान रहा।

# आरएसएम कॉलेज में 'हर घर तिरंगा' की गूंज




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** स्वतंत्रता दिवस से पहले आरएसएम कॉलेज में 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने तिरंगा फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कहा कि यह अभियान देशभक्ति को नई ऊंचाई देने का प्रयास है।

चीफ प्रॉक्टर प्रो. एस.एल. पाल ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व पर हर नागरिक को तिरंगे के सम्मान में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि तिरंगे से सजे घर देश की एकता और अखंडता का प्रतीक होंगे। इस मौके पर एनएसएस, रोवर-रेंजर, एनसीसी समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रो. अमित कुमार सिंह, डॉ. जितेंद्र चौधरी, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. रवि धनकड़, डॉ. भारती चौहान, डॉ. भावना वत्सल, डॉ. हिमांशु त्रिपाठी, डॉ. देवेश पाठक और कॉलेज स्टाफ ने हिस्सा लिया।

# बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण

## एडीओ पंचायत अनिल कुमार ने दिए सफाई अभियान चलाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विकास खंड अल्हैपुर के बाढ़ प्रभावित ग्रामों का एडीओ पंचायत अनिल कुमार व ग्राम पंचायत सचिव मोहित कुमार ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान हसनपुर पालकी, सद्दौबेर, जोतहिम्मा, नवादा केशी, लतीफपुर उर्फ सिपाहीवाला व बेरखेड़ा टांडा आदि गांवों का दौरा किया गया।



अधिकारियों ने बताया कि ग्राम सद्दौबेर में खो नदी का जलस्तर घटने से जलभराव की समस्या नहीं है। ग्राम जोतहिम्मा के संपर्क मार्ग पर पानी भरने से लोगों को आवाजाही में कठिनाई हो रही है। वहीं, अस्थायी गौ आश्रय स्थल में 239 गौवंश सुरक्षित व स्वस्थ पाए गए और उन्हें पर्याप्त चारा उपलब्ध है।

ग्राम सिपाहीवाला में भी खो नदी का जलस्तर घट रहा है। अधिकारियों ने ग्रामीणों, विशेषकर बच्चों, को नदी किनारे या जलभराव वाले मार्गों पर न जाने की अपील की। इसके अलावा ग्राम प्रधान, पंचायत सहायकों व सफाई कर्मियों के साथ बैठक कर सभी पंचायतों में सफाई अभियान व कीटनाशक दवा छिड़काव करने के निर्देश दिए गए।

इस मौके पर हल्का लेखपाल, कानूनगो, ग्राम प्रधान दिनेश कुमार, मोहम्मद राशिद, महेंद्र सिंह, पंचायत सहायक व ग्रामीण मौजूद रहे

# फसलों की क्षति का आंकलन कार्य शुरू

## तीस प्रतिशत से अधिक नुकसान वाले किसानों को मिलेगा मुआवजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांगन नदी का जलस्तर कम होने पर बाढ़ग्रस्त इलाके में पहुंचकर राजस्व विभाग की टीम ने फसल क्षति को देखते हुए आंकलन का कार्य शुरू किया है। 30 प्रतिशत से अधिक नुकसान होने वाले किसानों को मुआवजा दिलाया जाएगा।

जानकारी के अनुसार एसडीएम धामपुर रितु रानी के निर्देश पर नायब तहसीलदार राजकमल, कानूनगो ओमवीर सिंह, लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि, चंद्रभान सिंह, विपिन कुमार आदि ने गांव सिजौली, मुनीमपुर, सहानपुर नवादा में बाढ़ से हुए फसल की क्षति आंकलन का कार्य शुरू किया। सोमवार को खेतों पर पहुंचकर आंकलन किया गया। नायब तहस. ीलदार राजकमल ने बताया कि 30 प्रतिशत से अधिक नुकसान होने वाले किसानों को मुआवजा दिलाया जाएगा। इसके लिए आंकलन के बाद रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजी जाएंगी।

बताया जाता है कि गांगन नदी का जलस्तर बढ़ने पर गांगन नदी के किनारे बसे गांवों में बाढ़ आ गई थी। धान, चारा के अलावा गन्ने की फसल में जलभराव होने पर फसल प्रभावित हुई है।

# विधायक डॉ. नीरज बोरा आईवीएफ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा को उनके द्वारा संगठन के लिए किए गए अनेकों कार्य को देखते हुए उन्हें संगठन का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है।

जिलाध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने बताया कि डॉ. नीरज बोरा सामाजिक कार्यक्रमों में, देशभक्ति कार्यक्रमों में, धार्मिक कार्यक्रमों में और विकास के सभी कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते हैं और उन्होंने संगठन को पूरे उत्तर प्रदेश में व्यापक रूप में मजबूत बनाने का कार्य किया है। डॉ. नीरज बोरा को संगठन का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाना उन्हें उनकी मेहनत व उनकी सक्रियता का इनाम है। बधाई देने वालों में जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल, प्रधान जिला महामंत्री तुषार अग्रवाल, महिला जिला अध्यक्ष रितु अग्रवाल, युवा जिला अध्यक्ष वासु अग्रवाल, रो. हित अग्रवाल, संजय अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, विकास अग्रवाल, तनु गोयल, डॉ. वर्षा अग्रवाल, वैभव गर्ग एडवोकेट, मुकेश गोयल, विजय मोहन गुप्ता, अमित अग्रवाल, रजत अग्रवाल, आयुष बंसल, चिराग अग्रवाल, हिमांशु तायल, पल्लव अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल एडवोकेट, आलोक अग्रवाल, डॉ. पवन अग्रवाल, अनमोल गुप्ता आदि रहे।

# राम जी की निकली सवारी, राम जी की लीला न्यारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया।

न्यू हिंदू कॉलोनी में सत्यम चौहान के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन रामजी की निकली सवारी रामजी की लीला न्यारी यह भजन सबको खूब पसंद आए। सब ने तालियां बजाकर उत्सव वर्धन किया। अंत में संस्था द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में सुभाष चौहान, शोभा चौहान, सत्यम चौहान, सिद्धार्थ चौहान, मासी, अगम सिंह, अभिनंदन चौहान, मनाली, अंजना, युक्ति, लव कुश आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से रामप्रकाश वर्मा, मनोज रस्तोगी, सुनील चौहान, प्रीतम सैनी, संदीप भारद्वाज, नंदकिशोर रस्तोगी, सर्वेश गिरी, प्रवेश मिश्रा, रणवीर सिंह आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।



# दिव्यांगजन प्रशिक्षण पाकर पाएं रोजगार

**बिजनौर।** 06 से 13 अगस्त 2025 को दिव्यांगजन रोजगार अभियान मनाये जाने के तहत 13 अगस्त को प्रात: 10 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बिजनौर में रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा, जिसमें जनपद में ऐसे दिव्यांगजन जिनकी 14 से 35 वर्ष आयु हो और कौशल विकास मिशन या आईटीआई व अन्य प्रशिक्षण प्राप्त या अन्य कोई भी दिव्यांगजन रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है और रोजगार या स्व-रोजगार प्राप्त कर सकते है।

# मदद को आगे आए विधायक अशोक राणा

## जलभराव से बेहाल परिवारों को विधायक पुत्र ने बांटी राहत सामग्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** लगातार बारिश और नदियों के उफान ने धामपुर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में तबाही मचा दी है। अनेक बस्तियों में जलभराव के कारण हालात बेहद खराब हो चुके हैं। घरों में पानी घुसने से गरीब परिवारों के पास खाने-पीने की वस्तुओं का संकट गहराने लगा है। कई लोग खुले आसमान के नीचे तंबुओं में दिन गुजारने को मजबूर हैं।

ऐसे कठिन समय में क्षेत्रीय भाजपा विधायक अशोक राणा के निर्देश पर उनके पुत्र राणा प्रियंकर सिंह सोमवार को स्वयं विभिन्न जल प्रभावित इलाकों में पहुंचे। उन्होंने पीड़ितों को राहत सामग्री के रूप में दाल, चावल, आटा, तेल, नमक और अन्य आवश्यक सामान अपने हाथों से वितरित किया।






राहत सामग्री पाकर कई पीड़ित परिवारों की आंखें भर आईं। महिलाओं ने विधायक परिवार का हाथ पकड़कर धन्यवाद दिया, वहीं बच्चों के चेहरों पर लंबे समय बाद मुस्कान लौट आई।

राणा प्रियंकर सिंह ने कहा कि यह संकट का समय है और ऐसे वक्त में जरूरतमंदों के साथ खड़े रहना ही सच्ची सेवा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते, मदद का सिलसिला जारी रहेगा। विधायक अशोक राणा ने बताया कि उन्होंने प्रशासन को जलभराव से हुए नुकसान की भरपाई और प्रभावित परिवारों को हर संभव राहत उपलब्ध कराने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं।

### रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने की जरूरतमंदों की मदद

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पूनम सैनी के आवास पर वार्ड नंबर आठ में रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने जरूरतमंद लोगों को राहत सामग्री वितरित की। इस मौके पर समाजसेवी रवि शंकर सैनी ने संस्था के पदाधिकारियों का आभार जताया और कहा कि ऐसे कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

# जामा मस्जिद इंतेजामिया कमेटी को भी मिली हाईकोर्ट से बड़ी राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** शाही जामा मस्जिद के दूसरी बार सर्वे कराने पर भड़की हिंसा के मामले में सदर को जमानत के बाद अब उच्च न्यायालय ने मस्जिद इंतेजामिया कमेटी के लोगों को भी बड़ी राहत प्रदान की है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की पीठ ने पुलिस को बड़ा झटका दिया है। हिंसा में आरोपी बनाये गए कमेटी के आठ लोगों की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली है।

विगत वर्ष 24 नवम्बर 24 की सुबह सवेरे शाही जामा मस्जिद का दूसरी बार सर्वे कराने और अंदर तोड़फोड़ की अफवाह पर हिंसा भड़क गयी थी। पूरा क्षेत्र हिंसा की आग में झुलस गया था। पथराव और वाहनों में आगजनी के साथ गोली बारी में पांच की जान चली गई थी। हिंसा के आरोप में सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क समेत सदर विधायक पुत्र सुहैल इकबाल को नामजद कर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। हिंसा में पांच की मौत पर प्रदेश सरकार की ओर से जांच के लिए न्यायिक आयोग के साथ एसआईटी का भी गठन किया गया था। एसआईटी ने सदर शाही जामा मस्जिद जफर अली एड. को चार घंटे से अधिक पूछताछ के बाद चालान कर दिया था। अदालत ने उन्हे जेल भेज दिया था। जबकि एसआईटी ने अपनी जांच पूरी कर सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क समेत शाही जामा मस्जिद की इंतेजामिया कमेटी के लोगों के खिलाफ चार्जशीट अदालत में भेज दी थी। जबकि सुहैल इकबाल का नाम हिंसा में शामिल न होने के आरोप से निकाल दिया था। हालांकि उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति समीर जैन की एकल पीठ ने जफर अली की जमानत को मंजूर कर लिया था। 131 दिन बाद जफर अली जेल से रिहा होकर घर वापस आये थे। निचली अदालत की ओर से आरोपी बनाये गए मस्जिद कमेटी के लोगों को समन जारी किए गए थे। जिसके खिलाफ मस्जिद कमेटी की ओर से इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर अग्रिम जमानत मंजूर करने की गुहार लगायी। मस्जिद कमेटी के लोगों के अधिवक्ता सय्यद इकबाल अहमद ने बताया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय की पीठ ने उनकी दलीलों से संतुष्ट होकर कमेटी के हाजी लडडन खान, रिज़वान, दानिश, रफीक अली, मौहम्मद आसिम, जमशेद आलम, राशिद खान व अब्दुल रहमारन की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली है।

**○ उच्च न्यायालय ने मंजूर की अग्रिम जमानत याचिका**



सम्भल- ग्राम रायपुर कला के उच्च प्राथमिक विद्यालय में मासूम छात्रा को गुलाब का फूल देते डीएम।

## कन्या सुमंगला योजना में जिले को मिला पहला स्थान

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सम्भल।** महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओ में विकास से सम्बन्धित मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की जारी रिपोर्ट में जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इससे पूर्व माह अगस्त 2024 में द्वितीय, माह सितंबर 2024 में तृतीय, जनवरी 2025 में प्रथम, माह फरबरी 2025 में प्रथम, माह अप्रैल 2025 में प्रथम, माह मई 2025 में प्रथम, माह जून 2025 में प्रथम एवं माह जुलाई 2025 में प्रथम स्थान रहा हैं।



सम्भल- ग्राम रूकनुददीन सराय में अवैध मकानों पर लाल निशान लगाते राजस्व विभाग के कर्मचारी।

# स्कूल के पीछे बंधी बकरियां चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कैला देवी थाना क्षेत्र के चाचू नागल गांव में रविवार को गांव के प्राइमरी स्कूल के पीछे मार्ग पर बंधी दो बकरियों व एक बकरे को गाड़ी सवार कुछ लोग गाड़ी में डालकर ले गए। अन्य लोगों ने किसान को सूचना दी तो वह मौके पर पहुंचे, तब तक गाड़ी काफी दूर जा चुकी थी।

थाना क्षेत्र के चाचू नागल गांव निवासी विक्की पुत्र हरिश्चंद्र की एक बकरी तथा एक बकरा, सतीश पुत्र गजराम की एक बकरी गांव के ही प्राइमरी स्कूल के पीछे मार्ग पर रविवार को बंधी हुई थीं। उसी समय एक गाड़ी में सवार तीन युवक बराबर से निकले और गाड़ी रोककर रस्सी काटकर दो बकरियों व एक बकरे को गाड़ी में डालकर ले गए। ग्रामीणों की सूचना पर किसान मौके पर पहुंचा तो तब तक गाड़ी निकल चुकी थी। रविवार शाम को इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

# कृमि मुक्ति दिवस पर स्कूली बच्चों को खिलाई एल्बेंडाज़ोल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विकासखंड बहजोई के ग्राम रायपुर कला के उच्च प्राथमिक विद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर स्कूली बच्चों को एल्बेंडाज़ोल टेबलेट का सेवन कराया गया।

बहजोई विकासखंड के ग्राम रायपुर कला के उच्च प्राथमिक विद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का डीएम डा. राजेन्द्र पैंसिया व मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को एल्बेंडाजोल की टैबलेट का सेवन कराया। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने विद्यालय का निरीक्षण किया एवं बच्चों की उपस्थिति के विषय में जानकारी प्राप्त की और जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जर्बाकि इसी विकासखंड के ग्राम कनेटा के प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनवाड़ी केंद्र का जिलाधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि शैक्षिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि आधारभूत सुविधाओं को प्रत्येक दशा में ध्यान में रखें और समय रहते हुए स्कूल के सभी पैरामीटर्स को ध्यान में रखते हुए कार्य करें। इस अवसर पर सीएमओ डा. तरुण पाठक, बीएसए अलका शर्मा, एसीएमओ डा. पंकज कुमार बिश्नोई आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# शहर के बाद गांव में भी पहुंची बुल्डोजर की आंच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** शहर के बाद अब गांव में भी अतिक्रमण की आंच पहुंच गयी है। नगर के निकटवर्ती गांव और थाने को जाने वाले रास्ते पर राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने चिन्हीकरण कर लाल निशान लगाये।

नगर के मुख्य चौराहों के सौन्दर्यकरण और प्रतिमाएं लगाने व चौड़ीकरण करने को निशान लगाकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दुकानदारों को दिए थे। कुछ दुकानदारों ने तोड़फोड़ कर चिन्हित किए स्थान तक निमार्ण कार्य को ध्वस्त कर लिया जबकि कई बेरोजगार हुए दुकानदार अपनी-अपनी दुकानो का सामान निकालकर छोड़कर चले गए है। परन्तु काफी समय बीत जाने के बाद भी चौराहों पर न तो कोई चौड़ीकरण कराया गया है और न ही सौन्दर्यकरण जबकि बुल्डोजर ले जाकर दुकानदारों को निर्धारित तिथि तक निर्माण कार्य न हटाने पर ध्वस्त करने की चेतावनी कई बार दी गई। इसके अलावा शहर के अन्य मार्गो पर भी चौड़ीकरण के नाम पर अतिक्रमण को ध्वस्त कराया गया। शहर में चले इस अभियान के बाद इसकी आंच अब गांवो में भी पहुंचने लगी है। नगर के निकटवर्ती गांव रूकनुददीन सराय में सोमवार को तहसीलदार के नेतत्व में राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने पहुंचकर नखासा थाने को जाने वाले मार्ग पर सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे कर बनाय गए मकान व दुकानों को चिन्हित कर लाल निशान लगाये। अवैध कब्ज़ों के खिलाफ चले इस अभियान में ग्राम पंचायत और स्कूल की ज़मीन पर बने 38 अवैध मकान व 15 दुकानों को चिन्हित किया गया। तहसीलदार ने बताया कि चिन्हित किए गए स्थानों पर बुल्डोजर की कार्यवाही के लिए जली दी नोटिस जारी किए जायेंगे।

**○ग्राम रूकनुद्दीन सराय में 38 मकान व 15 दुकानें चिन्हित, लगाए लाल निशान**

## हर घर तिरंगे को एमजीएम के छात्र-छात्राओं ने किया प्रोत्साहित

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** एमजीएम महाविद्यालय में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत विभिन्न आयोजन किए गए। यह कार्यक्रम 11 से 15 अगस्त के बीच तीन चरणों में मनाये जाने वाले इस अभियान में देशभक्ति को प्रोत्साहित कर स्वतंत्रता दिवस को भव्य उत्सव मनाया जायेगा। प्राचार्य प्रोफेसर डा. योगेंद्र सिंह के निर्देशन में छात्र छात्राओं और शिक्षक शिक्षिकाओं को भारत की समृद्व सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने और देश तथा देशवासियों के प्रति निष्ठावान रहने की प्रतिज्ञा दिलाई। कार्यक्रम के दूसरे चरण में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्य ने भारत के स्वतंत्रता सेनानियों का स्मरण करते हुए देशवासियों को अपने दायित्वों के प्रति प्रेरित कर भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के संयोजक डा. फहीम अहमद रहे। कार्यक्रम में डा. धीरेंद्र सिंह, डा.नेमपाल सिंह, डा. अजय कुमार, चीफ प्रॉक्टर राघवेंद्र प्रताप सिंह, डा. नवीन यादव ,डा. शशिकांत गोयल, डा. भानु भास्कर प्रजापति डा.अमृतेश अवस्थी तथा सोनू और सौरभ कुमार का विशेष सहयोग रहा।

# प्रदेशाध्यक्ष का करीबी बताकर अवैध उगाही करता है नोडल अधिकारी



सम्भल-उपमुख्यमंत्री को शिकायती पत्र राभ्रदप के पदाधिकारी।

**○राभद्रप के कायकर्ताओं ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से की शिकायत**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जनपद में लचर और भृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं पर सवालिया निशान लगाते हुए राभद्रप ने फिर मोर्चा खोला है। उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक को पत्र देकर सीएमओ पर उपमुख्यमंत्री के नाम का प्रयोग करने समेत विभागीय अन्य अधिकारियों पर गम्भीर आरोप लगाकर कार्यवाही की मांग की है। राष्ट्रीय भृष्टाचार दमन परिषद प्रदेशाध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्रजेश यादव के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ता लखनऊ पहुंचे और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मिले। उपमुख्यमंत्री को शिकायती पत्र सौंपकर मुख्य चिकित्साधिकारी पर उनके नाम का इस्तेमाल कर भृष्टाचार करने का आरोप लगाया जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंवासा पर तैनात फार्मासिस्ट ग्रीस शर्मा द्वारा हेपेटाइटिस सी की दवाई बाहर से लिखने एवं अवैध उगाही, एक प्राइवेट व्यक्ति को अवैध रूप से रखना, मौर्य मेडिकल स्टोर पर सरकारी दवाई को बेचने की शिकायत साक्ष्यों सहित दिनांक 21 जुलाई 2025 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी तरुण पाठक जी से करने की जानकारी दी। इसके लिए सीएमओ की ओर से 7 दिन का समय कार्रवाई के लिए मांगा था लेकिन कार्यवाही के नाम पर अब तक टालमटोल करने से सीएमओ की भृष्टाचार की भूमिका दर्शाता है। नोडल अधिकारी मनोज चौधरी पर लगातार अवैध उगाही करने और एक दिन झोलाछापों पर कार्रवाई के नाम पर उनकी दुकान पर सील लगते हैं और अगले ही दिन 50000 से 1 लाख रुपए लेकर उस दुकान को खुलवा देने और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का करीबी बताकर जनपद सम्भल के चिकित्सकों से लगातार अवैध उगाही करने का आरोप लगाया। इसके अलावा पूर्व में राभद्रप की शिकायत पर शासन द्वारा डा. जगपाल सिंह पर कार्रवाई की गई थी और बाद में उसे जेल भेज दिया गया था जेल से आने के बाद किसी अन्य जनपद में से तैनात कर दिया गया है लेकिन आज भी डा. जगपाल सिंह जनपद संभल के जिला अस्पताल में अपना दरबार लगाने का आरोप लाकर शिकायत की। राभद्रप कायकर्ताओं ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से कहा कि उक्त क्रिया कलापों से सरकार की कार्यशाली पर प्रश्न चिन्ह लगते हैं। इसलिए उक्त प्रकरणों को संज्ञान में लेकर तत्काल प्रभाव से किसी अन्य जनपद के अधिकारियों द्वारा जांच करा कर संबंधित पर कार्यवाही की मांग की।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता की गठित एसोसिएशन के पदाधिकारी।

## फिटनेस बॉडी बिल्डिंग कराएगा प्रतियोगिता

**सम्भल।** नवम्बर माह में होने वाली जिला स्तरीय शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता की तैयारियां तेज कर दी गई है। नेशनल स्तरीय जज ने एसोसिएशन का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी।नगर के जहूर गार्डन स्थित नेशनल जिम में आयोजित बैठक में नेशनल स्तरीय जज नजमुलनबी तथा अल्ताफ अहमद ने सम्भल फिटनेस बाडी बिल्डिंग एसोसिएशन का गठन किया। इस दौरान आलम को अध्यक्ष, हाजी नाजिश को सेक्रेटरी, आसिफ हुसैन को जनरल सेकेट्री, मौहम्मद अजहर को उपाध्यक्ष, मौहम्मद फराज एडवोकेट को चैयरमैन व मीडिया प्रभारी का दायित्व देकर तथा प्रमाण पत्र दिए। बैठक में नवम्बर माह में होने वाली जिला स्तरीय शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता को जल्द ही तिथि घोषित करने का निर्णय लिया। जबकि एक राज्य स्तरीय बाडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन सम्भल फिटनेस बाडी बिल्डर्स ऐसोसियेशन के तत्वावधान में करने का निणय लिया। इस दौरान नव नियुक्त पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया।



सम्भल- नवाब महमूद गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रायें तिरंगा रैली निकालते।

## तिरंगा रैली निकालकर जगायी देश भक्ति की अलख

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में कॉलेज की छात्रओं ने तिरंगा रैली निकालकर देश प्रेम की अलख जगाई। नगर के नवाब महमूद अंसारी गर्ल्स इंटर कॉलेज में छात्राओं ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में एक तिरंगा रैली का आयोजन किया। रैली में तिरंगा लेकर चल रही छात्राओं ने देश भक्ति से ओत-प्रोत नारे लगाकर देश प्रेम की अलख जगाकार सभी से अपने घरों पर तिरंगा झंडा लगाने और स्वतंत्रता दिवस का पर्व उत्साह के साथ मनाने का आहवान किया। इस दौरान प्रधाानाचार्य कुमारी रफत जहां ने कहा कि यह राष्ट्रीय पर्व है।देश के हर नागरिक को अपने घरों पर इस दिन तिरंगा झंडा जरूर लगाना चाहिए। विद्यालय के संयोजक सईद अख्तर इसराइली ने कहा कि हम सबको स्वतंत्रता दिवस पर सारे काम बाद में पहले तिरंगा झंडा लगाने को प्रेरित किया।

# दुल्हन की तरह सजाई जाएगी तिरंगा मार्केट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** तिरंगा मार्केट में व्यापारियों ने बैठक करके स्वतंत्रता दिवस पर हर दुकान तिरंगा लगाकर मार्केट में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर मार्केट को दुल्हन जैसी सजाने की योजना बनाई।

तिरंगा मार्केट में दुकानदारों व्यापारियों ने बैठक करके 13, 14, 15 अगस्त को हर दुकान तिरंगा लगाकर अपनी अपनी दुकानों को सजाने की जिम्मेदारी ली और मार्केट में तिरंगा बांटने की योजना बनाई। व्यापारी ताहिर हुसैन ने कहा कि 13, 14, 15 अगस्त को 3 दिन तिरंगा मार्केट की हर दुकान पर तिरंगा लगाकर सभी व्यापारी अपने-अपने प्रतिष्ठानों को सजाएंगे। मार्केट में राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया जाएगा।ताहिर हुसैन ने तिरंगा मार्केट में तथा सामने हाई वे पर देश भक्ति के गीत बजाने तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का भी प्रस्ताव रखा। मोहम्मद जुबेर आलम ने कहा कि गत वर्षो की भांति स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व तिरंगा मार्केट में धूमधाम, उमंग, उत्साह के साथ सभी दुकानदार व्यापारियों के सहयोग से यादगार बनाया जाएगा। इस मौके पर मो. आबिद हुसैन, हाजी मो. हबीब, राव आकि, मो. नाजिम, मो. आजम, मो. उसामा, मो. तसलीम, आदित्य शर्मा, तेजपाल सैनी, रितिक शर्मा, मो. अजीम, डा. सुधांशु वर्मा, फजलुर रहमान, मो. कमर, मो. आसिफ, मो.जुबेर, मो.अजमत ने स्वतंत्रता दिवस पर्व धूमधाम से मनाने का आहवान किया।

## बेटी की हत्या करने वाला आरोपी पिता गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जुनावई थाना क्षेत्र के गांव में 17 वर्षीय युवती के सिर में डंडा मारकर हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दर्ज मुकदमे के आधार पर कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया है।

बीते 8 अगस्त को थाना क्षेत्र के लतीफपुर टोड़ी गांव निवासी वीरपाल पुत्र हरिश्चंद्र का गांव की महिला के साथ अवैधा संबंधथे। जहां वीरपाल की बेटी गुड़िया विरोधा करती थी। अवैधा संबंध में विरोध करने पर बेटी को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया। 17 वर्षीय अपनी बेटी गुड़िया के सिर में डंडा मार कर उसके पिता और महिला द्वारा हत्या कर दी गई थी। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक उमेश सिंह सोलंकी और निरीक्षक अपराध बलराम सिंह ने टीम के साथ हत्या करने के आरोपी वीरपाल पुत्र हरिश्चंद्र को गिरफ्तार कर लिया।

# रेलवे में फर्जी नियुक्ति पत्र देकर रकम ठगने का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** फर्जी तरीके से कूटरचित नियुक्ति पत्र तैयार कर रेलवे मे नौकरी लगवाने के नाम पर लोगो से धोखाधड़ी कर पैसे हड़पने के एक आरोपी को पुलिस गिरफ्तार किया। पकड़े गया आरोपी अपने दूसरे साथी के संग मिलकर नियुक्ति पत्र व फर्जी जात,निवास और आधार कार्ड में फर्जी स्थायी पता कूट रचित दस्तावेज तैयार करते थे।

पुलिस अधीक्षक के के विशनोई ने बताया कि 07.05.2025 को भारत सिंह पुत्र कोमल सिंह नि. ग्राम विजयपुर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद ने तहरीर दी कि फारूक, गुडडू द्वारा रेलवे मे नौकरी लगवाने के नाम रूपये ठग लिये गये और उसे एक कूटरचित नियुक्ति पत्र तैयार करके दे दिया। पुलिस ने आरोपी फारूख के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी असमोली अपराध कुलदीप कुमार के नेतृत्व म अपराध एवं अपराधियों के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान में फारूक मलिक पुत्र सरवर अली नि. मौहम्मदपुर टांडा थाना कोतवाली सम्भल को सम्भल हयातनगर मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपने साथी मनोज तोमर पुत्र समय सिंह ठाकुर नि. सिसौली के पास ग्राम गढ़ी थाना भावनपुर जनपद मेरठ के साथ मिलकर लोगो से धोखाधड़ी करके रेलवे में नौकरी के नाम पर पैसे ऐठना तथा उनको फर्जी कूटरचित नियुक्ति पत्र व फर्जी जाति प्रमाण पत्र, फर्जी मूल निवासी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड मे फर्जी स्थायी पता जैसे कूटरचित दस्तावेज तैयार करना बताया है। आरोपी का चालान कर दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम निरीक्षक रामवीर सिंह, निरीक्षक लोकेन्द्र कुमार आदि रहे।



सम्भल-फर्जी नियुक्ति पत्र देकर रकम हड़पने का खुलासा करते एसपी।

# किसान सबसे अधिक बिजली विभाग से परेशान:शंकर सिंह

**○भाकियू अराजनैतिक की बैठक में किसानों ने लगाए गम्भीर आरोप**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने बैठक आयोजित कर किसानों की समस्याओं का मुद्दा उठाया। जबकि जिला अध्यक्ष ने सर्वाधिक विद्युत विभाग से परेशान होने और जनपद में यूरिया की किल्लत झेलने के आरोप लगाए।

बहजोई देहात स्थित जनकल्याण योग आश्रम में आयोजित बैइक में जिला अध्यक्ष शंकर सिंह यादव ने कहा कि शासन प्रशासन जिले के किसानों को फसल बुवाई तथा अच्छी फसल रखने हेतु उर्वरक उपलब्ध कराने में नाकाम रहा है। आज किसान अपने काम धंधों को छोडकर उर्वरक वितरण केंद्रों पर लाइन में लगा हुआ है। लेकिन जनपद के जिम्मेदार अधिकारी पर्याप्त मात्रा में किसानों को खाद उपलब्ध नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा संगठन लगातार खाद की आपूर्ति बढ़ाने की मांग करता आ रहा है। इसके अलावा जनपद में पशुपालन विभाग ग्रामीण क्षेत्रें में पशुओं की देखभाल नहीं कर पा रहा है। बरसात के मौसम के चलते पशु बीमार हैं। इसके अलावा कृषि विभाग दलालों का अडडा बन गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि विभाग द्वारा किसानों को जागरूक करने के बजाय कार्यालय में बैठकर खाना पूर्ति की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव और गंदगी की समस्या है। गन्ना किसानों का बकाया भुगतान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो 22 अगस्त को जिलाधिकारी कार्यालय पर संगठन बड़ा आंदोलन करेगा। इस दौरान वीरेश यादव, शिशुपाल सिंह, के पी राणा, शंकर सिंह आर्य, पंकज यादव, अशोक सिंह, दिनेश एडवोकेट, अनुज वार्ष्णेय, वीरपाल सिंह, विजय सिंह, महेश कुमार, राम खिलाड़ी सिंह, मुलायम सिंह आदि रहे।



सम्भल- भाकियू अराजनैतिक की बैठक में एकता का प्रदर्शन करते कार्यकर्ता।

## जिला बदर गिरफ्तार

**सम्भल।** कैलादेवी थाना क्षेत्र के लधनपुर गांव निवासी वांछित जिलाबदर आरोपी बंटी उर्फ मोरपाल पुत्र नरेश गुंडा एक्ट व आर्म्स एक्ट में वांछित था। जिसे जिलाबदर किया गया था। पुलिस टीम ने उसे धर दबौच लिया।

# खाद के साथ दवा या अन्य वस्तु देने का प्रयास किया, तो रजिस्ट्रेशन होगा समाप्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भाकियू असली के पदाधिकारियों के साथ उप जिलाधिकारी ने किसानो की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। जबकि खाद विक्रेताओं को चेतावनी दी।

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन असली के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी विकास चंद्र के साथ वार्ता की। वार्ता के भाकियू असली द्वारा प्रमुख रूप से खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने का मुद्दा छाया रहा। जबकि इसी के विजिलेंस टीम पर किसानो के उत्पीड़न व गन्ना भुगतान का मुद्दा भी उठाया गया। वार्ता में उप जिलाधिकारी ने 12 अगस्त (आज) नयी तहसील सभागार मे उपरोक्त मुद्दो को लेकर त्रिरस्तरीय वार्ता करवाकर समाधान करने की घोषणा की। साथ ही सभी खाद विक्रेताओ को चेतावनी दी की यदि किसी किसान को भी खाद के साथ कोई भी दवाई या अन्य वस्तुएं देने का प्रयास किया तो तुरन्त उसका रजिस्ट्रेशन समाप्त कर दिया जायेगा। चर्चा में पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी संजीव गांधी राजपाल सिंह यादव जयवीर यादव डा. जावेद दिलशाद अनीस अहमद राहीद हरिओम सिंह व फाजिल आदि मौजूद रहे।

**○उपजिलाधिकारी ने भाकियू असली पदाधिकारियों संग वार्ता में दी चेतावनी**



बबराला- डीएवी फर्टिलाईजर स्कूल में बच्चों को सार्वजनिक स्वास्थ्य की जानकारी देते।

## डीएवी में स्वास्थ्य पहल की बच्चों को दी जानकारी

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, बबराला में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा पर्यवेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पाँच सदस्यीय टीम ने विद्यालय का भ्रमण किया, जिसमें टीम लीडर अशोक गुप्ता (ब्लॉक प्रोग्रामिंग मैनेजर), डा. ए. रहमान (मेडिकल ऑफिसर), डा.. मनीदीप, हेमपाल सिंह, राजेश कुमार शामिल रहे। टीम ने विद्यार्थियों को सरकार की द्विवार्षिक सार्वजनिक स्वास्थ्य पहल के बारे में जानकारी दी, जिसका उद्देश्य 1 से 19 वर्ष के बच्चों में सॉयल ट्रांसमिटेड हेलमिन्थ्स (एसटीएच) को नियंत्रित करना है। कार्यक्रम के तहत निःशुल्क एल्बेंडाजोल टैबलेट के सेवन की विधि का प्रदर्शन किया।

# लगातार बारिश के चलते गागन नदी में बढ़ा जलस्तर

■ लगातार बारिश से गागन नदी में पानी आने से लकड़ी का पुल डूबा रहागीर परेशान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारी बारिश के चलते हुए बड़ा गागन नदी का जलस्तर आसपास के गांव मे खतरे के नशान पर गांव के चारो तरफ पानी ही पानी दिख रहा है मलकद्दा से पाकबड़ा आने बाले ग्रामीण नाव पर सवार होकर नदी को पार करते नजर आरहे है। गागन नदी पर पानी आने से लगभग एक दर्जन गांव के लोगों के आने जाने वाले रास्ते का लकड़ी का पुल पूरी तरह डूब गया। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पढ़ रहा है गागन नदी में पानी आने से नाव चलाकर लोगों का आवागमन हो रहा है। मझोला थाना क्षेत्र के मलकद्दा ओर आसपास के गांव मे सभी जगह पानी भरा हुआ है। रामग. ंगा का जलस्तर बढ़ने के बाद गागन नदी में काफी पानी आ गया है। लकड़ी का पुल डूबने से तकरीबन एक दर्जन गांव मलकद्दा, चौधरपुर, डिडोरी, डीडौरा, भूड़, शाहआलमपुर, भोला सिंह मिलक, ज्ञानपुर आदि गांवों के लोग इस समस्या से प्रभावित हैं। यहां के लोग मार्केट, बाजार, रोजमर्रा की चीजों को लेने के लिए पाकबड़ा आते थे। अब लोगों को लगभग सात से आठ किमी की दुरी का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

पुल डूबने से नईम नाम के युवक ने नाव चला दी। नईम नाव से लोगों को नदी पार करा रहे है। एक नाव की वजह से लोगों को नदी पार करने के लिए घंटों घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। पैदल वाले से दस रुपए और बाइक वाले से बीस रुपए लिए जा रहे है। यहां के गांव के लोगों की काफी समय से पुल की मांग है। पहले भी पुल कई बार क्षतिग्रस्त हो गया था तभी गांव के



लोगों ने खुद ही चंदा करके पुल को बनाया था जिससे कि ग्रामीण को आने-जाने में सहायता मिल सकें।

# नगर पंचायत पाकबड़ा में एक पूर्व एवं दो मौजूदा सभासदों ने थामा बसपा का दामन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सोमवार को बसपा कार्यकर्ताओं नगर पंचायत पाकबड़ा मे किया बूथ कमेटी का गठन नगर पंचायत के तीन सभासदों ने थामा बसपा का बार्ड नम्बर -02 से बंटी सिंह जाटव और बार्ड नम्बर-18 से मोहम्मद सफी सैफी, एवं पूर्व सभासद अख्तर हुसैन ने अपने समर्थकों के साथ थामा बसपा का दामन,बसपा की सरकार में कानून का राज स्थापित होता है निर्मल सिंह सागर एडवोकेट, मीटिंग में निर्मल सिंह सागर एडवोकेट जिला अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी मुरादाबाद ने बताया कि आज कांठ विधानसभा की नगर पंचायत पाकबड़ा में बूथ कमेटीयों का गठन किया गया जिसमें बसपा सुप्रीमो बहन कुमारी मायावती की नीतियों से प्रभावित होकर तीन सभासदों ने बहुजन समाज पार्टी के सदस्य ग्रहण की ,,वक्ताओं ने बताया कि 2027 में



बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनेगी बसपा सरकार में दलित /पिछड़ा/गरीब और मुस्लिम वर्ग/अपर कास्ट के लोगों पूरा सम्मान मिला है, बसपा सुप्रीमो बहन कुमारी मायावती के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में चार-बार सरकार रही है उसमें सबसे अधिक कानून का राज स्थापित हुआ है अब उत्तर प्रदेश की जनता बसपा सुप्रीम बहन कुमारी मायावती को याद कर रही है मीटिंग में मुख्य रूप से अमर सिंह पूर्व जिला प्रभारी, शकील अहमद जिला उपाध्यक्ष करतार सिंह जिला सचिव,जितेन्द्र जाटव, पूर्व जिला सचिव,धर्मवीर सिंह ठेकेदार,सतेंद्र सिंह सेक्टर अध्यक्ष अरविन्द बूथ अध्यक्ष ,रवि रुहेला, विवेक कुमार, सतेंद्र कुमार, शुशांक सिंह बसपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नगर में निकली भव्य तिरंगा यात्रा



**चंदौसी।** भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल के नेतृत्व में चन्दौसी नगर में निकली तिरंगा यात्रा ।जोकि स्टेशन रोड, फुब्बारा चौक, मुरादाबाद गेट, हुसैनी बाजार, घंटाघर लाठी बाजार, संभल गेट,रामस्वरूप रोड होते हुए कंपनी बाग में समापन हुआ। इसमें भारत माता के और जय हिंद की घोषों से डीजे पर देशभक्ति के सॉन्ग के आगे नाचते हुए लिकले नागरिक। नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने कहा कि 13 14 15 तारीख को सभी नागरिकों को अपने-अपने घर पर प्रतिष्ठान पर तिरंगा अवश्य लगाना है और राष्ट्रीय हित के कार्यों में आग्रह है। जिसमें पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय,मनोज कठेरिया ,तरुण नीरज,रोहित दिवाकर टी एस पाल,अभिनव शर्मा,सुशील कुमार,सुरेश सैनी,विनोद कुमार बिन्नी,मोरमुकुट वार्ष्णेय,राजकुमार ठाकरे,डॉ वीरेश कुमार,गिरीश बन्धु,राजेश पाल, शुभम अग्रवाल,यश मदान, हरेंद्र कोहली, गिरीश रतन, चंद्रसेन छोटू, मनोज दिवाकर,प्रतिभा चौधरी, शीला सागर,आशा गोस्वामी,सीमा शर्मा, पूनम अरोड़ा ,योगेश गोल्डन, राजकुमार यादव, संजय सैनी, सुधा शर्मा उमा श्रीवास्तव रेखा सैनी बृजबाला,मुकेशनवकांत शर्मापप्पू इंकलाब,जयशंकर दुबे,आदि उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रियल ट्रेड शो के तृतीय संस्करण का 25 से 29 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा में होगा आयोजन

■ उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गति विधियों पर रहेगा जोर, नवोदित निर्यातक और नियमित निर्यातकों के लिए स्टॉल बुकिंग की प्रक्रिया जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** 25 से 29 सितंबर 2025 के मध्य इंडिया एक्सपोजीशन मार्ट लिमिटेड ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रियल ट्रेड शो के तृतीय संस्करण का आयोजन किया जाएगा। संयुक्त आयुक्त उद्योग श्री योगेश कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा उद्योगों को बढ़ावा देने और उद्यमियों को एक मंच प्रदान करने के दृष्टिकोण से इंडस्ट्रियल ट्रेड शो का आयोजन किया जा रहा है, इसमें प्रदेश में निर्मित उत्पादों को प्रोत्साहित करने तथा विदेशी बाजार में उनकी सुदृढ़ पहचान स्थापित करने के लिए भव्य प्रदर्शनी लगाए जाने के साथ ही कॉन्फ्रेंस, नॉलेज सेशन, फैशन शो और लगभग 500 सेक्टर स्पेसिफिक ओवरसीज बायर्स के विजिट की व्यवस्था विभिन्न निर्यातक संवर्धन परिषद के सहयोग से की गई है। उन्होंने बताया कि पूर्व संस्करण की भांति प्रदेश के नवोदित व नियमित निर्यातकों को उनके उत्पादों के समुचित प्रदर्शन, प्रचार प्रसार, मार्केटिंग, नेटवर्किंग और प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए समान अवसर उपलब्ध कराए जाने का निर्णय भी प्रदेश सरकार द्वारा लिया गया है। नवोदित निर्यातकों की श्रेणी में ऐसे निर्यातक सम्मिलित किए गए हैं जिन्होंने वर्ष 2020-21 अथवा उसके बाद निर्यात करना प्रारंभ किया है। नवोदित निर्यातकों के लिए 09 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के कुल 325 स्टॉल स्थापित किया गए हैं। प्रत्येक निर्यातक इकाई एक स्टॉल आरक्षित कर सकती है जिसके लिए 15000 का सब्सिडाइज्ड शुल्क निर्धारित किया गया है। इस श्रेणी में उत्तर प्रदेश निर्यात संवर्धन परिषद के माध्यम से निर्यातकों को प्रतिभाग कराया जाएगा। एक्सपोर्टर पवेलियन में प्रदेश के नियमित निर्यातकों के लिए विविध एरिया के स्टॉल स्थापित किए गए हैं। निर्यातक न्यूनतम 12 वर्ग मीटर का स्टाल आरक्षित कर सकते हैं और अधिकतम 240 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के स्टॉल आरक्षित कर सकते हैं। उन्होंने बताया की नवोदित निर्यातक, नियमित निर्यातकों के लिए अलग-अलग क्षेत्रफल के स्टॉल निर्धारित किए गए हैं साथ ही उनके स्टाल चार्ज भी अलग-अलग निर्धारित हैं। उन्होंने बताया कि जनपद के इच्छुक निर्यातक का हस्तशिल्पी, कारखानेदार और उद्यमी इन श्रेणियों में स्टॉल चार्ज की राशि जमा करते हुए स्लॉट बुक कर सकते हैं। निर्धारित राशि जमा करके स्लॉट बुक करने के पश्चात अग्रिम कार्रवाई हेतु दस्तावेज के साथ किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र मुरादाबाद, निकट 23 पीएससी कांठ रोड मुरादाबाद में संपर्क कर सकते हैं।

वर्तमान में बुकिंग की प्रक्रिया जारी है स्टॉल आवंटन प्रथम आवक-प्रथम पावक प्रक्रिया के अंतर्गत प्रदान किया जाएगा।

## एक नजर

### नशाखोरी के खिलाफ चौकी प्रभारी से मिले सभासद



**कुन्दरकी।** मुरादाबाद पुलिस नशाखोरी के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है, लेकिन कुन्दरकी थाना इलाके में खूब नशाखोरी हो रही है। नगर पंचायत के सभासदों ने चौकी प्रभारी से मिलकर इसकी शिकायत की है। दरअसल नगर पंचायत के सभासदों का कहना है, नगर में नशाखोरी बढ़ रही है। नशे का कारोबार करने वाले लोग फल फूल रहे हैं। उन्होंने कहा नशा खोरी की वजह से नगर में संदिग्ध लोग नशा खरीदने के लिए आते हैं। गली मोहल्लों में नशा हो रहा है। जिससे युवा पीढ़ी पर भी दुष्ट प्रभाव पड़ रहे हैं। सभासदों ने मांग की है कि जल्द से जल्द इसको रोका जाए। इस दौरान रफीक सैफी, शाहिद, नाजिम उस्मानी, अख्तर रजा, ताहिर खान, यामीन उर्फ पप्पू, शोभित बाल्मीकि, बारिश अली, शमीम खान आदि लोग मौजूद रहे।

### फोरलेन सड़क माप व मुआवजा को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन



**चन्दौसी।** राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति (अराजनैतिक) द्वारा किसानों की समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी चन्दौसी को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें कहा गया कि बनियाठेर से एक फोरलेन सड़क जारई रोड स्थित हिंदुस्तान इंडस्ट्रियल प्लेस पार्क तक शासन द्वारा प्रस्तावित है। प्लेस पार्क के मालिक के दबाव में आकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों द्वारा यह फोरलेन की सड़क चकरोड एक तरफ नापी जा रही है जबकि दोनों तरफ बराबर लेकर नापने चाहिए। ऐसा न होने से किसानों की उपजाऊ भूमि चली जाएगी जिससे किसानों का काफी नुकसान होगा। साथ ही किसानों को दोगुना सर्किल रेट के अनुसार मुआवजा देने को कहा गया है जबकि जहां भी सड़क निकलती है तो उसमें किसानों को सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा दिया जाता है। इस संबंध में मंडल आयुक्त मुरादाबाद, जिलाधिकारी संभल, उपजिलाधिकारी चन्दौसी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी संभल से लिखित रुप में की गई है परंतु आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। किसानों की मांग है कि चकरोड के मध्य भाग से दोनों तरफ बराबर भूमि फोन लाइन सड़क में ली जाए और किसानों को सर्किल रेट के अनुसार चार गुना मुआवजा दिया जाए। किसानों कहा कहना था कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बहजोई में आगमन होने पर राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति (अराजनैतिक) द्वारा एक ज्ञापन दिया जाना था जिसकी सूचना एलआईयू को अनुमति के लिए भेजी गई परंतु प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अनुमति केवल व्यापारी वर्ग को ही दी गई और समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा के निवास स्थान पर पुलिस को भेज नजरबंद कर दिया गया। ज्ञापन देने वालों में राहुल कश्यप, मंगलसेन सैनी, भीकम जाटव, मुकेशचंद्र शर्मा, शीलू जैन, अमरसिंह तोमर, अवधेश तोमर, शानू शर्मा, वीरेंद्र सिंह, करण सिंह जाटव, प्रतिपाल आदि मौजूद रहे।

### छह साल बाद भी नहीं मिला लापता ग्रंथ, मां की आंखें आज भी नम

**चन्दौसी।** 02 मई 2019 को प्रेमनगर कॉलोनी, मौलागढ़ से 11 माह के मासूम ग्रंथ का अपहरण हो गया था। घटना के छह साल बीत जाने के बाद भी ग्रंथ का कोई सुराग नहीं लग सका है। बच्चे के माता-पिता आज तक नहीं जान पाए कि उनका लाल जीवित है या नहीं। हर त्यौहार पर बेटे की याद में उसकी मां गुड्डो की आंखें नम हो जाती हैं और वह फूट-फूटकर रो पड़ती हैं। गुड्डो पत्नी सुखवीर का आरोप है कि उसे इस मामले में उसे अपने जेठ सत्यवीर पर पूरा शक है, जो आज भी दबंगई से कहता है कि 'क्या करा लिया ग्रंथ के अपहरण में?' वहीं, अपहृत हुए ग्रंथ के 70 वर्षीय दादा बनवारी पुत्र स्व. हरपाल का कहना है कि वह अपने बेटे सत्यवीर के स्वभाव को भलीभांति जानते हैं। उनके अनुसार सत्यवीर और उसके बच्चे गुंडागर्दी करते हैं और परिवार में जिसे चाहें पीट देते हैं। बनवारी का आरोप है कि उनके दूसरे बेटे सत्यवीर ने भी ग्रंथ के अपहरण में भूमिका निभाई थी। घटना के समय पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। उस समय ऋषिराज कठैरिया इंस्पेक्टर थे और विजय कुमार विवेचक थे, लेकिन वर्षों की विवेचना के बाद भी यह पता नहीं चल सका कि ग्रंथ कहां है और किसकी गिरफ्त में है। आज, 06 वर्ष बाद भी ग्रंथ की मां अपने बेटे के लौटने की आस में हर दिन दरवाजे की ओर देखती रहती हैं लेकिन मासूम की तलाश में पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं।

### उत्तर भारत के प्रसिद्ध मेले की तैयारियां जोर पकड़ने लगीं

**चन्दौसी।** उत्तर भारत के प्रसिद्ध मेले की तैयारियां जोरों पर हैं। तंबुओं का शहर अब सजने लगा है। मेले में दुकानों का आवंटन लगभग पूर्ण हो चुका है। चूंकि मेले में रथयात्रा वाले दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

मंडल भर से पुलिसकर्मी आकर व्यवस्था को संभालते हैं। 21 दिनों तक चले वाले इस मेले में रोजना किसी न किसी कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। रात्रि के समय दर्शक विभिन्न प्रकार की झांकियां देखने के लिए गजानन हाल में पहुंचते है।

मेला परिसर में लगी भारत माता की मूर्ति की सजावट की जाती है। साथ ही मेला के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाता है। मेला का शुभारंभ 25 अगस्त को होगा तथा 27 अगस्त को विशाल रथयात्रा निकाली जायेगी।

# विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर विकास एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा

## आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर शिकायतकर्ताओं से भी शिकायत निस्तारण का फीडबैक अवश्य लें

■ जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को अपने पैरामीटर ठीक करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी ने परिवहन, वाणिज्य, विद्युत, मंडी, स्टाम्प, आबकारी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन सहित विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। औद्योगिक विकास में जनपद की रैकिंग खराब होने पर उपायुक्त उद्योग को कार्य प्रगति में सुधार लाकर ए कैटेगरी में बने रहने के निर्देश दिए। आबकारी, मण्डी, स्मार्ट सिटी योजना के अन्तर्गत नगर विकास एवं गरीबी उन्मूलन, भूतल एवं खनिकर्म में डी कैटेगरी होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य प्रगति में सुधार लाकर ए कैटेगरी में बने रहने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में बी, राजस्व विभाग की पैमाईश धारा में बी कैटेगरी, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन सी कैटेगरी में होने पर जिलाधिकारी ने उक्त योजनाओं में प्रथम स्थान पर बने रहने के निर्देश दिए। जन सुनवाई में जनपद में तहसीलदारों के 2 तथा विद्युत विभाग का 1 प्रकरण डिफाल्टर होने पर जिलाधिकारी ने समय से आईजीआरएस प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में प्रकरण डिफाल्टर न हो, अधिकारी इसको सुनिश्चित करें। पशुपालन विभाग, बैंकर्स, परिवहन, बेसिक शिक्षा, विद्युत विभागों द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत कर्ताओं से फीडबैक नहीं लिए जाने के कारण जनपद की रैकिंग गिरने पर जिलाधिकारी ने आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा कि फील्ड विजिट न करने से जनपद के अंक कट रहे हैं, जिससे रैकिंग खराब हो रही है, अधिकारी इसमें लापरवाही न बरते। उन्होंने हिदायत दी है कि अधिकारी सुधार लाये अन्यथा कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने विकास कार्यों की समीक्षा में अतिरिक्त ऊर्जा, पीएम सूर्यघर, जल नियोजन, पन्द्रहवां वित्त आयोग, लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत सेतु निगम, सड़कों का अनुरक्षण, नई सड़कों का निर्माण सी कैटेगरी तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, प्राथमिक शिक्षा, पिछड़ा वर्ग कल्याण की शादी अनुदान योजना डी कैटेगरी में होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए विशेष प्रयास कर ए कैटेगरी में बने रहने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद की रैकिंग किसी भी दशा में खराब न हो, अधिकारी इसको सुनिश्चित करें। विद्युत व्यवस्था में ट्रिपिंग बहुत ज्यादा होने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को दुरस्त करने के निर्देश दिए और कहा कि विद्युत विभाग अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाये। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जिन ग्रामों में नदियों का पानी भरा



है वहां वैक्सीनेटरों से विजिट करा लें कि कहीं पर चारे की कमी तो नही है। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि वह भी लगातार फील्ड में भ्रमणशील रहें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री गुलाब चन्द्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, डिप्टी सीएमओ, परियोजना निदेशक, उपायुक्त उद्योग, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# स्कूली छात्र-छात्राओं ने राखी मेकिंग, पोस्टर के माध्यम से रक्षा बंधन के महत्व को उकेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** श्री नरेंद्र भूषण स्कूल मे रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर एक प्रतियोगिता के माध्यम से स्कूली छात्र-छात्राओं ने राखी मेकिंग, पोस्टर के माध्यम से रक्षा बंधन पर के महत्व को उकेरा, छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया, इस अवसर पर स्कूल कोर्डिनेटर सोफिया हाफिज ने रक्षाबंधन पर्व के महत्व को बातया कि यह पर्व भाई बहन के प्रेम को और बहनों की रक्षा करने संकल्प हेतु बनाया जाता है, भाई बहन के स्नेह का यह पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाता है, हमारे देश में सभी पर्व मिलजुलकर बनाए जाते हैं आपसी एकता का प्रतीक होते हैं, इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कार दिया गया, कक्षा नर्सरी के मेहर खघन, तैमूर, हम्माद, हादिया नूर,शाद, बिलाल, अनैयजा, अश्मिता , कक्षा एल केजी के अब्दुल वारिस,इनाया, फराज, अर्श, अरहान, अली, हिमांशी, युवराज, गोसिया, कक्षा यूकेजी के हक नवाज, शाद, सुबहान, बरीरा, किंजा, शाजेब, कक्षा फर्स्ट के हिबा, अदीब, आबिदा, आफिया, मनु आफिया, शाद कक्षा सेकंड के अली, अलीजा कक्षा थर्ड के अवनी, लबीबा, नुजात, फौजिया, शिफा, भावना कक्षा चार के तरुण, चाहत, असद, अफीफा, अन्नू, नुजात कक्षा 5 के उमाम कक्षा ६ के लवली, लता, रोली, मानवी, कक्षा ८ की फबीहा को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, इस अवसर पर फजले अब्बास नकवी, अनीता शर्मा, बुशरा और समस्त अध्यापक गण छात्र छात्रों ने विचार व्यक्त किये।




# टीएमयू स्टुडेंट्स को दी इंवेस्टमेंट की प्रैक्टिकल नॉलेज



**मुरादाबाद।** बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी में वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय के एसईबीआई विश्लेषक एवम् सेवानिवृत्त प्रो. एके त्रिपाठी ने स्टुडेंट्स को म्यूचुअल फंड्स, एसआईपी- सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान, निवेश रणनीतियां, जोखिम वर्गीकरण, विविधीकरण और तरलता जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। उन्होंने कहा, म्यूचुअल फंड्स में बाजार, ट्रेडिंग, ब्याज दर, तरलता जोखिम शामिल हैं। अतः म्यूचुअल फंड्स में निवेश करते समय इन सभी जोखिमों के बारे में जनाना जरूरी है। प्रो. त्रिपाठी ने कहा, कहीं भी निवेश करने से पहले उसका प्री प्लान तैयार करना जरूरी है। वास्तविक उदाहरणों के जरिए उन्होंने स्टुडेंट्स को निवेश की व्यावहारिक समझ प्रदान की। वर्कशॉप में स्टुडेंट्स ने प्रो. त्रिपाठी से पीपीएफ और ईपीएफ में अंतर पूछा। इसके अलावा स्टुडेंट्स ने पूछा, पीपीएफ और एनपीएस में से आम आदमी के लिए कौन-सी स्कीम अधिक मुफीद है? प्रो. त्रिपाठी तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फिजियोथैरेपी विभाग की ओर से स्मार्ट्स इंवेस्टर्स अवेयरनेस प्रोग्राम एक दिनी वर्कशॉप में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इससे पूर्व मुख्य वक्ता प्रो. एके त्रिपाठी और फिजियोथैरेपी की विभागाध्यक्ष डॉ. शिवानी एम. कौल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके वर्कशॉप का शुभारम्भ किया। वर्कशॉप में संयुक्त रजिस्ट्रार डॉ. वैभव रस्तोगी भी मौजूद रहे। विभागाध्यक्ष डॉ. शिवानी एम. कौल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए वित्तीय साक्षरता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। वर्कशॉप में फैकल्टीज श्री हरीश शर्मा, मिस कंचन, श्री नंदकिशोर साह, मिस हिमानी, मिस शिप्रा गंगवार, मिस समर्पिता सेनापति, मिस नीलम चौहान, मिस प्रिया, श्री रंजीत, मिस शिवी, मिस सिमरन, श्री शुभम के संग-संग एमपीटी और बीपीटी के ११० छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मूसलाधार बारिश से एसडीएम कोर्ट रोड सहित कई इलाकों में जलभराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** सोमवार तड़के हुई मूसलाधार बारिश से नगर के नाले और नालियां उफान पर आ गए। देखते ही देखते गलियों में पानी भर गया और कई इलाकों में तेज बहाव शुरू हो गया। बुध बाजार, कमलापुरी चौराहा, कोतवाली के पीछे, एसडीएम कोर्ट रोड, कमलपुर चौराहा, मोहल्ला दर्जियान सहित कई स्थानों पर घरों और दुकानों में पानी घुस गया। एसडीएम कोर्ट रोड पर स्थित एसडीएम पेशियों के पुराने आवास, आपूर्ति विभाग, पुराना एसडीएम कोर्ट, राजस्व विभाग सहित आसपास की दुकानों में पानी भर गया। इससे पहले, चार दिन पूर्व



हुई तेज बारिश ने भी नगर को जलभराव की चपेट में लाकर तालाब जैसा बना दिया था, जिससे करोड़ों का नुकसान हुआ था। कई इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों में रखे फ्रिज, कूलर, लैपटॉप, फर्नीचर, और खाद्य सामग्री खराब हो गई थी। बलिया रोड पर सैकड़ों फ्रिज और कूलर पानी में डूबकर बेकार हो गए थे। हालांकि इस बार नागरिया रोड पर घरों में पानी नहीं घुसा, लेकिन सड़कों पर दो से तीन फीट पानी बहता रहा। एसडीएम कोर्ट रोड के दुकानदार दिनभर पानी निक. ालने और सफाई में लगे रहे। नगरवा. सियों ने जलनिकासी व्यवस्था सुधारने की मांग की है। उनका कहना है कि नालों पर बने स्लैब और अतिक्रमण के कारण नाले जाम हो जाते हैं, जिससे हर बारिश में जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। लोगों ने प्रशासन से तत्काल अतिक्रमण हटाने और नालों की सफाई कराने की अपील की है।

## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम हुआ आयोजित

**मुरादाबाद।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सत्यवीर सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद हेतु 4 इकाईयों (अनुसूचित जाति एवं अनुस. ूचित जनजाति) का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। शहरी क्षेत्रो के उत्पादन इकाई हेतु कमजोर वर्ग (अनुसूचित जाति, एवं अनुसूचित जनजाति) को **25** प्रतिशत मार्जिनमनी अनुदान तथा ग्रामीण क्षेत्र के कमजोर वर्ग (अनुसूचित जाति, एवं अनुसूचित जनजाति) के अभ्यर्थियो को 35 प्रतिशत मार्जिनमनी अनुदान देय है। साथ ही आवश्यक प्रपत्र यथा- प्रोजेक्ट रिपोर्ट, आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, शैक्षिक योग्यता, तकनीकी योग्यता प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट साईज फोटो, कार्य स्थल स्वयं अथवा किराए पर होने का प्रमाण आदि अपलोड करना अनिवार्य है। स्वरोजगार की स्थापना हेतु इच्छुक ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के अभ्यर्थी योजनान्तर्गत अधिक जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, एम.आई. जी.ए.एम./6 दीनदयालनगर (प्रथम) मुरादाबाद पर सम्पर्क कर सकते है।

# मकान की कच्ची छत गिरी, बुजुर्ग महिला मलबे में दबकर घायल

**ठाकुरद्वारा।** सोमवार की सुबह से ही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। लगातार पड़ रही बारिश से सुबह करीब 5 बजे एक गरीब का एक कच्चा मकान अचानक भरभराकर गिर पड़ा। इस हादसे में 75 वर्षीय कलावती पत्नी लेखराज सिंह मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रतुपुरा निवासी कलावती अपने कच्चे मकान में गहरी नींद में सो रही थीं। लगातार हो रही बारिश से पहले से ही कमजोर हो चुकी छत अचानक तेज आवाज के साथ धराशायी हो गई। हादसे के बाद घर में अफरा-तफरी मच गई और कलावती मलबे के नीचे दब गई। जोरदार आवाज सुनते ही मोहल्ले के लोग बारिश और अंधेरे के बावजूद मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने एकजुट होकर बड़ी मशक्कत से मलबा हटाया और महिला



को बाहर निकाला। घायल को तत्काल सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। गांव में इस हादसे के बाद दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को तुरंत सर्वे कराकर जर्जर मकानों में रहने वालों को सुरक्षित स्थान पर भेजना चाहिए, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## एक नजर

### मुकदमे के दौरान भूमि बेचने के मामले में मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर उठाई कार्रवाई की मांग

**कांठ।** नगर निवासी विनीत ने मुकदमे के दौरान उसकी जमीन बेचने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की है पीड़ित का कहना है कि उसकी पत्नी दीप माला उक्त भूमि पर 2007 से काबिज है जिसका दाखिल खारिज भी 2013 में हो चुका है लेकिन इस मामले को लेकर दूसरे पक्ष ने हाईकोर्ट में बाद दायर किया था और जिस हिस्से पर आपत्ति दर्ज की थी उसी हिस्से को गलत दस्तावेज दर्शाकर बेच दिया है पीड़ित का कहना है कि इस मामले में अन्य अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई है उन्होंने मुख्यमंत्री को सारे प्रपत्र भेज कर इस मामले में कड़ी कार्रवाई कराई जाने की मांग उठाई है।

### भाजपा की तिरंगा यात्रा छजलैट में आज

**कांठ।** भाजपा द्वारा प्रस्तावित तिरंगा यात्रा छजलैट क्षेत्र में आज निकाली जाएगी उक्त जानकारी भाजपा से छजलैट मंडल अध्यक्ष आचल चौधरी ने दी उन्होंने बताया कि कुरी रवाना गांव से तिरंगा यात्रा प्रारंभ होगी और छजलैट में पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू के पेट्रोल पंप पर इसका समापन होगा। उन्होंने मंडल के सभी संयोजक बूथ अध्यक्ष गन्ना समिति के डायरेक्टर मीडिया प्रभारी से अपने-अपने वाहन लेकर तिरंगा यात्रा में समय से उपस्थित रहने का आह्वान किया है।

### दवाई के पैसे मांगने पर विवाहिता को पीटा, आठ पर केस दर्ज

**भोजपुर।** गांव रानी नांगल में दवाई के लिए पति से पैसे मांगने पर ससुरा. लियों ने विवाहिता को लात घूसों से पीट दिया। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में विवाहिता शरताज जहां ने बताया है कि 8अगस्त की रात को पति इंतजार लाला से दवाई के लिए पैसे मांगे तो उन्होंने और सौतेले बेटों कायम,शेबू, फुरकान, बेटी नगमा,गुलफसा और इमरान व जुनैद ने लात घूसों से पीट कर घायल कर दिया पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति समेत आठ के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

### मारपीट में पूर्व सभासद समेत चार फंसे

**भोजपुर।** पुलिस ने कस्बे के मोहल्ला जाफराबाद निवासी जाफर पुत्र इस्लामुद्दीन की तहरीर पर मोहल्ला धर्मपुर आंगा निवासी पूर्व सभासद शमीम उसके पिता खुर्शीद एवं दो भाईयों नईम व फईम के खिलाफ घर से बाहर बुलाकर गाली गलौज करने एवं विरोध करने पर लाठी डंडों व सरियों से हमला कर घायल कर देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने ली शपथ

**बिलारी।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत हरिमंगल महाविद्यालय में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें प्राचार्य शिक्षक व छात्र-छात्राओं में हिस्सा लिया। प्राचार्य डॉ राजेश रंजन ने राष्ट्रीय ध्वज के महत्व देशभक्ति की भावना पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सभी ने देशभक्ति को लेकर शपथ भी ली। कार्यक्रम में डॉक्टर ज्योति गुप्ता, डॉ रश्मि सिंह, शंकर सिंह, सुरेंद्र चौहान, बुशरा नईम, रोहित कुमार, नदीम अहमद, रूपपाल सिंह, यूसुफ अब्दुल्ला, मनोज यादव, राजवीर सिंह, मोहित यादव आदि सहित अनेकों मौजूद रहे। इसके अलावा छात्र-छात्राओं में मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद समीर, रीना, मीनाक्षी, फरीन, नैना कश्यप, अलफिजा, अखिलेश यादव, लखन यादव, निखिल कुमार आदि सहित अनेकों ने भाग लिया।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान का शुभारंभ

**बिलारी।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज नगरिया जट में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजपाल सिंह द्वारा सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली अपनी निगरानी में खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम के विषय में बताते हुए सभी बच्चों को बताया गया की एल्बेंडाजोल की गोली खाने से बच्चों के पेट में पनप रहे कीड़े को खत्म करने के लिए यह गोली खिलाई जाती है एल्बेंडाजोल के कार्यक्रम के शुभारंभ के समय प्रधानाचार्य श्री रघुपति देव समस्त टीचर स्टाफ एवं ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह आजाद आरो विकेश कुमार अर्जुन सिंह नोडल अधिकारी आदि समस्त छात्र-छात्राएं एवं टीचर स्टाफ उपस्थित रहा।

### दो दिवसीय एसएमडीसी के पांच विद्यालयों में प्रशिक्षण हुआ प्रारम्भ



**कुंदरकी।** सोमवार को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कुन्दरकी में दो दिवसीय एस एम डी सी के पांच विद्यालयों राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कुंद. रकी, राजकीय हाईस्कूल नगलिया मशकूला, राजकीय हाईस्कूल हुसैनपुर छिरावली, राजकीय हाई स्कूल हाथीपुर चित्तु, राजकीय इंटर कॉलेज रतनपुर कलां का प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर वकार हुसैन तथा राजीव भारद्वाज ने एस एम डी सी के उद्देश्य उसके दायित्व और सदस्यों के अधिकारों के बारे में बताया। प्रधानाचार्या शशि बाला ,प्रधानाचार्या डॉ स्वदेश , प्रधानाचार्या ब्रजवाला , प्रधानाचार्य यतेंद्र पाल सिंह ,प्रभारी प्रधानाचार्य मनीष सक्सेना सभी ने विद्यालय प्रबंधन विकास समिति को और अधिक सुदृढ बनाने के लिए अपने- अपने विचार व्यक्त किए। तथा सदन में विद्यालय प्रबंधन विकास समिति के सदस्यों को विद्यालय प्रबंधन विद्यालय में प्रमुख नेतृत्व एवं समुदाय नेतृत्व के बारे में चर्चा की गयी। समूह चर्चा के दौरान शिक्षा के उद्देश्य, विद्यालय के गुणवत्ता की मापक , विद्यालय प्रबंधन विकास समिति की भूमिका और जिम्मेदारी, विद्यालय के लिए विजन, मिशन और कार्यान्वियन रणनीति पर चर्चा हुई। राजकीय हाईस्कूल हुसैनपुर छिरावली की उपाध्यक्ष बबीता मल्होत्रा ने कैरियर काउंसलिंग , इंस्पायर अवार्ड तथा ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ के बारे में चर्चा की। प्रथम दिवसीय प्रशिक्षण में पांचों विद्यालय के एम एम डी सी के शिक्षक ऋतु सक्सेना, लक्ष्मी रानी, स्वाति राठी ,स्मृति सैनी, शिवानी आर्य,रेणुका, लोकेश कुमार ,गौरव , शैलेंद्र यादव ,मो.यामीन ,संदीप कुमार यादव, राजकुमार तथा एसएमडीसी के सदस्य , मोहम्मद यूनुस, धन देवी,फहीम बक्श ,पम्मी देवी , नीरज तथा अन्य एसएमडीसी के सदस्य उपस्थित रहें।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को पेट के कीड़े मारने की दवा खिलाई गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में बाल विकास परियोजना बिलारी के अंतर्गत आंगनबाडी केंद्रों पर पंजिकृत/गैर पंजिकृत बच्चों के पेट के कीड़े मारने की दवा के रूप में एलबेंडाजॉल की गोली खिलाई गई। सहसपुर, बीचोला कुंदरकी, शेरपुर माफी, ढकिया नरु, वीरमपुर, थांवला समेत समूचे क्षेत्र की आंगनबाडी केंद्रों में सोमवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुए। जिनमें स्कूलों समेत आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को पेट के कीड़े मारने को एलबेंडाजॉल की गोली खिलाई गई। बाल विकास परियोजना अधिकारी सुरेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि बच्चों के पेट में कीड़े होना आम बात है। जिनकी रोकथाम के लिए सरकारी स्तर से हर साल पेट के कीड़ों की दवा एल्बेंडाजोल दी जाती है। जागरूक अभिभावक स्वयं भी



मेडिकल स्टोर से गोली खरीदकर अपने बच्चों को खिलाते रहते हैं। क्योंकि पेट के कीड़ों के कारण बच्चों को भूख न लगना, वजन न बढना, बार बार डायरिया की समस्या, पेट में दर्द, एनल एरिया में खुजली जैसे कई लक्षण सामने आते रहते हैं। जिसके चलते एक से 19 साल तक के बच्चों को पेट के कीड़े मारने की दवा खिलाई गई। पेट में कीड़ों के कारण कुपोषणता एवं खून की कमी के मामले सामने आने के कारण सरकारी स्तर से इस अभियान में सरकारी स्कूलों के साथ ही प्राइवेट स्कूल, केंद्रीय एवं नवोदय विद्यालयों समेत आंगनबाड़ी केंद्रों को भी शामिल किया जाता है।

बच्चों के पेट के कीड़े मारने की दवा खिलाने में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग और समस्त आंगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा सक्रिय भूमिका निभाई गई।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृ दिवस हुआ आयोजित



**बिलारी** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी सहित समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केदो पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृ दिवस आयोजित किया गया जिसमें गर्भवती महिलाओं की सभी जांच खून पेशाब शुगर बीपी लंबाई वजन आदि की जांच की गई सभी गर्भवती महिलाओं को महिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया कैंप की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए डॉक्टर राजपाल सिंह चिकित्सा अधीक्षक द्वारा सभी कर्मचारियों अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी गर्भवती महिलाओं की तसल्ली वक्त जांच एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाए बैठने की उचित व्यवस्था की प्रदान की जाए निरीक्षण के समय डॉक्टर रेशम बजाहत ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह आजाद स्टाफ नर्स प्रियंका भारती राहुल मधु रेनू नूर अप्स आदि कैंप में उपस्थित रहे।

# शिक्षक संघ के जिला मंत्री ने तहसील के विद्यालयों का किया दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद मुरादाबाद के जिला स्तरीय पदाधिकारी ने तहसील के माध्यमिक विद्यालयों का सघन दौरा किया तथा 20 अप्रैल को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय मुरादाबाद पर आहूत धरना को सफल बनाने का आवाहन किया, उन्होंने संगठन की सदस्यता और एकता पर बल दिया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला मंत्री पुष्पेश मिश्रा ने आह्न किया कि प्रत्येक शिक्षकों की समस्याओं को संगठन हल कराएगा। , उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका है। आर पी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्योंडारा, शंकर सहाय हर सहाय कन्या इंटर कॉलेज बिलारी, राम



रतन इंटर कॉलेज बिलारी, मदन स्वरूप इंटर कॉलेज हरियाणा तथा जेएलएम इंटर कॉलेज कुंदरकी आदि विद्यालयों का दौरा किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजीव पाठक, जिला मंत्री पुष्पेश मिश्रा तथा संयुक्त मंत्री अनिल कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष सचिन गोयल आदि साथ रहे।

# नागरिक एकता परिषद के तत्वावधान में बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** थांवला न्याय पंचायत में नेशनल एकेडमी फॉर सोशल मूवमेंट और नागरिक एकता परिषद के तत्वावधान में बैठक अकरम भाई के निवास स्थान के निकट, वन वाली मस्जिद के पास आयोजित हुई। बैठक का उद्देश्य स्थानीय श्रमिकों को उनके अधिकारों, श्रम कार्ड के लाभ, श्रम विभाग की योजनाओं, शिकायत निवारण प्रक्रिया, और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में जागरूक करना था। ह्यूमन राइट डिफेंडर प्रेम कुमार ने इस बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया और श्रमिकों के अधिकारों और कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी दी। बैठक में स्थानीय श्रमिकों, विशेष रूप से असंगठित क्षेत्र के मजदूरों और महिलाओं ने भाग लिया। बैठक में प्रेम कुमार ने श्रमिकों को उनके कानूनी अधिकारों और शिकायत निवारण प्रक्रिया के बारे में स्पष्ट जानकारी प्रदान की। नागरिक एकता परिषद का प्रयास सामाजिक न्याय और श्रमिक कल्याण की दिशा में एक सकारात्मक पहल है।




भविष्य में इस तरह की और बैठकों की आवश्यकता पर बल दिया गया ताकि श्रमिकों को उनके अधिकारों का पूरा लाभ मिल सके। बैठक में दिलशाद पाशा, साजिद, अरकान, पुत्तन हुसैन, नरगिस परवीन , आसमा परवीन, खातून बेगम, शान, हाजी मकसूद, मोहम्मद आलम, नाहिद हुसैन, अमजद, सलाउद्दीन, मोबिन, रईस, युशूफ, रिजवान, इमरान, फयाँन, मुजाहिद नेता, शफीक मेम्बर आदि ने भाग लिया।

# 'कॅरियर ऑपर्च्युनिटीज इन लाइफ साइंसेज' विषय पर हुआ सेमिनार

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एल्युमिनाई एसोसिएशन (आईयूएए) और स्कूल ऑफ साइंसेज के संयुक्त तत्वावधान में ''कॅरियर ऑपर्च्युनिटीज इन लाइफ साइंसेज'' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने सेमिनार के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास तथा उनके जीवन में आने वाली चुनौतियों के समाधान के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से विशेषज्ञों से मार्गदर्शन लेना अत्यंत



आवश्यक है। इस सेमिनार में विश्व. विद्यालय के एमएससी, वनस्पति विज्ञान- वर्ष 2017 बैच के पूर्व छात्र व वर्तमान में विवेक यूनिवर्सिटी, बिजनौर में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत कोनेन हैदर मुख्य वक्ता रहे। सेमिनार का शुभारंभ मुख्य वक्ता हैदर, स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. बी.के. सिंह एवं वरिष्ठ शिक्षक डॉ. एस.डी. शर्मा ने संयुक्त रूप से भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। इस मौके पर आईयूएए के अध्यक्ष डॉ. अनुज श्रीवास्तव ने सेमिनार के दौरान अति महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराने हेतु एलुमनस व मुख्य वक्ता श्री हैदर की सराहना करते हुए उन्हें भविष्यमयी शुभकामनाएं दीं। डॉ. पवन कुमार शुक्ला ने किया तथा अंत में उन्होंने सभी उपस्थितों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। आयोजन के सफल आयोजन में कार्यक्रम संयोजक डॉ. देश दीपक, सहसंयोजक डॉ. अशोक कुमार एवं आयोजन सचिव डॉ. पूजा नारंग की मुख्य भूमिका रही। इस दौरान स्कूल के विभिन्न विभागों के 40 से अधिक विद्यार्थियों के साथ ही विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण की भी उपस्थिति रही।

## नगर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे राज्यसभा सांसद

**कुन्दरकी।** मुरादाबाद देश की पूर्व सांसद फूलन देवी की जयंती पर एक कार्यक्रम नगर की कश्यप धर्मशाला में आयोजित हुआ जिसमे बोलते हुए सपा के राज्यसभा सांसद जावेद अली खान ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा जो जुल्म ज्याजती आज हो रही है, जुल्म ज्याजती केवल लाठी डंडा मारकर नही होती है। आपने पिछले दिनों सुना होगा 50 हजार प्राइमरी स्कूल बंद किये जायेंगे। प्राइम. री स्कूल में किसका बच्चा जाता है, गरीब का बच्चा जाता है। उस गरीब का बच्चा जाता है जिसके घर मे खाने का थिंन भी नही कम से कम मिड डे मील ले लालच में चला जाता है। इस अवसर पर जयंती कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भारतीय कश्यप सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह खालसा ने वीरांगना फूलन देवी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में व्याप्त अंधविश्वास पाखंड और कुरूतियों को दूर करो और संगठित होकर समाज में हो रहे शोषण उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष करें कार्यक्रम में सपा के वरिष्ठ नेता अथर हुसैन अंसारी, प्रदेश सचिव गुलजार अहमद ,भारतीय कश्यप सेना संगठन के जिला अध्यक्ष रवि कुमार कश्यप, राम सिंह आर्य आदि लोग मौजूद रहे।

# नगर में श्रीमद् भागवत् कथा से पूर्व महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा



**ठाकुरद्वारा।** नगर के सिंचाई विभाग कालौनी स्थित श्री मनोकामना शिव मंदिर पर श्रीमद् भागवत् से पूर्व विधि विधि से पूजा अर्चना के साथ भव्य कलश यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से निकाली गई। यात्रा के समापन के बाद मंदिर परिर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत् पंडित ऋषिकेश शास्त्री द्वारा शुरू की गई। सोमवार को नगर में सिंचाई विभाग कालौनी स्थित मनोकामना श्री शिव मंदिर पर भारी संख्या में महिलाएं पीले वस्तधारण कर एकत्र हुई। जहां से महिलाओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। इसके बाद महिलाएं ने जल से भरकर कलश सिर पर रखकर नगे पग भगवान शिव का गुणगान करते हुए कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा नगर के सिंचाई विभाग मनोकामना शिव मंदिर से शुरू होकर नगर की विवेकानंद इंटर कालेज वाले मोहल्ले सहित अन्य मोहल्लों से हुए मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में महिलाएं भगवान के भजनों पर थिरकते हुए चल रही था श्रीमद् भागवत कथा के प्रारंभ होने से पूर्व कलश यात्रा के पश्चात हवन कर श्रीमद् भागवत को विराजमान किया गया तत्पश्चात पंडित ऋषिकेश शास्त्री द्वारा सात दिवसीय कथा श्रीमद् भागवत कथा का प्रारंभ किया। कलश यात्रा में संतोष देवी, गीता शर्मा, शांति देवी शीला देवी, निर्मला देवी शशि देवी राधा देवी, श्रीमद् भागवत लिए वीरेन्द्र कुमार शर्मा , महेश सिंह तन्नू सिंह करन सिंह, होमवीर सिंह, अभय गौड़, नागेंद्र सिंह रिशु चौहान, विकास शर्मा, धर्मपाल सिंह आदि रहे।

**खोया-पाया सूचना**

मेरे हाईस्कूल मार्कशीट वर्ष 2014 अनुक्रमांक 0793396 का अंक पत्र व प्रमाण-पत्र वास्तव में कहीं हो खो गया है जिस किसी सज्जन को मिले निम्न पते पर सूचित करें **इरफान अली पुत्र श्री रफीक निवासी ग्राम सफीलपुर थाना व तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।, मो.** 9557540771

**बेदखली सूचना**

मैनै अपने पुत्र राशिद व पुत्रवधू श्रीमती शबाना को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
**मौ. आरिफ पुत्र कल्लू निवासी ग्राम व मौहल्ला ठाकुरान दक्षिणी बिलारी, तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

**प्रधानाध्यापक/इंचार्ज प्रधानाध्यापकः- निम्नांकित प्राथमिक / उच्च प्राथमिक / कम्पोजिट विद्यालय विकास खण्ड बिलारी, जनपद मुरादाबाद**

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुरादाबाद के पत्र संख्या एस0एस0ए0/ज0भ0/ 4376-80/ 2025-26 दिनांक 01.08.2025, एस0एस0ए0/ज0भ0/ 712-17/ 2025-26 दिनांक 24.04.2025 के द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुपालन में उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद नियंत्रणाधीन परिषदीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालयों के निम्नांकित जर्जर भवनों की नीलामी समिति द्वारा निम्न विवरणानुसार की जानी है।

| क्र० स० | विद्यालय का नाम | जर्जर भवन की न्यूनतम बोली की धनराशि | धरोहर की धनराशि | नीलामी हेतु तिथि | नीलामी का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | JHS NAGALIYA JAT | 86000 | 8600 | 13.08.2025 | पूर्वान्ह : 09.00 बजे से |
| 2 | JHS KHABRI ABBAL COMPOSITE | 44000 | 4400 | 13.08.2025 | पूर्वान्ह : 10.00 बजे से |
| 3 | JHS JALALPUR | 122000 | 12200 | 13.08.2025 | पूर्वान्ह : 11.00 बजे से |
| 4 | PS DHARAMPUR KALAN | 12000 | 1200 | 13.08.2025 | अपराहन : 12.00 बजे से |
| 5 | PS SIHALI NANDA | 43000 | 4300 | 13.08.2025 | अपराहन : 01.00 बजे से |
| 6 | PS CHANDPUR GANESH | 54000 | 5400 | 18.08.2025 | पूर्वान्ह : 09.00 बजे से |
| 7 | PS BHUDHAKI MANDAYA | 42000 | 4200 | 18.08.2025 | पूर्वान्ह : 10.00 बजे से |
| 8 | PS NAGALIYA SHAHPUR | 59000 | 5900 | 18.08.2025 | पूर्वान्ह : 11.00 बजे से |
| 9 | PS LACHCHHAMPUR NAGLIYA | 53000 | 5300 | 18.08.2025 | अपराहन : 12.00 बजे से |
| 10 | JHS MOHAMAD IBRAHIMPUR COMPOSITE | 131000 | 13100 | 19.08.2025 | पूर्वान्ह : 09.00 बजे से |
| 11 | JHS MOHAMAD IBRAHIMPUR COMPOSITE | 34000 | 3400 | 19.08.2025 | पूर्वान्ह : 10.00 बजे से |
| 12 | PS NAGALIYA JADID | 51000 | 5100 | 19.08.2025 | पूर्वान्ह : 11.00 बजे से |
| 13 | JHS DEVRI | 80000 | 8000 | 19.08.2025 | अपराहन : 12.00 बजे से |
| 14 | PS DINORA | 29000 | 2900 | 19.08.2025 | अपराहन : 01.00 बजे से |
| 15 | PS BEHTA SARTHAL | 18000 | 1800 | 20.08.2025 | पूर्वान्ह : 09.00 बजे से |
| 16 | JHS KANYA SARTHAL COMPOSITE | 74000 | 7400 | 20.08.2025 | पूर्वान्ह : 10.00 बजे से |
| 17 | JHS SARTHAL | 106000 | 10600 | 20.08.2025 | पूर्वान्ह : 11.00 बजे से |
| 18 | PS NAGLA GUJAR | 53000 | 5300 | 20.08.2025 | अपराहन : 12.00 बजे से |
| 19 | JHS SUJANPUR COMPOSITE | 83000 | 8300 | 21.08.2025 | पूर्वान्ह : 09.00 बजे से |
| 20 | PS JATPURA JHARU | 32000 | 3200 | 21.08.2025 | पूर्वान्ह : 10.00 बजे से |
| 21 | PS KHASEPUR | 52000 | 5200 | 21.08.2025 | पूर्वान्ह : 11.00 बजे से |
| 22 | JHS ARJUNPUR URF SAIFPUR JAGNA COMPOSITE | 27000 | 2700 | 21.08.2025 | अपराहन : 12.00 बजे से |
| 23 | JHS KAMALPUR CHANDORA COMPOSITE | 61000 | 6100 | 21.08.2025 | अपराहन : 01.00 बजे से |
| 24 | JHS SATARAN | 51000 | 5100 | 22.08.2025 | पूर्वान्ह : 09.00 बजे से |
| 25 | JHS ALLAHADPUR DEVA COMPOSITE | 56000 | 5600 | 22.08.2025 | पूर्वान्ह : 10.00 बजे से |
| 26 | JHS NAMANI UDAIYA COMPOSITE | 57000 | 57000 | 22.08.2025 | पूर्वान्ह : 11.00 बजे से |
| 27 | PS CHIDIYA BHAVAN | 13000 | 1300 | 22.08.2025 | अपराहन : 12.00 बजे से |
| 28 | PS IMRATPUR SEODARA | 100100 | 10010 | 23.08.2025 | पूर्वान्ह : 09.00 बजे से |
| 29 | PS QASAMPUR | 42000 | 4200 | 23.08.2025 | पूर्वान्ह : 10.00 बजे से |
| 30 | JHS AHLADPUR KARAR COMPOSITE | 25000 | 2500 | 23.08.2025 | पूर्वान्ह : 11.00 बजे से |
| 31 | PS TURKHERA | 15000 | 1500 | 23.08.2025 | अपराहन : 12.00 बजे से |
| 32 | JHS MEALEHPUR JANNU | 95000 | 9500 | 23.08.2025 | अपराहन : 01.00 बजे से |
| 33 | JHS SEASHPUR KANYA | 122000 | 12200 | 25.08.2025 | पूर्वान्ह : 09.00 बजे से |
| 34 | JHS BAHADURPUR COMPOSITE | 14000 | 1400 | 25.08.2025 | पूर्वान्ह : 10.00 बजे से |
| 35 | PS KUVRI MANAK | 32000 | 3200 | 25.08.2025 | पूर्वान्ह : 11.00 बजे से |
| 36 | PS KANOBI | 6000 | 600 | 25.08.2025 | अपराहन : 12.00 बजे से |
| 37 | JHS PAHARPUR COMPOSITE | 126000 | 12600 | 25.08.2025 | अपराहन : 01.00 बजे से |
| 38 | PS NOSNA SOEDARA | 76067 | 7600 | 26.08.2025 | पूर्वान्ह : 10.00 बजे से |
| 39 | PS RAMNAGAR GANGPUR | 64421 | 6400 | 26.08.2025 | अपराहन : 12.00 बजे से |

1. नीलामी में कोई भी व्यक्ति/फर्म नीलामी के दिनांक को कालम नम्बर 4 में अंकित धनराशि नगद जमा कर नीलामी में प्रतिभाग कर सकता है। 2. कोई भी व्यक्ति/फर्म एक या एक से अधिक जर्जर विद्यालयों की नीलामी में प्रतिभाग कर सकता है। 3. जर्जर भवन की नीलामी का स्थान सम्बंधित विद्यालय का प्रागंण होगा। 4. जर्जर भवन की नीलामी के समय प्रथम बोली विद्यालय के सम्मुख कालम 3 में अंकित धनराशि से प्रारम्भ होगी। 5. अधिकतम बोली दाता को उसी समय अथवा अगले कार्य दिवस में बोली की समस्त धनराशि विद्यालय के प्रबंध समिति खातें में जमा करनी होगी, धनराशि जमा करने की पुष्टि के बाद ध्वस्तीकरण का आदेश दिया जायेगा। 6. निर्धारित समय में बोली की धनराशि जमा न करने पर धरोहर की धनराशि को जब्त कर लिया जायेगा तथा पुनः नीलामी की जायेगी। 7. नीलामी से पूर्व बोली दाता जर्जर विद्यालय भवन को किसी भी कार्य दिवस में भौतिक रूप से देख सकता है। 8. ध्वस्तीकरण आदेश जारी होने के साथ दस दिवस के अंदर जर्जर भवन को ध्वस्त कर अवशेष मलबे को हटाना होगा तथा जर्जर भवन के स्थान वाली भूमि को समतल करना होगा। 9. असफल बोली दाता की धरोहर राशि नीलामी उपरान्त वापस कर दी जायेगी। 10. किसी भी विवाद की स्थिति में समिति का अंतिम निर्णय ही मान्य होगा। 11. किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद मुरादाबाद होगा। 12. नीलामी हेतु अन्य नियम व शर्तें सम्बंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक/इंचार्ज प्रधानाध्यापक से प्राप्त कर सकते है।

**प्रधानाध्यापक/इंचार्ज प्रधानाध्यापक**
**उपरोक्त प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालय विकास खण्ड बिलारी, जनपद मुरादाबाद**



# अनु रानी ने जीता जैवलिन खिताब

**इंटरनेशनल विस्लाव मैनियाक मेमोरियल में खिताब जीतने वाली अनु रानी ने 62.01 मी. थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया**

**भुवनेश्वर, वार्ता।** ओलंपियन अनु रानी ने इंडियन ओपन 2025 वर्ल्ड एथलेटिक्स ब्रॉन्ज लेवल कॉन्टिनेंटल टूर में अपनी प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए महिला भाला फेंक स्पर्धा का खिताब जीता।

इस सप्ताह की शुरुआत में इंटरनेशनल विस्लाव मैनियाक मेमोरियल में जैवलिन थ्रो खिताब जीतने वाली अनु रानी ने रविवार को हुई स्पर्धा में 62.01 मीटर थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया। श्रीलंका की एन डीएल हटारबाग लेखा (56-27 मीटर) और दीपिका (54-20 मीटर) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में श्रीलंका के रुमेश पथिरंगे ने 86.50 मीटर के थ्रो के साथ जीत हासिल की। रुमेश पथिरंगे ने पिछले महीने बेंगलुरु में एनसी क्लासिक में कांस्य पदक जीता था।

शिवम लोहकरे 80.73 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि सुमेदा जे राना. सिंघे 80.65 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता सचिन यादव (79.80 मीटर) और यशवीर सिंह (78. 53 मीटर) क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर रहे। पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में अनिमेष कुजूर ने 20.77 सेकेंड का समय दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक जीता। अनिमेष कुजूर के नाम पुरुष 100 मीटर और 200 मीटर स्प्रिंट में भी राष्ट्रीय रिकॉर्ड दर्ज है। दक्षिण कोरिया के सेंगवान को (20-95) दूसरे स्थान पर रहे, जबकि रगुल कुमार (21.17) तीसरे स्थान पर रहे। महिला 200 मीटर दौड़ में एंजल सिल्विया ने 23:95 सेकेंड का समय दर्ज करते हुए जीत हासिल की। नित्या गांधे, जो पहले 100 मीटर रेस में तीसरे स्थान पर रही थीं, उन्होंने 24:11 सेकेंड के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि उन्नति अय्यप्पा 24:56 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रही। इस बीच, एशियन चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता विशाल टीके ने 45:72 सेकेंड का समय दर्ज करते हुए पुरुष 400 मीटर स्पर्धा जीती।अमोज जैकब 45: 86 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे और संतोष कुमार टी 46 : 89 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। एशियन गेम्स के रजत पदक विजेता मोहम्मद अफसल पी ने पुरुष 800 मीटर दौड़ में 1:46:60 का समय दर्ज करते हुए पहला स्थान हासिल किया, जबकि प्रकाश गड्डे (1:47:14) और कृष्ण कुमार (1:48:00) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। महिला 1500 मीटर दौड़ में, एशियन चैंपियनशिप की पदक विजेता पूजा (4:15:13) ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि लिली दास (4:17:66) दूसरे और अमनदीप कौर (4:27:14) तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं, मुरली श्रीशंकर ने अपने अंतिम प्रयास में 8.13 मीटर की सीजन की सर्वश्रेष्ठ जंप के साथ पुरुष लांग जंप खिताब जीता।

## बोधना बनी ग्रैंडमास्टर को हराने वाली सबसे कम उम्र की शतरंज खिलाड़ी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय मूल की ब्रिटिश नागरिक बोधना शिवानंदन ग्रैंडमास्टर पीटर वेल्स को हराने वाली सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी बन गई है। इंग्लिश शतरंज महासंघ (ईसीएफ) द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार कि हैरो की इस 10 वर्षीय खिलाड़ी ने रविवार को लिवरपूल में 2025 ब्रिटिश शतरंज चैंपियनशिप के अंतिम दौर में 60 वर्षीय ग्रैंडमास्टर पीटर वेल्स को हराकर जीत हासिल की। 10 साल, पांच महीने और तीन दिन की उम्र में शिवानंदन की यह जीत अमेरिकी कैरिसा यिप के 2019 के रिकॉर्ड को तोड़ती है, जो आगे चलकर अंतर्राष्ट्रीय मास्टर बनीं। ईसीएफ ने कहा कि बोधना की जीत ने महिला अंतर्राष्ट्रीय मास्टर खिताब हासिल करने के लिए आवश्यक अंतिम 'मानदंड' या परिणाम भी हासिल कर लिया है, जो शतरंज के सर्वोच्च खिताब, ग्रैंडमास्टर, की ओर एक कदम है। बोधना ने इस आयोजन के दौरान 24 रेटिंग अंक हासिल किए और 26वें स्थान पर रहीं एक 10 वर्षीय खिलाड़ी के लिए यह उल्लेखनीय उपलब्धि है। ईसीएफ के विशेषज्ञ कमेंटेटर डैनी गोरमली ने कहा किआखिरकार उन्होंने यह कैसे जीत लिया। वह जरूर कोई जाद. गरनी होंगी। उन्हें सरल पो. जिशनल मूव्स खेलना पसंद है, कुछ खास नहीं, वह बहुत मजबूत खिलाड़ी हैं और खेल के आखिर में अपने विरोधियों को मात देने का प्रयास करती हैं। उनके खेल में विश्व नंबर एक मैग्नस कार्लसन या महान जोस राउल कैपब्लांका की झलक दिखती है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## करेन खाचानोव ने अपने करियर की 200वीं जीत दर्ज की

**अमेरिका, वार्ता।** रूस के करेन खाचानोव ने सोमवार को सिनसिनाटी ओपन के शुरुआती मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करे हुए फ्रांस के वैलेंटिन रॉयर को सीधे सेटों में हराया। यह उनके हार्ड कोर्ट करियर की 200वीं जीत है। यहां खाचानोव ने फ्रांसीसी क्वालीफायर वैलेंटिन रॉयर को रोमांचक मुकाबले में 6-4, 7-6 (6) से हराया। इसी जीत के साथ ही वह हार्ड कोर्ट पर 200 मैच जीतने की उपलब्धि हासिल करने वाले 10वें खिलाड़ी बन गए है। इस सूची में ग्रिगोर दिमित्रोव 318 जीत के साथ शीर्ष पर है। 309 मैच जीतने वाले डेनियल मेदवेदेव दूसरे स्थान, 288 जीत के साथ एलेक्जेंडर जेवरेव तीसरे, मिलोस264 चौथे, रुबलेव 253 पांचवें, डेविड 228 छठे, फ्रिट्ज 221 सातवें, स्टेफानोस 219 आठवें,डी मिनौर 212 नौवें व करेन खाचानोव 200 जीत के साथ 10वें स्थान पर पहुंच गए है।

## आकाशदीप ने श्री काशी विश्वनाथ व काल भैरव मंदिर में टेका मत्था

**वाराणसी, वार्ता।** इंग्लैंड दौरे से लौटने के बाद सोमवार को भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज आकाशदीप ने श्री काशी विश्वनाथ और काशी कोतवाल बाबा काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन किया। उन्होंने बनारसी अंदाज में गलियों में चाय की चुस्की का भी आनंद लिया। आचार्य वेंकटेश मिश्र ने बताया कि आकाशदीप ने बाबा श्री काशी विश्वनाथ का जलाभिषेक किया। इस दौरान मंदिर परिसर में उनके प्रशंसकों में खासा उत्साह देखने को मिला। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर काशी में दर्शन-पूजन की तस्वीरें साझा करते हुए आकाशदीप ने लिखा किना सोना मांगा, न चांदी मांगी, बस चरणों में यही वंदना मांगी।

# सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से आखिरी बाधा को तोड़ देंगे: हरमन प्रीत

- **घरेलू दर्शकों के सामने खेलना हमेशा खास होता है और उम्मीद हैं कि इस बार हम अपना शत-प्रतिशत देंगे**

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की कप्तान ने सोमवार को कहा कि आगामी एकदिवसीय विश्वकप में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर आखिरी बाधा को तोड़ते हुए भारतीय प्रशंसकों के इंतजार को खत्म करेंगे। यहां आयोजित एक कार्यक्रम में आगामी विश्वकप की उलटी गिनती शुरू होने पर हरमनप्रीत ने कहा किघरेलू दर्शकों के सामने खेलना हमेशा खास होता है, और उम्मीद है कि इस बार हम अपना शत-प्रतिशत देंगे और आखिरकार उस बाधा को तोड़ देंगे जिसका सभी भारतीय प्रशंसक इंतजार कर रहे हैं।

भारत 2005 में उपविजेता रहा, 2009 में तीसरे और 2013 में सातवें स्थान पर रहा। 2017 में वे खिताब जीतने के बेहद करीब पहुंच गए थे, लेकिन लॉर्ड्स में इंग्लैंड से फाइनल हार गए, और 2022 में पांचवें स्थान पर रहे। हरमनप्रीत ने 2017 के टूर्नामेंट के उस निराशाजनक पल को याद किया जब




उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 171 रनों की धमाकेदार पारी खेली थी। भारतीय कप्तान ने याद करते हुए कहा किमुझे आज भी वह पारी याद है। वह बहुत खास थी। उसके बाद मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बहुत कुछ बदल गया। उस समय मुझे पूरी तरह से एहसास नहीं था कि क्या हुआ था लेकिन जब हम फाइनल हारने के बाद भारत लौटे, तो हमारा इंतजार कर रहे और हमारा उत्साहवर्धन कर रहे लोगों की संख्या वाकई उल्लेखनीय थी। वह बहुत खास था। इस कार्यक्रम का उद्घाटन आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने पैनल चर्चा से पहले किया, जिसमें हरमनप्रीत और आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता के अलावा भारतीय क्रिकेट स्टार मंधाना व जेमिमा रोड्रिग्स भी शामिल थीं।

# सीएसके बताए आगामी आईपीएल में क्या भूमिका होगी: आर अश्विन

- **अगर मैं टीम की योजनाओं में फिट नहीं बैठता तो उन्हें टीम से अलग होने में कोई आपत्ति नहीं है**

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के ऑलराउंडर आर अश्विन ने अपनी टीम से पूछा है कि आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनकी भूमिका क्या होगी। उन्होंने फ्रैंचाइजी से कहा है कि अगर वह टीम की योजनाओं में फिट नहीं बैठते तो उन्हें टीम से अलग होने में कोई आपत्ति नहीं है।

खिलाड़ियों को रिलीज करने की अंतिम तारीख आमतौर पर इस बात पर निर्भर करती है कि उस साल की नीलामी कब है। यह आईपीएल 2026 के लिए अभी तय नहीं हुआ है। बड़ी नीलामी हर तीन साल में होती है, लेकिन छोटी नीलामी हर साल होती है। यह आमतौर पर नवंबर से फरवरी के बीच कभी भी हो सकती है। अगर किसी खिलाड़ी का ट्रेड होना हो तो यह नीलामी से एक हफ्ते पहले तक हो सकता है। अश्विन आईपीएल में पांचवें सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने सीएसके से शुरुआत की थी और इसके बाद वह राइलजग पुणे सुपरजायंट्स, लकग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स), दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेले। वह फिर 2025 में सीएसके में लौटे। सीएसके को अभी और भी बड़े फैसले लेने हैं, जिसमें कप्तानी का मामला भी शामिल है।

# नेशनल स्पोर्ट गवर्नेंस बिल लोकसभा में पास

- **आजादी के बाद सबसे बड़ा खेल सुधार, 1975 में पहली बार प्रपोजल लाया गया था: खेल मंत्री मनसुख**

**नई दिल्ली, वार्ता।** सोमवार को लोकसभा में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल और नेशनल एंटी-डोपिंग संशोधन बिल, 2025 पास हो गया।

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इसे आजादी के बाद से भारतीय खेलों में सबसे बड़ा सुधार बताया। इस दौरान विपक्ष ने बिहार में मतदाता सूची संशोधन (एसआईआर प्रक्रिया) और कथित वोट धोखाधड़ी के खिलाफ विरोध जारी रखा। नेशनल स्पोर्ट्स बिल को लाने की शुरुआत 1975 से हुई थी। लेकिन हर बार राजनीतिक कारणों के चलते यह बिल कभी संसद नहीं जा पाया था। बिल पास होने पर मनसुख मांडविया ने कहा कि यह आजादी के बाद का सबसे बड़ा खेल सुधार है। यह बिल खेल संघों में जवाबदे. ही, न्याय और बेहतर गवर्नेंस सुनिश्चित करेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि यह बिल भारत के खेल तंत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन अफसोस है कि विपक्ष इसमें शामिल नहीं हुआ। संसद में सुबह हंगामे के कारण सदन स्थगित हुआ, लेकिन दोपहर 2 बजे दोबा. रा शुरू होने पर दोनों बिल पास हो गए। विपक्ष के अधिकतर नेता उस समय सदन में नहीं थे, क्योंकि वे चुनाव आयोग के ऑफिस की ओर मार्च करते हुए हिरासत में ले लिए गए थे। बहस के दौरान कुछ विपक्षी सांसदों ने बिल का समर्थन भी किया, लेकिन बाद में विपक्ष लौटकर नारेबाजी करने लगा। हंगामे के बीच बिल को वायस वोट से पास किया गया। बीसीसीआई पर आरटीआई लागू नहीं होगा।

# एशिया कप: हार्दिक का फिटनेस टेस्ट होगा

- **सूर्या एनसीए में एक हफ्ते और रुकेंगे, 9 सितम्बर से खेला जाएगा टूर्नामेंट**



**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप 2025 से पहले भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव की फिटनेस को लेकर अपडेट आया है।

भारत के एशिया कप 2025 टीम के सिलेक्शन से पहले हार्दिक पांडया 11 और 12 अगस्त को बेंगलुरु में नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में रूटीन फिटनेस टेस्ट से गुजरेंगे, जिसके आधार पर उनका मूल्यांकन किया जाएगा। पंडया ने आखिरी इंटरनेशनल मुक. ाबला मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ (वनडे) खेला था। वहीं, सूर्या का अभी पूरी तरह फिट होना बाकी है। वे एनसीए में फीजियो और मेडिकल टीम की मौजूदगी में अभी एक हफ्ते और रुकेंगे, ताकि समय पर पूरी तरह फिट हो सकें। उन्होंने जून में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी कराई थी। एशिया कप के लिए अभी भारतीय टीम का ऐलान नहीं हुआ है। उससे पहले खिलाड़ियों का फिटनेस टेस्ट किया जा रहा है। पिछले महीने श्रेयस अय्यर का किया गया था। सूर्या ने जून में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी कराई थी।

34 साल के सूर्या ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा था, 'लाइफ अपडेट, पेट के निचले दाएं ओर स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हो गई है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सफल आपरेशन के बाद अब मैं रिकव. री की राह पर हूं।' सूर्या ने आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ (टी-20) खेला था। एशिया कप 2025 यूएई में खेला जाएगा। टूर्नामेंट 9 सितम्बर से शुरू होकर 28 सितम्बर तक चलेगा। इसमें आठ टीमें हिस्सा लेंगी। भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हान्ग कान्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी।

भारत 10 सितम्बर को यूएई, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा। एशिया कप की शुरुआत 1984 में हुई थी। अब तक 16 बार यह टूर्नामेंट खेला जा चुका है। भारत ने इसे सबसे ज्यादा 8 बार जीता। वहीं श्रीलंका ने 6 और पाकिस्तान ने 2 बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया है।

# हॉकी की 30 टीमें नए डिवीजन आधारित प्रारूप में करेंगी प्रतिस्पर्धा

- **टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 30टीमों को ए, बी और सी डिवीजन में बांटा गया है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पंजाब के जालंधर में मंगलवार से शुरु होने वाली 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में 30 टीमें नए डिवीजन-आधारित प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह टूर्नामेंट 23 अगस्त तक चलेगा। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 30 टीमों को ए, बी और सी डिवीजन में बांटा किया गया है।

डिवीजन 'ए' की टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जबकि डिवीजन 'बी' और 'सी' की शीर्ष दो टीमें अगले स्तर पर पदोन्नति हासिल करेंगी। डिवीज़न 'ए' और 'बी' में सबसे नीचे की दो टीमें 2026 के लिए अगले डिवीजन में रेल. ीगेशन का सामना करेंगी। डिवीजन 'ए' में देश की 12 सर्वश्रेष्ठ जूनियर पुरुष टीमें शामिल हैं, जिनमें गत विजेता पंजाब, उपविजेता उत्तर प्रदेश और तीसरे स्थान पर रहने वाली हरियाणा शामिल हैं। पूल मैच 16 अगस्त से शुरू होंगे और 20 से 23 अगस्त तक क्वार्टरफाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले जाएँगे। टीमों को निम्नलिखित पूल में विभाजित किया गया है:-

**पूल ए:**- पंजाब, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु

**पूल बी:**- उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र

**पूल सी:**- हरियाणा, मणिपुर, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव(

**पूल डी:**- कर्नाटक, ओडिशा, आंध्र प्रदेश!

डिवीज़न 'बी' में केवल लीग मैच होंगे, जिसमें शीर्ष दो रैंक वाली टीमों को डिवीजन 'ए' में पदोन्नत किया जाएगा और अंतिम दो को डिवीजन 'सी' में रेलीगेट किया जाएगा। मैच 12 से 16 अगस्त तक चलेंगे।

# पाक की महिला टीम ने आयरलैंड को हराया



**डबलिन, वार्ता।** मुनीबा अली (नाबाद 100) की शतकीय पारी की बदौलत पाकिस्तान की महिला टीम ने तीसरे और आखिरी टी-20 मुकाबले में आयरलैंड को आठ विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान की टीम आखिरी मैच में जीत दर्ज कर अपनी साख बचाने में कामयाब रही।

हालांकि आयरलैंड ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम की। 156 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की महिला टीम को पहला झटका 33 के स्कोर पर शवाल जुल्फिकार (तीन) के रूप में लगा। उसके बाद 55 के स्कोर पर नतालिया परवेज नौ रन बनाकर पवेलियन लौट गई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी आलिया रियाज ने मुनीबा अली के साथ 101 रनों की अविजित साझेदारी कर 17-4 ओवर में दो विकेट पर 156 रन बनाकर अपनी टीम को आठ विकेट से जीत दिला दी। मुनीबा अली को उनकी शानदार शतकीय पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से तथा सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली आयरलैंड की ऑर्ला प्रेंडरगस्ट को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' के पुरस्कार नवाजा गया। आयरलैंड की ओर से अवा कैनिंग और लारा मैकब्राइड ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले क्लोंटार्फ क्रिकेट क्लब ग्राउंड पर रविवार रात को खेले गए मुकाबले में आयरलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने फैसला किया। आयरलैंड की महिला टीम के लिए एमी हंटर और कप्तान गैबी लुईस की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 52 रन जोड़े। रमीन शमीम ने गैबी लुईस 22 गेंदों में (36) को पगबाधा आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद एमी हंटर (29), ली पॉल (11), रेबेका स्टोकेल (पांच) रन बनाकर आउट हुई। आयरलैड की टीम ने निर्धारित 20 ओव. रों में चार विकेट पर 155 रन का स्कोर बनाया। ऑर्ला प्रेंडरगस्ट 46 गेंदों में आठ चौकों की मदद से (नाबाद 64) रन बनाये। लॉरा डेलेनी पांच रन बनाकर नाबाद रही। पाक की ओर से फातिमा सना, सादिया इकबाल, वाहिदा अख्तर और रमीन शमीम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# 2025 में गिल समेत महज दो खिलाड़ी वनडे और टेस्ट दोनों प्रारूपों में बने प्लेयर ऑफ द सीरीज

- **न्यूजीलैंड के मैट हेनरी को हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड दिया गया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच हालिया सीरीज में कप्तान शुभमन गिल शानदार फार्म में दिखे। उन्होंने 10 पारियों में 75.40 की औसत से सबसे ज्यादा 754 रन बनाए। इनमें चार शतक शामिल हैं। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया।

वह इस साल अब तक उन दो खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें इस साल टेस्ट और वनडे, दोनों प्रारूप में प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवार्ड मिला है। उनके अलावा ऐसा करने वाले खिलाड़ी न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी हैं। इतना ही नहीं, गिल ने साल 2023 से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन के मामले में भारत के दो दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली को भी पीछे छोड़ दिया है। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज अवार्ड जीता था। फरवरी में खेली गई वनडे सीरीज में गिल ने तीन पारियों में 86.33 की औसत से 259 रन बनाए थे। इसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं।

वहीं, न्यूजीलैंड के मैट हेनरी को हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज अवार्ड दिया गया। उन्होंने घातक गेंदबाजी करते हुए दो मैचों में 16 विकेट झटके। इनमें दो पाइव विकेट हाल शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने इस साल की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवार्ड जीता था।

उन्होंने तीन मैचों में नौ विकेट झटके थे। इनमें दो 4 पस शामिल हैं।



# कपिल का शव 48 घंटे बाद नदी से बरामद, पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** खतापुर गांव के कपिल कश्यप का शब 48 घंटे के बाद आज नदी से बरामद कर लिया गया परि. जनों ने उसे साथ लेकर आए युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है।पुलिस ने पंचनामा भरकर शब पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। थाना कांठ क्षेत्र के गांव खतापुर निवासी ब्रजपाल का बेटा कपिल कश्यप अपने घर पर सोया हुआ था शनिवार की दोपहर को गांव के तीन युवक उसके घर पहुंचे और कोल्डड्रिंक पिलाने की बात कहते हुए उसे घर से अपने साथ ले गए कुछ घंटो बाद पता चला की कपिल लाडलाबाद मंदिर के पास करुला नदी में डूब गया है। डूबे हुए युवक को तलाशने के लिए पीएससी की टीम मौके पर पहुंची और शाम तक उसको तलाश किया अगले दिन भी पीएससी द्वारा रेस्क्यू अभियान चलाया गया लेकिन वह कपिल का शब बरामद करने में नाकाम रहे आज सोमवार को फिर पीएसी की टीम के साथ-साथ कुछ गांव के तैराक भी नदी में उतर गए और काफी खोजबीन के बाद आखिर शाम करीब 3:00 बजे कपिल का शब बरामद कर लिया गया। शब मिलते ही परिजनों में को. हराम मच गया उन्होंने कपिल को घर से बुलाकर ले गए दोस्तों पर एक बार फिर उसकी हत्या का आरोप लगा दिया। फिलहाल पुलिस ने शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवाया है और इस मामले में अब नए सिरे से जांच शुरू की है।





# ब्लॉक स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** डीएसएम इंटर कॉलेज कांठ में आज ब्लॉक स्तरीय विज्ञान संगोष्ठि का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्य कुमार देव अवस्थी ने दीप प्रज्वलित करके किया। संगोष्ठी में बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज राजकीय कन्या इंटर कॉलेज मुंडा खेड़ी श्री कृष्णा इंटर कॉलेज पाठंगी राजकीय इंटर कॉलेज मानपुर मुजफ्फरपुर के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का विषय क्वांटम युग का आरंभ संभावनाएं और चुनौतियां रखा गया था।

निर्णायक मंडल में जैनों वर्मा डीएसएम कॉलेज, रेनू गौतम बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज और पदम प्रभा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज मुंडा खेड़ी शामिल रही। कार्यक्रम प्रभारी पुनीत कुमार राम अचल शुभम जैन सहयोगी रहे। उप प्रधानाचार्य आर के राठौर एवं विद्यालय में फिजिक्स प्रवक्ता प्रदीप कुमार द्वारा संबोधन किया गया। संगोष्ठी में हरिनाथ सिंह मोहम्मद नैयर आलम आंचल आदि का सहयोग रहा प्रथम स्थान गोस्या आतिफ बिहारी आदर्श कन्या इंटर कालेज, द्वितीय स्थान आयुषी राजकीय कन्या इंटर कॉलेज मुंडा खेड़ी और चित्र स्थान सासी राजकीय इंटर कॉलेज मानपुर रही।

विजेता छात्र छात्राओं को जनपद स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में 18 अगस्त को प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त होगा।



# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'स्टार्ट-अप्सः ए न्यू एरा ऑफ डेवलपमेंट' विषय पर आयोजित हुआ सेमिनार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एल्युमिनाई एसोसिएशन (आईयूएए) और स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वावधान में ''स्टार्ट-अप्सः ए न्यू एरा ऑफ डेवलपमेंट'' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने सेमिनार के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान के सफलता प्राप्त एल्युमिनाई अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं। इस सेमिनार में आईएफटीएम से बी.कॉम.- सत्र 2018-21 बैच की पूर्व छात्रा व मुरादाबाद स्थित 'डेरमाग्लो क्लिनिक एंड एकेडमी' की संस्थापक मिस शुभी मेंदीरत्ता ने बतौर मुख्य वक्ता अपने वक्तव्य में कहा कि उद्यमी बनने के लिए लक्ष्य को निर्धारित करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने सलाह दी कि महिलाएं स्वावलंबी बनने की दिशा में आगे बढ़ने का प्रयास करें। उन्होंने यह भी कहा कि आज के डिजिटल युग में उद्यमी बनना बहुत आसान है, क्योंकि युवा सोशल मीडिया के माध्यम से अनेक जानकारियां जल्दी व आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर आईयूएए के अध्यक्ष डॉ. अनुज श्रीवास्तव ने सेमिनार के दौरान अति महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराने हेतु मुख्य वक्ता व एलुमना मिस मेंदीरत्ता की सराहना करते हुए उन्हें भविष्यमयी शुभकामनाएं दीं। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षा व स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल ने प्रतिभागी विद्यार्थियों और आयोजन समिति के सभी सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की आयोजन सचिव डॉ. शेफाली अग्रवाल ने मुख्य वक्ता मिस मेंदीरत्ता व अन्य अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजिका डॉ. स्वाति राय, स्कूल के एल्युमिनाई समन्वयक डॉ. निखिल गुप्ता समेत डॉ. हिमांशु गुप्ता, डॉ. मेघा भाटिया एवं डॉ. आरती गर्ग आदि फैकल्टी मैम्बर्स का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में डॉ. राय ने सभी उपस्थितों के प्रति आभार प्रकट किया। इस सेमिनार में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के विभिन्न पाठ्यक्रमों के 50 से अधिक विद्यार्थियों के साथ ही कई अन्य शिक्षकों की भी उपस्थिति रही।


मिस शुभी मेंदीरत्ता

## एक नजर

### एसएम कॉलेज में वित्तीय अनियमितताओं की विशेष जांच के आदेश

**चन्दौसी।** उच्च शिक्षा निदेशालय ने मेघा गुप्ता (सभासद वार्ड नं-03, नगरपालिका परिषद् चन्दौसी) की शिकायत पर एस.एम. कॉलेज के प्रबंधक, सचिव और प्राचार्य से महाविद्यालय के विरुद्ध लगाए गए आरोपों की विशेष संपरीक्षा/जांच हेतु साक्ष्य सहित अभिलेख और आख्या उपलब्ध कराने को कहा है। पत्र संख्या-1/999262/2025/70-2099/2025, दिनांक 19 जून 2025 के माध्यम से राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 40 के अंतर्गत विशेष जांच कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें पूछा गया है कि श्यामसुंदर मेमोरियल कॉलेज समिति चंदौसी का पंजीकरण और अंतिम नवीनीकरण कब हुआ, एस.एम. कॉलेज सोसाइटी चंदौसी का पंजीकरण कब हुआ, तथा एस.एम. कॉलेज चंदौसी समिति के नाम से दर्ज भूमि से संबंधित सभी गाटा संख्या और खतौनी की जानकारी दी जाए। इसके अलावा, बिंदु संख्या-5 के अंतर्गत यह भी पूछा गया है कि श्यामसुंदर मेमोरियल कॉलेज चंदौसी समिति ने किस सक्षम अधिकारी की अनुमति से किस गाटा संख्या की भूमि का विक्रय किया। साथ ही, महाविद्यालय में संचालित दुक. ानों और व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन किस समिति के नाम से हो रहा है, इसकी भी जानकारी मांगी गई है। उच्चतर शिक्षा आयोग द्वारा चयनित प्राचार्यों के आदेश, कार्यभार ग्रहण करने का अनुभव, सूची और कार्यकाल का विवरण, वर्तमान में प्रशासनिक कार्य कर रहे प्राचार्य की स्थिति, महाविद्यालय की चल-अचल संपत्ति का ब्यौरा तथा लेखांकन संबंधी केंद्रीय पंजिका की प्रमाणित छायाप्रति भी प्रस्तुत करने को कहा गया है।

### नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर में 62 लोगों ने कराई जांच



**चन्दौसी।** रोटरी क्लब चंदौसी रॉयल्स की ओर से डॉ. तन्वी अग्रवाल के अस्पताल में नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 62 लोगों ने अपने दांतों की नि:शुल्क जांच कराई। इस दौरान मरीजों को दवाइयां और डॉक्टर का परामर्श भी बिना किसी शुल्क के प्रदान किया गया। क्लब की ओर से बताया गया कि यह सेवा केवल इस शिविर तक सीमित नहीं है, बल्कि रोटरी रॉयल्स और डॉ. तन्वी के संयुक्त प्रयास से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के दांतों की जांच नि:शुल्क जारी रहेगी। इस दौरान राहुल अग्रवाल, भुवनेश वार्ष्णेय, विजय कुमार, राजीव कृष्ण, वंदना अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल, डा. प्योध चौधरी, डा. श्रती चौधरी, नैंसी अग्रवाल, विनय अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, अतुल गेरा, विक्रम वार्ष्णेय, सौरभ अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, आदित्य वार्ष्णेय, शोभित अग्रवाल, गौरव साहनी, विभोर बंसल, शशांक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### हरि कथा में किया जांभोजी अवतार का वर्णन



**कांठ।** बिश्नोई मंदिर में संचालित हरि कथा के दूसरे दिन राजस्थान से पधारे संत स्वामी रामेश्वरानन्द जी ने भगवान जाम्भोजी के अवतार के जन्मोत्सव की कथा कही एवं विष्णु मंत्र की महिमा बताई। उन्होंने कहा कि विष्णु विष्णु का जाप करने से मनुष्य भवसागर से पार हो जाता है कथा के दौरान उन्होंने भगवान जांभोजी से जुड़ी अनेक कथाएं सुनाकर लोगों से उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी धर्म में बुराइयों को त्याग कर अच्छाइयों को अपनाने पर जोर दिया गया है इसलिए यदि हम अपने-अपने धर्म के हिसाब से अपने गुरुओं के बताए मार्ग पर चलने का प्रयास करते हैं तो हम एक सफल जीवन जी सकते हैं। इस अवसर पर स्वामी चमन ऋषि उत्तर प्रदेश धर्मशाला मुक्ति धाम मुकाम, जगदेवानंद जी, ऋषिदानन्दजी, दिलावर सिंह ,कुंवर सुरेंद्र सिंह, मास्टर चंद्रप्रकाश सिंह, इंद्रराज सिंह, सूरजसिंह, नरेश कुमार, राकेश , नीरज कुमार, सविता बिश्नोई, इंद्रा, रेखा, माया बिश्नोई आदि उपस्थित रहें।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर डीएसएम में खिलाई बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली



**कांठ।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर डीएसएम इंटर कॉलेज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से एक कैंप का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को डॉक्टर राजीव कुमार एवं उमेश कुमार द्वारा एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई उन्होंने छात्र-छात्राओं को इस गोली के महत्व के बारे में जानकारी दी और कहा कि आज छूटे हुए छात्र-छात्राओं को माय अप राउंड के अंतर्गत 14 अगस्त को गोली खिलाई जाएगी उन्होंने विभिन्न विद्यालय से शिक्षकों को भी अपने विद्यालयों में टैबलेट खिलाने के लिए कहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर कुमार देव अवस्थी ने बताया कि एल्बेंडाजोल टेबलेट वितरण विद्यालय से किया जा रहा है जिन विद्यालयों को प्राप्त नहीं हो पाई है वह डीएसएम इंटर कॉलेज से ले जा सकते हैं।

# एसएम कॉलेज में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सम्मान में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** सोमवार को एस.एम. कॉलेज में रानी रामकली सांस्कृतिक क्लब के तत्वावधान में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सम्मान में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. हेमंत कुमार ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। प्रोफेसर डॉ ए. पी. सिंह ने भारत के लाडले शहीद खुदीराम बोस को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रो. (डॉ) जितेंद्र कुमार तिरंगे के तीनों रंगों की व्याख्या करते हुए राष्ट्रीय आंदोलन में तिरंगे की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर डॉ रामअधार सिंह यादव, समन्वयक, रानी रामकली सांस्कृतिक क्लब ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में गांधी युग पर प्रकाश डालते हुए जीवन में अहिंसा को अपने जीवन में अपनाने पर विशेष रूप से बल दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विशेष कुमार पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर डॉ. अजय प्रकाश, डॉ. सुनील गुप्ता, डॉ. सचिन कुमार, डॉ. पंकज यादव सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# प्राथमिक विद्यालयों में 2026 तक शुरू होगी बाल वाटिका

**कांठ।** प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को तेजी से प्रभावी बनाने में जुट गया है। इसके तहत प्रदेश के सभी प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में छह वर्ष के बच्चों के लिए बाल वाटिका शुरू करने की तैयारी है। 2026 तक बेसिक शिक्षा विभाग अपने सभी प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों में इसका संचालन करेगा।एनईपी के अनुसार प्राथमिक शिक्षा से पहले तीन से छह साल तक के बच्चों को पूर्व-प्राथमिक शिक्षा अनिवार्य है।

इसी के तहत सभी विद्यालयों में बाल वाटिका को तैयार किया जा रहा है। वर्तमान में 111621 प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालय चल रहे हैं, जिसमें 70494 प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में को लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र चल रहे हैं, यहां गल वाटिकाओं का संचालन हो रहा है। विलय के बाद खाली हो रहे 7-8 हजार स्कूलों में भी 15 अगस्त से इसकी शुरुआत की तैयारी है। इसके बाद शेष लगभग 35 हजार प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों में आंगनबाड़ी केंद्र नहीं हैं, यहां भी बाल वाटिकाओं का संचालन किया जाएगा।

इसी क्रम में शिक्षा मंत्रालय की पीआईबी में मिली स्वीकृति के बाद इन बच्चों को पढ़ाने के लिए विभाग ने पिछले वर्ष से अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन (ईसीसीई) एजुकेटर्स की नियुक्ति शुरू की है। इस साल भी 8800 एजुकेटर्स की भर्ती की स्वीकृति मिली है।

# धर्म जागरण समिति ने मनाया धर्म रक्षा बंधन उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की धार्मिक गतिविधि धर्म जागरण समिति चन्दौसी द्वारा सोमवार को 'धर्म रक्षा बंधन उत्सव' कार्यक्रम का आयोजन पथरा स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर जूनियर हाईस्कूल में किया गया। सर्वप्रथम भारत माता के चित्र पर सभी ने सामूहिक रूप से पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम का शुभारंभ महानंदन गौतम ने किया। आशा गोस्वामी ने परिचयात्मक वार्ता प्रस्तुत की। हरीश कठेरिया एड. ने पत्रक वाचन करके सभी को धर्मनिष्ठा का संकल्प दिलवाया। डॉ. जयशंकर दुबे ने अपने संक्षिप्त बौद्धिक में कहा कि रक्षा का सूत्र सर्वसमाज को एक श्रृंखला में पिरा. ेता है जिससे समाज में एकता और बंधुत्व की भावना सुदृढ़ होती है। तत्पश्चात सभी ने परस्पर रक्षा सूत्र बांधकर समरस धर्मभाव का परिचय दिया। इस अवसर पर सत्यपाल सिंह, प्रवीण कुमार, शालू, सत्येंद्र सिंह, रंजीत कुमार, सोनिया शर्मा, अश्विनी कुमार, शिव गणेश, रमन शर्मा, योगेश कुमारी, दुर्गेश कुमारी, रेशमा आदि उपस्थित रहे।




# मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज में हर घर तिरंगा अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत कार्यक्रम अधिकारी शर्मिल उपाध्याय व राजू पाल के निर्देशन में हर-घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राज. कुमार गोयल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा हमारे देश की आत्मा, स्वतंत्रता, एकता व गौरव का प्रतीक है। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका कार्यक्रम अधिकारी शर्मिल उपाध्याय व अंग्रेजी विभाग की दिव्या रहीं तथा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पूजा, अंशु व मानसी रहीं। द्वितीय स्थान पर कुलदीप और मनीषा रहे तथा तृतीय स्थान पर महक व सोनी रहे। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर डा. तेजपाल, डा. निर्मल, डा. दीपक उपाध्याय आदि मौजूद रहे।



# भाकियू असली के सम्मेलन में किसानों से संगठित होने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सिम्राट बैंकट हॉल हाथीपुर बहाउद्दीन में भारतीय किसान यूनियन असली का किसान सम्मेलन संपन्न हुआ। इसमें किसानों से संगठन को मजबूत करने पर बल दिया गया। इसके अलावा स्थानीय समस्याओं को लेकर 18 अगस्त को उप जिलाधिकारी से मिलने का निर्णय लिया गया। हर माह की 11 तारीख को जिले की मीटिंग और प्रत्येक माह की 4 तारीख को तहसील बिलारी में मासिक बैठक तय की गई है। आज हरपाल सिंह मुड़िया राजा को जिला सचिव नियुक्त किया गया तथा दीपक चौधरी को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया । सचिन चौधरी खजरा को कुंदरकी ब्लाक का अध्यक्ष और सुमित कुमार भूडावास को बिलारी ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बिलारी स्थित सम्राट बैंक्विट हॉल में आज भारतीय किसान यूनियन असली का किसान सम्मेलनआयोजित किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे।राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह ने किसानों का आह्वान किया कि डाघ स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू कराने के लिए संगठन को मजबूत करें। उन्होंने सरकारों को किसान विरोधी बताते हुए किसानों से संगठित रहने की अपील की।

अध्यक्षता जसवंत सिंह हसनपुर रोड पट्टी ने की तथा संचालन राष्ट्रीय महासचिव चौधरी महक सिंह ने किया।

सम्मेलन को ऋषभ चौधरी युवा प्रदेश प्रभारी, सत्येंद्र सिंह भदोरिया जिला अध्यक्ष मुरादाबाद, चौधरी शिव सिंह तहसील अध्यक्ष बिलारी , राजवीर सिंह तिमानपुर, होशियार सिंह मऊ,धनवीर सिंह मडवा, धर्मपाल सिंह हजरत नगर गढीघ आदि ने संबोधित किया।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने पुरातन गुरु शिष्य परम्परा की पुनर्स्थापना का किया आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश ने प्रतिष्ठित कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज में गुरुवंदन कार्यक्रम आयोजित कर किया पुरातन आदर्श गुरु शिष्य परम्परा को पुनर्स्थापित करने का आवाहन।मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कला मंच के संस्थापक अध्यक्ष एवम् उत्तर प्रदेश साहित्य भूषण से विभूषित सेवा निवृत हिंदी आचार्य डॉ महेश चंद्र दिवाकर नें गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारी संस्कृति का अस्तित्व ही गुरुओं के महत्व को निरूपित करता है उन्होंने कहा भारत के दिव्य पुरुषो का निर्माण ही गुरुओं के वैशिष्ट्य का ही द्योतक है नर से नारायण बनने की पावन यात्रा ही गुरुओं की महता को इंगित करती है। परशुराम, राम, कृष्ण, अर्जुन, भीष्म पितामह, विवेकानंद, चंद्र गुप्त, शिवाजी, महापुरुषों और वीरों का इतिहास गुरुओं के त्याग, समर्पण और साधना का इतिहास है। उस राष्ट्र की समुचित प्रगति अवरुद्ध हो जाती है।उन्होंने कहा आज गुरुओं का यथेष्ट सम्मान नहीं होरहा है इसका कारण राजनीति है इसलिए भारतीय राजनीति विकृति की ओर जा रही है।सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए तथा शिक्षको की समस्याओं का उदारता पूर्वक समाधान करना चाहिए।गुरु वंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ देश के प्राथमिक माध्यमिक उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा के 33 लाख से भी अधिक शिक्षक सदस्य संख्या वाला देश का सबसे बड़ा शिक्षक संगठन है जो शिक्षकों के गौरव गरिमा, सेवा सुरक्षा एवं शैक्षिक उन्नयन के साथ ही राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए विगत 37 वर्षों से कार्यरत है। देशभर में गुरु वंदन कार्यक्रमों का आयोजन कर शिक्षक विद्यार्थी एवं समाज के मध्य सामंजस्य स्थापित करते हुए गुरु शिष्य परंपरा पुनर्स्थापित कर एवं सामाजिक सरोकार के पुरातन गौरव को पुनर्स्थापित करना अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का लक्ष्य है। जिला महामंत्री एवं कौशल्या कन्या इंटर कालेज की प्रधानाचार्य डॉ मधुबाला त्यागी ने सभी का आभार व्यक्त किया। गुरु वंदन कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह,जिला संगठन मंत्री मुशाहिद हुसैन,कृष्णावतार शर्मा,डॉ नेहा त्रिपाठी,ऋतु गुप्ता,आरती गौड़,प्रिया वर्मा, दिशा,मृदुल चौहान, वंदना त्यागी, बबली, हेमा, सुनीता रानी, पूजा चौधरी,नवोदिता सहित दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग करशिक्षकों की गौरव गरिमा,सेवा सुरक्षा एवं राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए संघर्षरत रखते हुए शैक्षिक उन्नयन का संकल्प लिया।



# विपक्ष का मार्च

मतदाता सूची संशोधन को लेकर विपक्ष पूरी तरह एकजुट दिखाई दिया। विपक्ष ने एकजुट होकर अपने तय कार्यक्रम के अनुसार संसद से अपने मार्च का आगाज किया। उसको चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपना था, लेकिन चुनाव आयोग के कार्यालय जाने से पूर्व ही लगभग 300 सांसदों को हिरासत में ले लिया गया। यह अलग बात है कि उन्हें दो घंटे के बाद रिहा कर दिया गया। महिलाएं सांसद विशेष रूप से कुछ ज्यादा ही उग्र दिखाई दी। प्रियंका डिम्पल समेत कई सांसद वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगा रही थी। टीएमसी की दो सांसद तो बेहोश भी हो गईं। सांसद मिताली बाग और मऊआ मोइत्रा की तबियत अचानक बिगड़ गई।

विपक्ष जिस तरह आज एकजुट दिखाई दिया, उससे साफ दिखाई दिया कि यह मामला समाप्त होने नहीं जा रहा है, बल्कि हो सकता है कि यह आने वाले समय में और उग्र हो जाए। समझना मुश्किल है कि चुनाव आयोग हठधर्मिता से काम लेता क्यों दिखाई दे रहा है। राहुल गांधी ने जो फर्जी वोटर लिस्ट को लेकर डाटा जारी किए हैं, उनकी जांच करने के बजाए वह उन्हीं से शपथ पत्र मांग रहा है। राहुल गांधी का यह कहना बिल्कुल सही है कि वह शपथ पत्र पर हस्ताक्षर क्यों करें, यह चुनाव आयोग का डाटा है मेरा नहीं। सीधी सी बात है कि चुनाव आयोग कुछ छुपाने की कोशिश कर रहा है, ऐसा राहुल गांधी का कहना है।

अगर चुनाव आयोग का यही रवैया रहा तो उसको समझना होगा कि उसकी साख बहुत बुरी तरह प्रभावित हो जाएगी। लो. कतंत्र में साख बहुत मायने रखती है और जब किसी संस्था की साख ही खराब हो जाए तो उसकी सारी कवायद पर प्रश्नचिन्ह लग जाता है। बात विपक्षी दलों की नहीं है, सुप्रीम कोर्ट में भी उसका अड़ियल रवैया दिखाई दिया। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में अपने हलफनामे में उन 65 लाख नामों के विषय में जानकारी देने से इन्कार कर दिया, जिसकी जानकारी कोर्ट ने मांगी थी और तर्क दिया कि चुनाव आयोग को कोर्ट में इस तरह की जानकारी देने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। हालांकि कोर्ट को भी इस पर यहां तक कहना पड़ गया कि कोई भी सुप्रीम कोर्ट की ताकत को कम न आंके। मतलब साफ है कि अब चुनाव आयोग सुलह-सफाई का रास्ता छोड़ टकराव की राह पर चलता दिखाई दे रहा है। यह स्थिति ठीक नहीं है। चुनाव आयोग पर यूं तो काफी समय से सत्ता पक्ष के रूप में काम करने के आरोप लग रहे थे और अब तो बिल्कुल हद ही हो गई। चुनाव आयोग इस समय एक पार्टी बनकर खड़ा हो गया है। जबकि उसको किसी की भी पार्टी न ही बनना है और बनते हुए दिखाई देना है, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा ही हो रहा है। राहुल गांधी बार-बार चिल्ला रहे हैं, वह मात्र कोई एक सांसद नहीं हैं बल्कि नेता प्रतिपक्ष हैं और लोकतंत्र में नेता प्रतिपक्ष का अपना एक संवैधानिक वजूद होता है। ऐसे में उनके आरोपों को एक सिरे से खारिज कैसे किया जा सकता है। लोकतंत्र का तकाजा यही है जो सवाल राहुल गांधी ने उठाए हैं, उनका जवाब चुनाव आयोग दे। राहुल गांधी ही नहीं पूरा देश इस पूरे मामले की सच्चाई को सामने आते देखना चाहता है।

## कहां हैं पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़



पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ साहब आखिर कहां हैं, उनकी सेहत कैसी है और क्या वे सुरक्षित हैं, दिल्ली में अफवाहें फैल रही हैं कि धनखड़ को उनके घर में कैद कर दिया गया है और उनकी सुरक्षा को लेकर आशंका जताई जा रही है, राज्यसभा के कुछ सदस्य पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ से संपर्क करने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन सफल नहीं हुए, उनके स्टाफ से भी कोई संवाद नहीं हो पाया, जो गंभीर चिंता का विषय है, राज्यसभा के कुछ सदस्य सुप्रीम कोर्ट में हैबियस कार्पस याचिका दाखिल करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि धनखड़ की मौजूदगी और सुरक्षा की पुष्टि हो सके।

**-संजय राउत**
**सांसद शिवसेना ( उद्धव गुट )**

# शार्क हमलों से एक द्वीप बन गया 'अनुसंधान केंद्र'

कभी सर्फिंग और पर्यटन के लिए मशहूर हिंद महासागर का फ्रांसीसी रीयूनियन द्वीप आज एक अलग ही वजह से वैज्ञानिकों का ध्यान खींच रहा है - शार्क हमलों का खतरा। हमलों का सिलसिला फरवरी 2011 में शुरू हुआ थी अगले आठ सालों में इस द्वीप के आसपास शार्क ने 30 लोगों पर हमला किया, जिनमें से 11 की मौत हो गई। इन हमलों के चलते इस द्वीप को 'शार्क द्वीप' या 'शार्क संकट' कहा जाने लगा।

हमलों के चलते समुद्र तट बंद कर दिए गए, सर्फिंग और तैराकी पर रोक लगा दी गई। पर्यटन बुरी तरह प्रभावित हुआ, लेकिन इसी संकट ने वैज्ञानिक शोध का एक मौका भी दिया। फ्रांस सरकार ने शार्क के व्यवहार को समझने, तटों की सुरक्षा बढ़ाने और नई तकनीकें विकसित करने के लिए करोड़ों यूरो का निवेश किया। रीयूनियन द्वीप शार्क अनुसंधान का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया।

**शार्क हमलों को समझना**

शार्क की संख्या और उनकी गतिविधियों को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं थी, इसलिए इन हमलों का कोई कारण समझ नहीं आ रहा था। तब फ्रांस सरकार ने CHARC नामक एक रिसर्च प्रोग्राम शुरू किया। यह कार्यक्रम दो प्रमुख शार्क प्रजातियों - बुल शार्क Carcharhinus leucas एवं टाइगर शार्क Galeocerdo cuvier पर केंद्रित था, जो ज्यादातर हमलों के लिए जिम्मेदार मानी गई थीं। मकसद था इनके व्यवहार, प्राकृतवास और आवाजाही को समझना, ताकि भविष्य में ऐसे टकरावों को रोका जा सके।


CHARC प्रोजेक्ट से कई अहम जानकारियां मिलीं। वैज्ञानिकों ने पाया कि टाइगर शार्क एक तय मौसम में ही आती थीं और उन्हें गहरा पानी पसंद है। दूसरी ओर, बुल शार्क साल भर मौजूद रहती थीं और अक्सर तट के बेहद करीब तक आ जाती थीं।

**हमलों का कारण**

इन हमलों में बढ़ोतरी के पीछे कई कारण थे। सबसे बड़ा कारण इंसानों की बढ़ती गतिविधियां थीं। 1980 से 2016 के बीच रीयूनियन द्वीप की आबादी 67 प्रतिशत बढ़ गई थी और साथ ही तैराकी और सर्फिंग भी, जिससे शार्क से सामना होने की संभावना भी बढ़ी।

इसके अलावा, जमीन के इस्तेमाल और नई निर्माण परियोजनाओं का भी प्रभाव पड़ा। 2000 के दशक में एक बड़ा सिंचाई प्रोजेक्ट शुरू हुआ, जिससे द्वीप के पूर्वी हिस्से का पानी पश्चिमी हिस्से की ओर मोड़ा गया। इससे खेतों से निकला पानी समुद्र में बहने लगा और तटीय पानी की लवणीयता घट गई। बुल शार्क को कम लवण वाला पानी पसंद है। नतीजतन, वे पश्चिमी तटों पर ज्यादा आने लगीं। यही तट सर्फरों के बीच भी सबसे लोकप्रिय थे।

शार्क हमलों में बढ़ोतरी के पीछे कुछ अन्य कारण भी हैं। जैसे, 2007 में समुद्री जीवन की रक्षा के लिए एक समुद्री संरक्षण क्षेत्र बनाया गया था। इससे मछलियों की संख्या बढ़ी जो शार्क का भोजन हैं। साथ ही, 1990 के दशक के मध्य में मेडागास्कर द्वीप में विषैला संक्रमण फैलने से शार्क का मांस बेचना बंद कर दिया गया। इससे शार्क पकड़ने में कमी आई, और उनकी संख्या बढ़ने लगी। यानी शार्क संकट पर्यावरणीय बदलाव, इंसानी गतिविधियों, और शार्क की स्थानीय स्थिति को ठीक से न समझने का मिला-जुला परिणाम था।



**बचाव के नए प्रयास**

जनता के बढ़ते दबाव को देखते हुए सरकार ने 2016 में शार्क सुरक्षा केंद्र की स्थापना की थी। इसका उद्देश्य एक ऐसा रास्ता निकालना था जिससे शार्क हमले कम हों, लेकिन समुद्री पर्यावरण भी सुरक्षित रहे। इस दिशा में एक बड़ा कदम इलेक्ट्रिक डेटरेंट्स था। ए पहनने योग्य उपकरण होते हैं जो बिजली के हल्के झटके छोड़ते हैं जिससे शार्क दूर रहती है। उपकरणों की जांच में नतीजे मिले-जुले रहे। एक उपकरण 43 प्रतिशत मामलों में कारगर रहा, बाकी उससे भी कम मामलों में। फिर आशंका इस बात की भी थी कि समय के साथ शार्क इन झटकों की आदी हो गई तो? फिर भी इन निष्कर्षों के आधार पर नियम सख्त कर दिए गए हैं। अब रीयूनियन में कुछ क्षेत्रों में सर्फिंग करने वालों को इलेक्ट्रिक डेटरेंट पहनना अनिवार्य है। इसके अलावा, ड्रोन का उपयोग भी शार्क की निगरानी के लिए किया गया, लेकिन यहां की गंदी और गहरे रंग की रेत के चलते ड्रोन से शार्क को पहचानना मुश्किल था। विकल्प के रूप में पानी के अंदर एआई तकनीक से लैस कैमरे, गोताखोर और समुद्री जाल जैसी रक्षात्मक व्यवस्थाएं भी आजमाई गईं। दुनिया भर में जो एक तकनीक सबसे खास रही, वह थी SMART ड्रमलाइन Shark Management Alert in Real Time इसमें चारा लगे हुक होते हैं जो शार्क को पकड़ते हैं, लेकिन जैसे ही कोई जीव फंसता है, यह उपकरण सैटेलाइट से तुरंत अलर्ट भेज देता है। फिर अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचकर देखते हैं, यदि कोई अन्य जीव फंसा हो तो उसे छोड़ दिया जात है, और अगर शार्क खतरनाक हो तो स्थिति अनुसार उसे मार भी देते हैं। शार्क सिक्यूरिटी सेंटर के निदेशक माइकल होरॉ मानते हैं कि सुरक्षा और समुद्री जीवन संरक्षण के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं है। अब रीयूनियन प्रशासन का रुख थोड़ा नरम हुआ है। अब वे छोटी टाइगर शार्क को छोड़ देते हैं, और उन्हें टैग कर ट्रैक करने की योजना बना रहे हैं। बहरहाल, 2019 के हमले के बाद से अब तक रीयूनियन द्वीप पर कोई जानलेवा शार्क हमला नहीं हुआ है। द्वीप का समुद्री पर्यटन धीरे-धीरे बहाल हो रहा है। तैराकी पर लगे प्रतिबंधों में भी ढील दी गई है और दुनिया भर से वैज्ञानिक रीयूनियन आ रहे हैं ताकि इस द्वीप से पूरी दुनिया के लिए कुछ सबक ले सकें।

**एक सबक**

समुद्र जीवविज्ञानी अर्नो गॉथियर कहते हैं कि लोग शार्क को अक्सर दो नजरियों देखते हैं या तो बेचारी के रूप में, या फिर हमलावर के रूप में। लेकिन सच्चाई इन दोनों के बीच कहीं है। वे समुद्र में स्वतंत्र रूप से विचरने वाले जीव हैं, शायद खतरनाक भी हो सकते हैं, लेकिन ऐसा भी नहीं है कि वे हर इंसान को मारने की फिराक में रहते हैं। जरूरत तो इस बात की है कि हम न सिर्फ शार्क के व्यवहार को समझें बल्कि प्रकृति के कामकाज में टांग अड़ाने के अपने व्यवहार पर भी थोड़ा नियंत्रण करें।

**इन हमलों में बढ़ोतरी के पीछे कई कारण थे। सबसे बड़ा कारण इंसानों की बढ़ती गतिविधियां थीं। 1980 से 2016 के बीच रीयूनियन द्वीप की आबादी 67 प्रतिशत बढ़ गई थी और साथ ही तैराकी और सर्फिंग भी, जिससे शार्क से सामना होने की संभावना भी बढ़ी। इसके अलावा, जमीन के इस्तेमाल और नई निर्माण परियोजनाओं का भी प्रभाव पड़ा। 2000 के दशक में एक बड़ा सिंचाई प्रोजेक्ट शुरू हुआ, जिससे द्वीप के पूर्वी हिस्से का पानी पश्चिमी हिस्से की ओर मोड़ा गया। इससे खेतों से निकला पानी समुद्र में बहने लगा और तटीय पानी की लवणीयता घट गई। बुल शार्क को कम लवण वाला पानी पसंद है। नतीजतन, वे पश्चिमी तटों पर ज्यादा आने लगीं।**

**...साभार स्रोत फीचर्स**

# डायबिटीज से लेकर वेट लॉस में काम आएगा यह फल

अनानास ना सिर्फ एक मस्त और यम्मी फल है, बल्कि यह अपनी बॉडी के लिए एकदम सुपरफ्रूट जैसा है। इसमें इतने सारे विटामिन, मिनरल्स और मस्त-मस्त चीजें हैं कि यह दिल की बीमारी, शुगर, लिवर और मोटापे जैसी प्रॉब्लम्स को दूर भगा सकता है, जो आजकल इंडिया में बहुत कॉमन है। बस इसको सही तरीके से खाना जरूरी है।

**दिल का अच्छा दोस्त अनानास**

अनानास में ब्रोमेलैन नाम का एक एंजाइम होता है, जो खून को पतला करता है और सूजन कम करता है। रिसर्च बताती है कि यह दिल के दौरे (हार्ट टैक) और स्ट्रोक (पक्षाघात) के चांसेस को कम कर सकता है, क्योंकि यह खून को जमने नहीं देता और ब्लड सर्कुलेशन को बढ़िया रखता है। इसमें विटामिन सी भी भर-भर के होता है, जो धमनियों (आर्टरी) को मजबूत रखता है। साथ में पोटैशियम ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखता है, जो इंडिया में 3 में से 1 अडल्ट के लिए एक बडी प्रॉब्लम है।

**क्या डायबिटीज वाले खा सकते हैं?**

अनानास में चीनी होती है, लेकिन अगर आप इसे कंट्रोल में खाएं, तो डायबिटीज वाले लोग भी इसे खा सकते हैं। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स GI मीडियम है (लगभग 59), तो अगर आप ताजा अनानास थोडी क्वांटिटी में खाते हैं, तो आपका ब्लड शुगर लेवल एकदम से नहीं बढ़ेगा। इसमें फाइबर और पानी भी होता है, जो शुगर को धीरे-धीरे बॉडी में जाने देता है।



**ध्यान रखने वाली बात**- टिन में बंद अनानास या जूस जिसमें एक्स्ट्रा चीनी हो, उसे बिलकुल नहीं खाना है। आप बस आधा कप (50-75 ग्राम) ताजा अनानास खा सकते हैं और इसे प्रोटीन या हेल्दी फैट के साथ लेने से शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है।

**लिवर को रखे फिट और फाइन**

अपने इंडियन खाने में तेल और मसाले ज्यादा होते हैं, तो लिवर पर लोड पडना कॉमन बात है, लेकिन अनानास में विटामिन सी, मैंगनीज और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो लिवर को डैमेज होने से बचाते हैं। ब्रोमेलैन डाइजेशन को भी सही रखता है, जिससे लिवर पर कम बोझ पडता है। अगर आप इसे रेगुलर खाते हैं, तो यह लिवर को हेल्दी रखने और फैटी लिवर जैसी बीमारी से बचाने में हेल्प कर सकता है।

**वेट लॉस में भी सुपर-डुपर हेल्पफुल**

अनानास में कैलोरीज बहुत कम होती हैं (100 ग्राम में सिर्फ 42 कैलोरी) और यह फैट-फ्री होता है। इसकी नेचुरल मिठास आपको मीठा खाने की क्रेविंग से बचाती है, और फाइबर आपको पेट भरा हुआ महसूस कराता है। ब्रोमेलैन प्रोटीन को भी पचाने में मदद करता है, जिससे बॉडी को फायदे मिलते हैं।

**टिप**- सुबह या दोपहर के स्नैक में लगभग एक कप (150 ग्राम) अनानास खाना सही है, बस इस बात का ध्यान रखना कि यह आपकी डेली डाइट का हिस्सा हो।

**अनानास में चीनी होती है, लेकिन अगर आप इसे कंट्रोल में खाएं, तो डायबिटीज वाले लोग भी इसे खा सकते हैं। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स GI मीडियम है ( लगभग 59 ), तो अगर आप ताजा अनानास थोडी क्वांटिटी में खाते हैं, तो आपका ब्लड शुगर लेवल एकदम से नहीं बढ़ेगा। इसमें फाइबर और पानी भी होता है, जो शुगर को धीरे-धीरे बॉडी में जाने देता है। ध्यान रखने वाली बात- टिन में बंद अनानास या जूस जिसमें एक्स्ट्रा चीनी हो, उसे बिलकुल नहीं खाना है। आप बस आधा कप ( 50-75 ग्राम ) ताजा अनानास खा सकते हैं और इसे प्रोटीन या हेल्दी फैट के साथ लेने से शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है।**

**...साभार प्रभा**

# कहीं पैसों की वजह से बिखर न जाए रिश्ता

रिश्ते में सिर्फ प्यार, परवाह और आकर्षण ही काफी नहीं होता। पैसे भी एक अहम हिस्सा होते हैं। अक्सर लोग इस बारे में बात करने से बचते हैं और यहीं से मुश्किलें शुरू होती हैं। यह सच है कि पैसा मायने रखता है, खासकर जब आप किसी के साथ अपनी जिंदगी बिता रहे हों। कई बार पैसों की वजह से अच्छे-खासे रिश्ते भी टूट जाते हैं। इसलिए यह समझना बहुत जरूरी है कि एक मजबूत रिश्ते के लिए आर्थिक समझदारी भी उतनी ही अहम है, जितनी बाकी सब कुछ।



**खर्चों को मैनेज करने के आसान तरीके**

1. **50-50 बंटवारा**

यह सबसे आसान तरीका है, खासकर तब जब आप दोनों की कमाई लगभग बराबर हो। इसमें आप दोनों साझा खर्चों (जैसे किराया, खाने-पीने का सामान, इंटरनेट) में आधा-आधा हिस्सा देते हैं। यह तरीका उन लोगों के लिए सही है जो चाहते हैं कि सब कुछ बराबर रहे। आप एक जॉइंट अकाउंट बना सकते हैं या एक-दूसरे को आधा पैसा दे सकते हैं। लेकिन, अगर एक की कमाई बहुत ज्यादा है, तो दूसरे को यह बंटवारा सही नहीं लगेगा और उस पर दबाव भी पड सकता है।

2. **कमाई के हिसाब से बंटवारा**

यह तरीका ज्यादा सही है, खासकर तब जब आप दोनों की कमाई में बड़ा अंतर हो। इसमें खर्च को आपकी कमाई के हिसाब से बांटा जाता है। उदाहरण के लिए, अगर आपकी कुल कमाई में आपका हिस्सा 40 प्रतिशत है और आपके पार्टनर का 60 प्रतिशत, तो आप खर्च का 40 प्रतिशत देंगे और वे 60 प्रतिशत देंगे। यह एक अच्छा तरीका है क्योंकि इसमें कोई दबाव नहीं होता। पर इसके लिए आपको एक-दूसरे को अपनी कमाई खुलकर बतानी होगी।

3. **सब कुछ एक साथ**

अगर आप और आपके पार्टनर एक-दूसरे पर बहुत भरोसा करते हैं और आपकी जिंदगी पूरी तरह से एक हो गई है, तो यह तरीका अच्छा है। इसमें आप दोनों की कमाई एक ही अकाउंट में जाती है। फिर उसी से सारे बिल और बाकी खर्च किए जाते हैं। यह उन कपल्स के लिए सबसे अच्छा है जिनकी शादी हो चुकी है या जो लंबे समय से साथ हैं। इससे तनाव कम होता है और टीम वाली भावना आती है। लेकिन, इसके लिए आप दोनों को अपनी खर्च करने की आदतें समझनी होंगी और एक-दूसरे पर पूरा भरोसा करना होगा।

4. **तुम यह, मैं वह**

इस तरीके में आप हिसाब-किताब नहीं करते, बल्कि खर्चों को बांट लेते हैं। जैसे, एक किराया देता है और दूसरा बाकी सामान का खर्च उठाता है। यह बहुत आसान लगता है और आपको बार-बार पैसे देने-लेने का हिसाब नहीं रखना पडता। पर इसका एक नुकसान है कि किराया बाकी खर्चों से ज्यादा हो सकता है, जिससे एक पार्टनर को लग सकता है कि वह ज्यादा दे रहा है। इसलिए समय-समय पर बात करते रहना जरूरी है।

5. **बस साझा खर्चों के लिए**

यह तरीका उन लोगों के लिए है जो अपनी आजादी पसंद करते हैं। आप दोनों अपनी-अपनी कमाई और खर्च अलग-अलग रखते हैं और सिर्फ साझा खर्चों (जैसे किराया) में ही योगदान करते हैं। इससे चीजें सरल रहती हैं और आपको अपनी पसंद की चीज खरी. दने के लिए किसी से पूछना नहीं पडता।

6. **जब जैसा मन हो**

यह उन कपल्स के लिए है जो ज्यादा प्लानिंग नहीं करते। एक बार आप खाने का बिल भरते हैं, तो अगली बार आपका पार्टनर किराने का सामान ले आता है। यह तरीका शुरुआत में अच्छा लगता है, पर अगर एक को हमेशा ज्यादा देना पड रहा है, तो मनमुटाव हो सकता है। इसलिए अगर आपको लगे कि ऐसा हो रहा है, तो तुरंत बात करें।

**अगर आप और आपके पार्टनर एक-दूसरे पर बहुत भरोसा करते हैं और आपकी जिंदगी पूरी तरह से एक हो गई है, तो यह तरीका अच्छा है। इसमें आप दोनों की कमाई एक ही अकाउंट में जाती है। फिर उसी से सारे बिल और बाकी खर्च किए जाते हैं। यह उन कपल्स के लिए सबसे अच्छा है जिनकी शादी हो चुकी है या जो लंबे समय से साथ हैं। इससे तनाव कम होता है और टीम वाली भावना आती है। लेकिन, इसके लिए आप दोनों को अपनी खर्च करने की आदतें समझनी होंगी और एक-दूसरे पर पूरा भरोसा करना होगा।**

## राजनीति गलियारा

कविता

कमल में खाद पानी डल रहा है, इसलिए फूल खिल रहा है।
हाथी को भर पेट चारे की जगह मूंगफली खिलाई जा रही है इसलिए धीमा चल रहा है।
देख कर हाथी की चाल केतली उफन रही है, जिस वजह से कुछ लोगों की हालत बिगड़ रही है।
बिहारियों की हालत, लालटेन, बांग्ला, तीर, एक दूसरे पर पत्थर फेंक रहे हैं।
एआईएमआईएम जैसे चूजे बिना दिशा के गलियों में दाने तलाश रहे हैं।
नल की हालात भी कुछ ऐसी है की कभी इस घेर, कभी उस घेर, कभी उस घर में कभी इस घर में गढ़ रहा है इसी हाल से नल की जाली चौक हो रही है, पानी के साथ रेट फेंक रहा है।
झाड़ू की भी सीखें मुड़ गई हैं कचरा साफ नहीं हो पा रहा है।
साईकिल चली सड़क पर हर कोई दौड़कर पड़ रहा है हिम्मत है साइकिल वाले की सबका हाथ पकड़ कर बैठा रहा है।
हाथ सज धज कर खड़ा-खड़ा सबको सिर्फ टाटा बाय बाय कर रहा है।
जानता है परेशान क्या करें कहां जाएं सब सोच में खड़े हैं देख कर नीतीश नायडू की चाल है असमझस में पड़े हैं,
पता नहीं ये नेता कहां जाएं कहां बैठे दीन ईमान खो बैठे हैं।
करके गठबंधन यारों के साथ, फिर कुर्सी के लिए संसद के बाहर विरोधियों के खेमे में खड़े हैं।
गुजारिश है आप सभी से इनके झांसे में ना आओ करो विवेक से कम और अच्छी सरकार बनाओ।
छोड़ो राजनीति की दुश्मनी मानवता का दीप जलाओ छोड़कर जाति, धर्म, चक्कर सद्भावना जगाओ रखकर हाथ पर हाथ मिलाकर एक साथ भारत की शान बढ़ाओ भारत की शान बढ़ाओ।

**...सुमेर सिंह धार**
**मेरठ रत्न एवं**
**पूर्व भारतीय सैनिक**



नई दिल्ली। मतदाता सूची के विवादास्पद संशोधन को वापस लेने की मांग को लेकर प्रदर्शन करतीं कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी व अन्य विपक्षी पार्टियों के सांसद।

# इजरायली हमले में अलजजीरा के पांच पत्रकारों की मौत

## गाजा के मशहूर रिपोर्टर अनस भी मारे गए, इजरायल ने हमास का आतंकी बताया

**गाजा में 22 महीने से चल रही जंग के बीच अब तक करीब 200 मीडियाकर्मी मारे जा चुके**

**अनस को उनकी रिपोर्टिंग के लिए साल 2018 में फलस्तीन में बेस्ट यंग जर्नलिस्ट का पुरस्कार मिला था**

**गाजा।** इजरायल के हमले में गाजा के अल शिफा हॉस्पिटल में कम से कम 5 पत्रकारों की मौत हो गई है। अलजजीरा के मुताबिक मारे गए लोगों में रिपोर्टर अनस अल-शरीफ और मोहम्मद करीकेह, कैमरामैन इब्राहिम जहीर, मोआमेन अलीवा और मोहम्मद नौफल शामिल थे।

रिपोर्ट के मुताबिक ये पत्रकार हास्पिटल के बाहर लगे प्रेस के एक तंबू में रह रहे थे। इस हमले में कुल 7 लोग मारे गए हैं। हमले के तुरंत बाद इजरायली सेना ने माना कि उन्होंने रिपोर्टर अनस अल शरीफ को निशाना बनाया था।

इजरायली सेना ने अनस को आतंकवादी बताया और दावा किया कि वह हमास में एक आतंकी सेल के चीफ के तौर पर काम कर चुका था। उसका काम इजरायली नागरिकों और सैनिकों पर राकेट हमले कराना था। इजरायली सोशल मीडिया हैंडल्स से अनस की यह तस्वीर शेयर की गई। इसमें वह हमास के पूर्व चीफ याह्या सिनवार के साथ है। सिनवार की पिछले साल इजरायली हमले में मौत हो गई थी। मरने से पहले अनस ने शेयर किया गाजा का वीडियो अनस अल शरीफ गाजा से रिपोर्टिंग करने वाले सबसे मशहूर चेहरों में से थे।

अनस को उनकी रिपोर्टिंग के लिए साल 2018 में फलस्तीन में बेस्ट यंग जर्नलिस्ट का पुरस्कार मिला था। 28 साल के अनस ने मौत से कुछ देर पहले ही एक्स पर इजरायली सेना की बमबारी का वीडियो शेयर किया था। उसके आखिरी पोस्ट में लिखा था कि लगातार बमबारी हो रही है, दो घंटे से गाजा शहर पर इजरायली हमला तेज हो गया है। अनस के पिता की दिसम्बर 2023 में इजरायली बमबारी में मौत हो गई थी। वे जबालिया शरणार्थी कैंप में थे। अनस ने कहा था कि उनका घर के तबाह होने और पिता की हत्या के बावजूद वे जबालिया और उत्तरी गाजा से रिपोर्टिंग जारी रखेंगे। गाजा में 22 महीने से चल रही जंग के बीच अब तक करीब 200 मीडियाकर्मी मारे जा चुके हैं। अनस की मौत के बाद गाजा में पत्रकार सुरक्षा समिति (सीपीजे) ने इस पर नाराजगी जताई। सीपीजे ने बयान जारी कर कहा कि वह पत्रकारों की मौ त से हैरान है। सीपीजे की डायरेक्टर सारा कुदाह ने कहा कि बिना सबूत पत्रकारों को आतंकवादी कहना इजरायल की मंशा और प्रेस की स्वतंत्रता के प्रति उसके रवैये पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि पत्रकार नागरिक होते हैं और उन्हें कभी निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए, और इसके जिम्मेदार लोगों को कड़ी जा मिलनी चाहिए। फलस्तीनी पत्रकार संघ ने भी इस हमले को 'खूनी अपराध' बताया और इसकी निंदा की है। इजरायल और अल जजीरा के बीच लंबे समय से तनावपूर्ण संबंध रहे हैं। इजरायली अधिक. ारियों ने देश में अल जजीरा पर प्रतिबंध लगा रखा है और गाजा में युद्ध के बाद इसके दफ्तरों पर छापेमारी भी की है। कतर अल जजीरा को फंडिंग करता है, हमास नेताओं को शरण देता है। कतर, इजरायल और हमास के बीच बातचीत का केंद्र भी रहा है। इस बीच इजरायली पीएम नेतन्याहू ने गाजा पर कब्जे की योजना का बचाव किया है। उन्होंने रविवार को एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि गाजा के सबसे बड़े शहर गाजा सिटी पर कब्जा करना जंग को खत्म करने का सबसे सही और आसान तरीका है। इजरायली सिक्योरिटी कैबिनेट ने शुक्रवार सुबह गाजा सिटी पर कब्जा करने की मंजूरी दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### तुर्की में भूकंप से एक व्यक्ति की मौत और 29 लोग घायल

**इस्तांबुल।** तुर्की के उत्तर-पश्चिमी बालिकेसिर प्रांत में रविवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किये गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.1 तीव्रता मापी गई थी। भूकंप से एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य 29 घायल हो गए है। बालिकेसिर में आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए आंतरिक मंत्री अली येरलि. काया ने पुष्टि की कि भूकंप के झटके से एक 81 वर्षीय बुजुर्ग का निधन हो गया है। उन्होंने कहा कि घायलों में से किसी की भी हालत गंभीर नहीं है, और खोज और बचाव अभियान अब समाप्त हो गया है।

### इक्वाडोर के नाइट क्लब में गोलीबारी में आठ मरे, तीन घायल

**क्विटो।** इक्वाडोर के पश्चिमी प्रांत गुआयास के सांता लूसिया में रविवार को एक नाइट क्लब के बाहर बंदूकधारियों के एक समूह ने भीड़ पर गोलीबारी की, जिसमें आठ लोग मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बंदूकधारी रविवार दो कारों में सवार होकर नाइट क्लब पहुंचे और वहां मौजूद लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि मारे गए लोगों में शहर के मेयर उबाल्डो उर्कीज़ो का भाई जॉर्ज उर्कीज़ो भी शामिल था।

### सीरिया में हो रही हिंसा तत्काल रुकनी चाहिए: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने रविवार को दक्षिणी सीरिया के द्रुज़ प्रांत में स्थित सुवेदा में नागरिकों के खिलाफ हो रहीं हिंसा की कड़ी आलोचना की है। सुरक्षा परिषद ने एक बयान जारी कर 12 जुलाई से सुवेदा प्रांत में हो रही हिंसा, सामूहिक हत्या और आंतरिक विस्थापन पर चिता जाहिर की। साथ ही परिषद ने सभी से युद्ध विराम का पालन करने और बिना किसी पक्षपात के सभी नागरिकों की रक्षा करने का आह्वान किया।

# पाक आर्मी चीफ के बयान पर भारत का पलटवार

## परमाणु हथियार लहराना पाकिस्तान की आदत, कहा: हमे सुरक्षा करना आता है

**टेक्सास।** भारत ने सोमवार को पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर की परमाणु धमकी का जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा: परमाणु हथियार लहराना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। भारत न्यूक्लियर ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा। हमें अपनी सुरक्षा करना आता है। किसी मित्र देश की धरती से की गई ये टिप्पणी खेदजनक है। दुनिया देख सकती है कि ऐसे बयान कितने गैरजिम्मेदाराना हैं।

ये बातें उस देश पर भी शक पैदा करती हैं, जहां परमाणु हथियारों का सुरक्षित होना तय नहीं है और सेना का आतंकियों से संबंध माना जाता है। दरअसल, मुनीर इस वक्त अमेरिका के दौरे पर हैं। द प्रिंट की रिपोर्ट के मुताबिक रविवार को एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा था कि हम भारत में सिंधु नदी पर डैम बनने का इंतजार करेंगे, और भारत जब ऐसा कर लेगा तो फिर 10 मिसाइल मारकर उसे गिरा देंगे। मुनीर ने कहा कि सिंधु नदी भारत की फैमिली प्रोपर्टी नहीं है, हमारे पास मिसाइलों की कमी नहीं है। आसिम मुनीर ने कहा था कि भारत के सिंधु जल समझौता रद्द करने के फैसले से 25 करोड़ लोगों के लिए भुखमरी का खतरा पैदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि हम एक परमाणु संपन्न राष्ट्र हैं और अगर हमें लगता है कि हम डूब रहे हैं, तो हम आधी दुनिया को अपने साथ ले जाएंगे। आसिम मुनीर ने ये धमकी, टाम्पा के ग्रैंड हयात होटल में पाकिस्तान मूल के कारोबारी अदनान असद की तरफ से रखे गए एक डिनर कार्यक्रम में दी है, जिसमें करीब 120 पाकिस्तानी डायस्पोरा के सदस्य मौजूद थे। फील्ड मार्शल मुनीर अमेरिका की मध्य कमान (सेंटकॉम) के कमांडर जनरल माइकल कुरिल्ला के सेवानिवृत्ति समारोह में शामिल होने फ्लोरिडा आए थे। इस समारोह में इजराइल के रक्षा बलों का एक प्रतिनिधि भी मौजूद था। यह दो महीने में उनकी अमेरिका की दूसरी यात्रा है। इससे पहले वे 14 जून को वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के जश्न में शामिल हुए थे। इसके अलावा मुनीर ने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ व्हाइट हाउस में दो घंटे की लंच मीटिंग की थी।

यह बैठक बंद कमरे में हुई थी। यह पहली बार था जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ की मेजबानी की। मुनीर ने भारत-अमेरिका के बीच हाल के टैरिफ तनाव पर मजाक उड़ाते हुए कहा कि पाकिस्तान को विश्व शक्तियों के बीच संतुलन बनाने की मास्टर-क्लास देनी चाहिए। मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को नोबेल पुरस्कार के लिए नामित किया, क्योंकि हम अच्छे काम की तारीफ करते हैं। पाकिस्तान सरकार ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को 2026 के नोबेल पीस प्राइज के लिए नामिनेट किया था। सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं-सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47 प्रतिशत जमीन पाकिस्तान, 39 प्रतिशत जमीन भारत, 8 प्रतिशत जमीन चीन और 6 प्रतिशत जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं।



- **आसिम मुनीर ने कहा था: सिंधु पर बांध बना, तो मिसाइल मारेंगे**
- **सिंधु जल समझौता रद्द करने के फैसले से 25 करोड़ लोगों के लिए भुखमरी का खतरा पैदा हो सकता है**

### मुनीर ने फिर कश्मीर को गले की नस बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिका दौरे पर पहुंचे पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने एक बार फिर से कश्मीर को पाकिस्तान के 'गले की नस' बताया है। इससे पहले अप्रैल में भी मुनीर ने ऐसा ही बयान दिया था। उन्होंने कहा था-कश्मीर हमारी गले की नस था, है और रहेगा। हम इसे कभी नहीं भूलेंगे। मुनीर ने कहा कि कश्मीर, भारत का आंतरिक मसला नहीं है, बल्कि एक अधूरा अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा है। उन्होंने कहा कि कश्मीर का मामला संयुक्त राष्ट्र में है और पाकिस्तान उसका समर्थन करता है। पाकिस्तानी अखबार डान की रिपोर्ट के मुताबिक मुनीर एक बार फिर से अमेरिका पहुंचे हैं, लेकिन वे कब पहुंचे इसकी तारीख नहीं बताई गई है। मुनीर की यह डेढ़ महीने में दूसरी अमे. रिका यात्रा है। उन्होंने फ्लोरिडा के टैम्पा शहर में रविवार को पाकिस्तानी प्रवासियों को संबोधित किया। मुनीर ने कहा कि भारत क्षेत्र में अस्थिरता पैदा करने पर तुला हुआ है। उन्होंने आगाह किया कि कोई भी गलती इलाके में बड़े संघर्ष की वजह बन सकती है।

# अमेरिकी नॉन-वेज दूध की वजह से भारत पर टैरिफ

## भारत मांसाहारी गाय का दूध लेने को तैयार नहीं

- **कनाडा में इस पर 300 प्रतिशत तक टैरिफ स्विट्जरलैंड, कोरिया और आइसलैंड में भी एंट्री नहीं**
- **दोनों देशों के बीच पिछले 4 महीने से ट्रेड डील पर बातचीत चल रही थी**

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिका ने भारत पर सबसे ज्यादा कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। दोनों देशों के बीच पिछले 4 महीने से ट्रेड डील पर बातचीत चल रही थी, जो नाकामयाब रही। इसके पीछे की बड़ी वजह भारत का कृषि और डेयरी के मामले में अमेरिका से समझौते से इनकार करना भी है।

हालांकि भारत समेत 5 देश ऐसे हैं, जिन्होंने ट्रम्प सरकार से कृषि और डेयरी को लेकर कोई समझौता नहीं किया। इन देशों में भारत, साउथ कोरिया, कनाडा, स्विट्जरलैंड और आइसलैंड जैसे देश शामिल हैं। अमेरिका चाहता है कि उसके डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, पनीर, घी को भारत में आयात की अनुमति मिले। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस सेक्टर में करोड़ों छोटे किसान लगे हुए हैं। भारत सरकार को डर है कि अगर अमे. रिकी डेयरी उत्पाद भारत में आएंगे, तो वे स्थानीय किसानों को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा, धार्मिक भावना भी जुड़ी हुई हैं। अमेरिका में गायों को बेहतर पोषण के लिए जानवरों की हड्डियों से बने एंजाइम (जैसे रैनेट) को उनके खाने में मिलाया जाता है। भारत ऐसी गायों के दूध को 'नान वेज मिल्क' यानी मांसाहारी दूध मानता है। भारत की शर्त है कि कोई भी डेयरी उत्पाद तभी भारत में बिक सकता है जब वह यह प्रमाणित करे कि वह पूरी तरह शाकाहारी स्रोत से बना हो। इसके साथ ही अमेरिका चाहता है कि गेहूं, चावल, सोयाबीन, मक्का और फलों जैसे सेब, अंगूर आदि को भारत के बाजार में कम टैक्स पर बेचा जा सके।

# चीन पर टैरिफ लगाना मुश्किल: जेडी वेंस

**अमेरिकी उपराष्ट्रपति बोले: राष्ट्रपति ट्रम्प अभी भी सोच रहे, यूएस-चीन टैरिफ डेडलाइन में सिर्फ 1 दिन बाकी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने चीन पर ज्यादा टैरिफ लगाने के सवाल पर कहा कि ऐसा कदम उठाना ज्यादा मुश्किल और नुकसानदेह हो सकता है। फाक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में वेंस ने कहा कि चीन पर टैरिफ लगाने का विचार चल रहा है, लेकिन अभी कोई पक्का फैसला नहीं हुआ है।

वेंस ने कहा कि चीन के साथ रिश्ते सिर्फ तेल के मुद्दे तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कई और मामलों को प्रभावित करते हैं, इसीलिए मामला ज्यादा मुश्किल है। अमेरिका ने चीन पर फिलहाल 30 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है। 12 अगस्त को इसकी समय सीमा खत्म हो रही है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय में आया है जब जुलाई में चीन ने रूस से 10 अरब डालर से ज्यादा का तेल खरीदा है। हालांकि इस साल अब तक की कुल खरीद 2024 की तुलना में 7.7 प्रतिशत कम है। चीन ने रूस से तेल खरीदने के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि किसी भी देश के साथ आर्थिक और ऊर्जा सहयोग करना चीन का कानूनी अधिकार है। वह अपने राष्ट्रीय हितों के मुताबिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। ट्रम्प के वरिष्ठ सलाहकार पीटर नवारो ने इससे पहले कहा था कि चीन पर और ज्यादा टैरिफ लगाया जाएगा, इसकी संभावना कम है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा करने से अमेरिका को भी नुकसान हो सकता है।

### लंदन: फलस्तीन समर्थक प्रदर्शन में 532 गिरफ्तारियों की पुष्टि

**लंदन।** लंदन में पुलिस ने एडवोकेसी नेटवर्क फलस्तीन एक्शन के समर्थन में विरोध प्रदर्शन में शामिल 532 लोगों को गिरफ्तार किया है। लंदन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने रविवार को बताया कि स्थानीय समयानुसार रविवार को अपराह्न एक तक 18 लोग हिरासत में थे। पुलिस ने कहा कि जिन लोगों के विवरण की पुष्टि हो सकी, उन्हें ज़मानत पर रिहा कर दिया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि पार्लियामेंट स्क्वायर से शुरू हुए इस विरोध प्रदर्शन में लगभग 500 से 600 लोगों ने भाग लिया और इस दौरान कम से कम 365 लोगों को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर आई तस्वीरों में प्रदर्शनकारियों को 'मैं नरसंहार का विरोध करता हूं' लिखे हुए पोस्टर पकड़े हुए दिखाया गया है।

# फलस्तीन को मान्यता देगा ऑस्ट्रेलिया

## न्यूजीलैंड बोला: हम भी विचार कर रहे, 17 दिन में चार देशों ने किया मान्यता देने का ऐलान



- **एंथनी अल्बनीज ने गाजा की मौजूदा हालत को दुनिया का सबसे बुरा सपना बताया**

**कैनबरा।** आस्ट्रेलिया ने फलस्तीन को एक अलग देश के तौर पर मान्यता देने का ऐलान किया है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने सोमवार को कहा कि इस पर सितम्बर में फैसला लिया जाएगा।

इससे पहले ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा भी फलस्तीन को मान्यता देने का ऐलान कर चुके है। दो सप्ताह पहले फ्रांस ने जब फलस्तीन को आजाद देश की मान्यता देने का ऐलान किया था, तब अल्बनीज ने कहा था कि आस्ट्रेलिया ऐसा कोई कदम नहीं उठाने जा रहा है। अब अल्बनीज ने कहा कि अलग फलस्तीन देश के तौर पर मान्यता देने का फैसला पिछले दो हफ्तों में ब्रिटेन, फ्रांस, न्यूजीलैंड और जापान के नेताओं से बातचीत के बाद लिया गया। वहीं, न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने कहा कि उनका देश भी फलस्तीन को अलग देश के तौर पर मान्यता देने के लिए विचार कर रहा है।

अल्बनीज ने गाजा की मौजूद हालत को 'दुनिया का सबसे बुरे सपना बताया'। उन्होंने कहा कि इजरायल लगातार अंतर्राष्ट्रीय कानून की अनदेखी कर रहा है। अब पश्चिम एशिया में हिंसा खत्म करने और गाजा में युद्ध, भूख और पीड़ा को रोकने का सबसे अच्छा तरीका टू स्टेट साल्यूशन है, जिसमें राजनीतिक रास्ता अपनाया जाए, सैन्य नहीं। आस्ट्रेलियाई पीएम ने कहा कि उन्होंने इसे लेकर नेतन्याहू से भी बात की। उन्होंने महसूस किया है कि उनके तर्क एक साल पहले के जैसे ही हैं। उन्होंने नेतन्याहू से कहा कि अब सैन्य समाधान नहीं, बल्कि राजनीतिक समाधान की जरूरत है। आस्ट्रेलिया ने फलस्तीन को मान्यता देने के पीछे कुछ शर्तें भी रखी हैं। पीएम अल्बनीज ने कहा कि फलस्तीन प्राधिकरण (पीए) को यह वादा करना होगा कि वह अपने नियंत्रण वाले इलाकों में हथियारबंद गुटों और मिलिशिया को खत्म करेगा। अल्बनीज ने कहा कि फलस्तीनी प्राधिकरण के अध्यक्ष महमूद अब्बास ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि भविष्य में होने वाले किसी भी फलस्तीनी राज्य में हमास की कोई भूमिका नहीं होगी। अल्बनीज ने कहा कि पीए ने उस सिस्टम को भी खत्म करने की बात कही है जिसमें इजरायल के लिए लड़ने वाले परिवारों को पैसे दिए जाते हैं। इसे अक्सर 'हत्या की कीमत' कहा जाता है। इसके अलावा अल्बनीज ने आम चुनाव करने और इजरायल के अस्तित्व के अधिकार को भी मान्यता देने की मांग की। फलस्तीनी प्राधिकरण ने आस्ट्रेलियाई सरकार के फैसले पर कहा कि एक अलग देश का दर्जा मिलना उनके आत्म निर्णय के अधिकार को बढ़ावा देता है।

# वॉशिंगटन से सभी बेघरों को हटाएंगे: ट्रम्प



- **अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा: कोई नरमी नहीं बरतूंगा, वाशिंगटन डीसी का साफ-सुथरा रहना जरूरी**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वाशिंगटन डीसी में बेघर लोगों को तुरंत राजधानी खाली करने का आदेश है। उन्होंने कहा कि यह फैसला अपराध की समस्या से निपटने के लिए लिया जा रहा है।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर लिखा कि बेघर लोगों को 'तुरंत' राजधानी से बाहर जाना होगा। बेघरों को रहने की जगह दी जाएगी, लेकिन वह जगह राजधानी से काफी दूर होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि अपराधियों को कहीं भेजने की जरूरत नहीं है, क्योंकि उन्हें सीधे जेल में डाला जाएगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर तंबुओं और गंदगी की तस्वीरें शेयर करते हुए कहा कि अब 'मिस्टर नाइस गाय (नरमी बतरने)' का समय नहीं है। अब राजधानी वाशिंगटन को वापस साफ और सुरक्षित बनाना होगा। ट्रम्प ने पहले भी कहा था कि शहरों से बेघर लोगों को हटाकर बाहर की सस्ती जमीन पर 'अच्छी गुणवत्ता वाले' टेंट में बसाया जाएगा। यहां उन्हें शौचालय और डाक्टर की सुविधा मिलेगी। ट्रम्प ने 24 जुलाई को एक आदेश पर हस्ताक्षर किए थे जिससे बेघर लोगों को गिरफ्तार करना आसान हो गया है। पिछले हफ्ते ट्रम्प ने दावा किया था कि वाशिंगटन में अपराध पूरी तरह से बेकाबू हो गया है। इस वजह से उन्होंने 450 अधिकारियों को शहर में तैनात किया था।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्म टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108